राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,

लखनऊ, सोमवार, 15 जुलाई 2024
वर्ष 05, अंक 285, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

भीगी आंखों के साथ निकाला सातवीं मोहर्रम का जुलूस...03

मथुरा जंक्शन पर निर्माण में भारी अनियमितता...12

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले को क्यों शरीयत के खिलाफ बता रहा AIMPLB?

स्वतंत्र प्रभात

AIMPLB ने SC के फैसले को शरीयत के खिलाफ बताया है. मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का कहना है कि अदालत का फैसला शरीयत से कॉन्फ्लिक्ट करता है और मुसलमान शरिया कानून को मानने के लिए पाबंद है. मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ अब ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कानूनी लड़ाई लड़ेगा. रविवार को दिल्ली में हुई बैठक के बाद AIMPLB के प्रवक्ता ने इसकी जानकारी दी. इसके अलावा बोर्ड ने बैठक में CC और वक्फ एक्ट को लेकर भी प्रस्ताव पास किया है. बैठक में AIMIM नेता असदुद्दीन ओवैसी समेत मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के 51 सदस्य शामिल।

**पर्सनल लॉ बोर्ड के फैसले की 3 बड़ी बातें**

**1. SC का फैसला शरिया कानून के खिलाफ**

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को शरियत के खिलाफ बताया है. ढ्ढरूक्चरु के प्रवक्ता सैयद कासिम रसूल इलियास ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला शरिया कानून से कॉन्फ्लिक्ट करता है. उन्होंने कहा कि मुसलमान शरिया कानून का पाबंद है. वो ऐसा कोई भी काम नहीं कर सकता जो शरिया से कॉन्फ्लिक्ट करता हो. उन्होंने कहा कि संविधान के आर्टिकल 25 में हमें अपने मजहब के अनुसार जिंदगी गुजारने की आजादी दी गई है, ये हमारा मौलिक अधिकार है. वहीं ढ्ढरूक्चरु की एग्जीक्यूटिव मेंबर मुनीसा ने भी स्ट के फैसले को शरीयत के खिलाफ बताया है. उन्होंने कहा है कि यह महिलाओं के हक में नहीं है।

**2. महिलाओं के लिए मुसीबत साबित होगा फैसला**

AIMPLB का कहना है कि सर्वोच्च अदालत के इस फैसले से मुस्लिम महिलाओं को कोई फायदा नहीं होगा बल्कि ये फैसला उनके लिए एक नई मुसीबत पैदा कर देगा. बोर्ड का कहना है कि अगर किसी शख्स को तलाक के बावजूद आजीवन पत्नी का खर्चा उठाना पड़ेगा तो फिर वो तलाक क्यों देगा? बोर्ड के प्रवक्ता ने दावा किया है कि इससे मुस्लिम महिलाओं को आजीवन मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा. उनका पति उन्हें तलाक न देकर आजीवन परेशान करता रहेगा।

**3. फैसले के खिलाफ लड़ेंगे कानूनी लड़ाई**

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक में तय किया गया है कि गुजारा भत्ता देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ेंगे. बैठक में वर्किंग कमेटी ने बोर्ड को अथॉरिटी दी है कि लीगल कमेटी से बात कर इस फैसले को रोलबैक करने की दिशा में काम किया जाए. बोर्ड के प्रवक्ता ने कहा है कि हमने ये महसूस किया है कि देश में हिंदुओं के लिए हिंदू कोड बिल है और मुसलमानों के लिए शरिया लॉ है. कोर्ट का ये फैसला शरियत से कॉन्फ्लिक्ट करता है लिहाजा हम पूरी कोशिश करेंगे कि इस फैसले को रोलबैक किया जाए।

**गुजारा भत्ता पर क्या था सुप्रीम कोर्ट का फैसला?**

10 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने तलाकशुदा महिलाओं को गुजारा भत्ता देने के एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा था कि मुस्लिम महिला भी CrPC की धारा 125



(वर्तमान BNSS की धारा 144) के तहत गुजारा भत्ता मांग सकती है. कोर्ट ने इस धारा को धर्मनिरपेक्ष बताते हुए कहा था कि हमारे संविधान में हर धर्म की महिला को समान हक देने का कानून है. इसलिए मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता पाने का उतना ही अधिकार है, जितना कि दूसरे धर्म की महिलाओं को. दरअसल तेलंगाना के एक शख्स ने धारा 125 के तहत अपनी तलाकशुदा पत्नी को भरण-पोषण दिए जाने को कोर्ट में चुनौती दी थी. जिसे जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने खारिज कर दिया था. सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का देश के तमाम बड़े मुस्लिम संगठन इसका विरोध कर रहे हैं. जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने भी कोर्ट के फैसले के खिलाफ नाराजगी जताई थी. जमीयत ने इसे शरिया कानून में दखल बताया था. वहीं आज AIMPLB ने बैठक कर साफ कर दिया है कि वो इस फैसले के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ने के मूड में है।

**CrPC की धारा 125 में क्या है प्रावधान?**

CrPC की धारा 125 (अब BNSS की धारा 144) पत्नी, बच्चों और माता-पिता के भरण पोषण का प्रावधान है. इसके अनुसार कोई भी व्यक्ति जिसके पास आजीविका के पर्याप्त साधन हैं वह पत्नी, बच्चों और माता-पिता को भरण-पोषण देने से इनकार नहीं कर सकता है. इसके तहत अगर पत्नी (जिसमें तलाकशुदा पत्नी भी शामिल है) अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ है तो वह अपने पति से भरण-पोषण मांगने की हकदार होगी।

**गुजारा भत्ता मामले में क्या चाहते हैं मुस्लिम संगठन?**

इस मामले में मुस्लिम संगठनों का मानना है कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला को गुजारा भत्ता शरीयत के हिसाब से ही दिया जाए. दरअसल 1985 में शाह बानो केस के बाद राजीव गांधी सरकार ने एक नया कानून बनाया था. मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 1986 के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को भरण-पोषण मांगने के लिए एक खास सिस्टम प्रदान किया गया. 1986 में बने कानून के मुताबिक तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को भरण-पोषण इद्दत (90 दिन) तक ही सीमित था, साथ ही भरण-पोषण के लिए उन्हें मिलने वाली रकम मेहर की रकम तक ही सीमित थी. मुस्लिम संगठन चाहते हैं तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को इसी कानून के तहत गुजारा भत्ता दिया जाए ना कि CrPC की धारा 125 के तहत।

# जेल में केजरीवाल को मारने की चल रही, उनको कुछ हुआ तो..., आप मंत्री ने आतिशी ने बीजेपी को लेकर क्या कहा?

स्वतंत्र प्रभात



**दिल्ली।** जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के गिरते सुगर लेवल को लेकर मंत्री आतिशी ने बीजेपी पर हमला बोला है. उन्होंने कहा बीजेपी साजिश रच रही है. सीएम के स्वास्थ्य को लेकर हम डॉक्टर, वकील के साथ भी डिसकस कर रहे है. अगर जरूरत पड़ेगी तो हम इसको कोर्ट लेकर भी जाएंगे. अरविंद केजरीवाल की सेहत को लेकर एक बार फिर आम आदमी पार्टी बीजेपी पर हमलावर है. दिल्ली सरकार में मंत्री और आप नेता आतिशी ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फर्जी केस में गिरफ्तार किया हुआ है. बीजेपी अरविंद केजरीवाल के काम को पसंद नहीं करती है. वो कभी भी स्कूल, हॉस्पिटल, बिजली हो, कही भी ऐसा काम नहीं कर सकती।

**सीबीआई की गिरफ्तारी को लेकर बीजेपी पर हमला**

उन्होंने कहा कि कोर्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री को इंसुलिन मिली और डॉक्टर मिला. ट्रायल कोर्ट ने जमानत दी तो बीजेपी को समझ आ गया की अरविंद केजरीवाल जल्द जेल से बाहर आएंगे. इस बीच CBI से छ्वरू अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कराया गया. CBI की गिरफ्तारी से छ्वरू अरविंद केजरीवाल जेल में है. ईडी के मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है.

**आतिशी बोलीं- सीएम को कुछ हुआ तो बीजेपी जिम्मेदार**

केजरीवाल सरकार की मंत्री ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को कुछ होता है तो बीजेपी इसके लिए जिम्मेदार होगी. अरविंद केजरीवाल पिछले 30 साल से शुगर के मरीज हैं. उनका सुगर लेवल 5 बार नीचे पहुंचा था. 21 मार्च से आज तक अरविंद केजरीवाल का वजन 8.50 किला कम हो गया है. वर्तमान में उनका वजन 61.5 किलो है. मुख्यमंत्री को कुछ हुआ तो देश तो क्या भगवान भी बीजेपी को माफ नहीं करेंगे।

**डॉक्टर बोले सुगर लेवल गिरने से ब्रेन हेमरेज हो सकता है**

वहीं, प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद डॉक्टर संदीप ने कहा कि मुख्यमंत्री का सुगर लेवल बार-बार कम हुआ है, यह तभी होगा जब पेशंट को प्रॉपर तरीके से इंसुलिन नहीं दे रहे है. डाइट सही नहीं दी जा रही है. या फिर ज्यादा इंसुलिन दे रहे है तब भी शुगर लेवल कम होगा. ऐसे में मरीज कोमा में भी जा सकता है. नींद में शुगर लेवल कम होना अच्छा नहीं होता है, ब्रेन हेमरेज भी हो सकता है. एक दूसरे डॉक्टर निम्मी रस्तोगी ने कहा कि सुगर खराब बीमारी है. अंदर से शरीर को खोखला कर देती है. जो समाज के लिए इतना योगदान कर रहा है उनकी हेल्थ के साथ खिलवाड़ हो रहा है. 5 बार रात में शुगर लेवल कम होना चिंता की बात है. अरविंद जी की हेल्थ को नुकसान पहुंच रहा है.

**केजरीवाल को कुछ हुआ तो बीजेपी जिम्मेदार-आतिशी**

जब केजरीवाल जी को ट्रायल कोर्ट ने बेल दे दी, तब BJP ने हाई कोर्ट पहुंचकर जमानत के खिलाफ ऑर्डर पास करा लिया। जब उन्हें लगा कि इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का आदेश आएगा तो केजरीवाल जी को CBI से फर्जी मामले में गिरफ्तार करवा दिया। आज जेल में अरविंद केजरीवाल जी को कुछ भी हो जाता है तो इसके लिए BJP जिम्मेदार होगी।

**'बीजेपी ने केजरीवाल के स्वास्थ्य पर हमला करने की रची साजिश'**

बीजेपी ने भी केजरीवाल जी के स्वास्थ्य पर हमला करने की साजिश रची है। उन्हें जेल में मारने की साजिश है। पहले भी तानाशाह अपने विरोधियों को जेल में डालकर उनके स्वास्थ्य को खराब करके जान लेने की कोशिश करते थे। ब्लक्क्की केंद्र सरकार ने पहले अरविंद केजरीवाल की दवा और इंसुलिन रोक दी। उनके डॉक्टर से उन्हें नहीं मिलने दिया। कोर्ट में जाने के बाद ही अरविंद केजरीवाल जी को इंसुलिन मिली और उन्हें डॉक्टर से सलाह लेने दी गई।

**वजन गिरना खतरनाक बीमारियों का संकेत- आतिशी**

आतिशी ने कहा कि अगर अरविंद केजरीवाल को स्ट्रोक आ जाता है या ब्रेन डैमेज हो जाता है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? जिस दिन श्वष्ठ ने केजरीवाल जी को गिरफ्तार किया था, तब उनका वजन 70 किलो था और आज उनका वजन 61.5 द्मद्द है। अचानक से इतना वजन गिरना खतरनाक बीमारियों का संकेत भी होता है। आज जेल में अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा है और अगर उन्हें कुछ भी हो जाता है तो BJP को भगवान भी माफ नहीं करेंगे।

## संक्षिप्त ख़बरें

**सरकारी अस्पताल के गेट पर अतिक्रमण, लग रहे फल व सब्जी के ठेले**



**महमूदाबाद-सीतापुर।** जनाब मुस्कुराइए क्योंकि आप नियमों को ताक पर रखने वाले नगर महमूदाबाद में हैं। आपको बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार पर काफी संख्या में फल व सब्जी के ठेले लगते हैं।जिनके कारण अक्सर मरीजो व तीमारदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बावजूद इसके ज़िम्मेदार कुंभकरणी नींद में सोए हुए हैं। लगभग एक वर्ष पूर्व में जनहित में मीडिया कर्मियों द्वारा उठाए गए इस मुद्दे पर नगर पालिका द्वारा ऐक्शन तो लिया गया था। मगर कुछ समय बाद नॉन वेंडिंग ज़ोन पर फिर से अवैध अतिक्रमण कर लिया गया जो अब भी निरन्तर जारी है। जिससे यह साबित होता है कि लोगों को जिम्मेदारों का बिल्कुल भी भय नहीं हैं।

**क्या बोले ज़िम्मेदार?**

मामले को लेकर अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र दुबे ने बताया कि एक साल पूर्व में सख्त हिदायत के साथ अवैध अतिक्रमण खाली करवाया गया था। जानकारी प्राप्त हुई है जल्द ही अभियान के तहत अवैध अतिक्रमण का सफाया किया जाएगा।


**नई किरण प्रोजेक्ट ने आठ बिखरते परिवारों को दुबारा से बसाया**



**कानपुर देहात।** पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात द्वारा चलाये जा रहे अभियान प्रोजेक्ट नई किरण में 08 परिवारों में आपसी सुलह समझौता कराकर पति-पत्नी खुशी-खुशी साथ रहने को राजी हो गये। नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रयोग की लोगों द्वारा सराहना की जा रही है।

# भू माफिया कर रहे मन्दिर की जमीन पर कब्जा न्याय के लिए भटक रहे पीड़ित

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई**/सवायजपुर तहसील क्षेत्र में लगातार सक्रिय है भूमाफिया मदनापुर ग्राम पंचायत में दबंगो भूमाफियाओं द्वारा खाद के गड्ढे नवीन परती बंजर ग्राम समाज रास्ता खेल के मैदान मन्दिर की जमीन सहित सैकड़ों बीघा जमनो पर अवैध कब्जा जमा रखा है जिसकी शिकायत पीड़ितों ने जनसुनवाई पोर्टल के साथ साथ डी एम एस पी उप जिलाधिकारी सवायजपुर मुख्यमंत्री से की जिस पर उपजिलाधिकारी सवायजपुर द्वारा हल्का लेखपाल व कानून गो को जाँच कर कार्यवाही हेतु आदेशित कर दिया।

ग्राम मदनापुर निवासी ओमकार बाजपेयी अश्वनी राजकुमार दिनेश प्रकाश आदि ने बताया कि मदनापुर गांव में दबंग भूमाफिया आकाश विकास पुत्र गण रामकुमार उर्फ छुन्नू ने मन्दिर की जमीन ग्राम सभा कैथा की गाटा सख्या 117 व 119 की 4 बीघा जमीन बाबा सिद्ध नाथ की खेतौनी में दर्ज है जिस पर गांव दबंग भूमाफिया आकाश विकास पुत्रगण छुन्नू निवासी मदनापुर थाना तहसील सवायजपुर जनपद हरदोई द्वारा चकरोड ग्राम समाज मन्दिर की जमीन सहित सैकड़ों बीघा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा जमाए हुए है लोगो के मना करने पर गाली गलौज करके जान से मारने की धमकियां देते है पीड़ितों ने जनसुनवाई पोर्टल पर जिला अधिकारी व मुख्यमंत्री सरकारी आवास पर जनता दर्शन में पहुचकर मन्दिर की जमन पर अवैध कब्जा छड़वाते हुए भूमाफियाओं पर भूमाफियों का मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

# अवैध खनन माफिया पर लेखपाल ने दर्ज कराया मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात




**कछौना, हरदोई।** कोतवाली कछौना क्षेत्र के अंतर्गत बड़े पैमाने पर अवैध रूप से मिट्टी खनन होता है। जिसे खनन विभाग व पुलिस प्रशासन का संरक्षण प्राप्त होता है। यह खनन माफिया तालाबों व सार्वजनिक भूमि से मिट्टी खनन का कार्य करते हैं। जिससे तालाबों का स्वरूप खराब हो रहा है। जिससे भविष्य में बरसात के मौसम में इन गड्ढों में जलभराव से लोगों की डूबने से जान चली जाती है। वहीं सार्वजनिक रास्तों की संपर्क मार्ग ध्वस्त हो रहे हैं। इन मिट्टी खनन माफियाओं के काकस के आगे कोई भी इनके खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत नहीं उठाता है। इसी क्रम में शनिवार को स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत पर उप जिलाधिकारी संडीला ने राजस्व टीम ने कडा निर्देश दिया।कानून-गो रविंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम राजस्व कर्मी अनूप शुक्ला, मोहम्मद सलमान, राहुल सिंह, अनुपम राठौर ने ग्राम सभा पतसेनी देहात के तालाब पौना में अवैध रूप से मिट्टी खनन करते हुए दो ट्रैक्टर ट्राली को पड़कर सीज किया। इसके बाद शेती लेखपाल अनूप शुक्ल द्वारा दिये गए शिकायत पत्र में बताया गया है कि राजस्व ग्राम पतसेनी, परगना व तहसील सण्डीला जनपद हरदोई की वर्तमान खेतोनी संख्या 1425.1430फ0 की खाता सं0- 320 की गाटा सं0-2918 छ/0.2910 हे0 छबीले तोताराम पुत्रगण झब्बू नि0 ग्राम आदि दर्ज कागजात संक्रमणीय भूमि धर है। उक्त गाटे मे शिवपाल पुत्र रामचरन नि0 भीरीघाट मजरा पतसेनी द्वारा मिट्टी खनन करते हुए पाया गया हैं, मौके पर मिट्टी खोदने से सम्बन्धित कोई भी कागजात नही दिखाये गये हैं। जिसके फलस्वरुप दोनो टैक्ट्र ट्राली मिट्टी भरी थाना कछौना के प्रांगण मे लाकर खड़ी कर कोतवाली कछौना के सपुर्दगी कर दी गई। क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा दी गई तहरीर के अधार पर अवैध मिट्टी खनन माफिया शिवपाल पुत्र रामरतन के विरुद्ध अवैध खनन के अन्तर्गत सुसंगत धाराओ मे मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। वहीं क्षेत्र के कई खनन माफिया लगातार कई वर्षो से मिट्टी खनन का कार्य बदस्तूर जारी है। इस कार्यवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

# नजूल की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण पर सिटी मजिस्ट्रेट ने अपनाया कड़ा रूख करवाया ध्वस्त

**● नगर पालिका गोंडा के सतई पुरवा तथा गुरुद्वारा के पास करोड़ों की नजूल के जमीन पर हो रहा था अतिक्रमण।निर्माण ध्वस्त करवाते हुए की विधिक कार्यवाही।**

स्वतंत्र प्रभात

**गोंडा।** जनपद में जहां अवैध अतिक्रमण को लेकर प्रशासन को खाली कराने में नाकों चना चबाने के बाद भी सफलता नहीं मिलती है। वहीं गोंडा के सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा नगर पालिका के नजूल की दो अलग अलग जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को मिंटो में खाली करवाते हुए विधिक कार्यवाही के साथ एक कड़ा संदेश दिया है।

**यदि सिटी मजिस्ट्रेट के नक्शे कदम पर तहसील प्रशासन भी हो जाए सजग तो जल भराव की समस्या से मिल सकती है निजात।जनपद के गोंडा सदर मनकापुर,तरबगंज तथा करनैलगंज में दर्जनों तालावों पर अवैध अतिक्रमण करके बने हैं पक्के भवन**

जनपद के नगर पालिका क्षेत्र गोंडा अंतर्गत सतई पुरवा तथा गुरुद्वारा के पास रविवार को सिटी मजिस्ट्रेट गोंडा विजय शर्मा नगर पालिका के नजूल की जमीन पर अतिक्रमण करते हुए पक्का निर्माण की सूचना मिली,तो सूचना मिलते ही तत्काल सिटी मजिस्ट्रेट एक्शन में आ गए और मौके पर स्वयं निरीक्षण करने के लिए पहुंचकर देखा तो सतई पुरवा में कन्हैयालाल जायसवाल द्वारा नगर पालिका की जमीन पर पक्का निर्माण कराया जा रहा था। सिटी मजिस्ट्रेट ने मौके पर ही अन्य मातहतों को बुलाकर जमीन की नवईयत देखी तो शिकायत सत्य पाई गई। जिसके बाद नजूल की जमीन होने के कारण सख़्त निर्णय लेते हुए सरकारी जमीन पर हुए अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करवा दिया।तथा अतिचारी के विरुद्ध लिखा पड़ी करके जनपद के अतिचारियों को एक कड़ा संदेश दिया है। इसी क्रम में जनपद के नगर पालिका क्षेत्र गोंडा में गुरुद्वारा के पास नजूल की जमीन पर एक साथ काफी एरिया में तीन लोगों प्रिंस सिंह,ऋषि कुमार कॉलानी तथा धनलाल गुप्ता द्वारा भी निर्माण करने की सूचना सिटी मजिस्ट्रेट गोंडा को मिली थी। जिसके संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट गोंडा विजय शर्मा ने मौके पर निरीक्षण किया तो मामला सत्य पाया गया, मौके पर तत्काल सिटी मजिस्ट्रेट ने निर्माण को रुकवाते हुए विधिक कार्यवाही के लिए ई ओ नगर पालिका गोंडा को निर्देश दिया है। नगर पालिका क्षेत्र के नजूल की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण के संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट गोंडा विजय शर्मा ने बताया कि रविवार को सतई पुरवा तथा नगर पालिका क्षेत्र के गुरुद्वारा के पास काफी एरिया में अतिक्रमण करते हुए पक्का निर्माण करने की खबर प्राप्त हुई थी।जिसमें मौके पर निरीक्षण किया गया तो मामला सत्य पाया गया। जिस पर कडा रुख अख्तियार करते हुए नगर के प्रिंस सिंह,ऋषि कुमार कॉलानी तथा धनलाल गुप्ता के निर्माण को रुकवा कर ई ओ गोंडा को विधिक कार्यवाही के लिए लिखा गया है।तथा दूसरी तरफ सतई पुरवा में नजूल की जमीन पर हुए निर्माण को ध्वस्त करवाकर विधिक कार्यवाही की गई है।बताते चले जनपद में थोड़ी सी भी बारिश होने के बाद जल भराव की समस्या आम हो रही है।इसका कहीं ना कहीं मुख्य कारण अतिक्रमण करते हुए तालाबों को पाट कर निर्माण कर लेना भी हो सकता है।



गांव,नगर व शहर में आबादी के बीच तथा अगल-बगल भी ऐसे कई तालाब स्थित रहते थे, जिनकी पानी भंडारण की असीमित क्षमता होती थी। लेकिन प्रशासन की ज़िम्मेदार तहसील प्रशासन की ढुलमुल नीति होने के कारण अधिकतम तालाबों पर अतिक्रमण करके पक्का निर्माण कर लिया गया जिससे बरसात का पानी निकलने का उचित व्यवस्था प्रबंध नहीं रह गया।परिणामता नगर, मोहल्ले कस्बे सहित गांव में जल भराव की समस्या आम हो रही है। तथा इन अतिचारियों की वजह से जनपद की धरोहर कहे जाने वाले कई तालाब विलुप्त होते जा रहे हैं,और ज़िम्मेदार तहसील प्रशासन हाथ पर हाथ रखकर तमाश बीन बना है।



# संक्षिप्त ख़बरें

## तेज रफ्तार कार ने पिता-पुत्र समेत तीन लोगों को रौदा एक की मौत



**बस्ती।** बस्ती जिले में लालगंज क्षेत्र के कुदरहा बाजार में अनियंत्रित कार ने सड़क के किनारे खड़े पिता-पुत्र समेत तीन लोगों को रौद दिया। मौके आटो चालक पिता अलीरजा (50) की मौत हो गई। घायलों को पीएचसी कुदरहा पहुंचाया, जहां पर डॉक्टर ने अलीरजा को मृत घोषित कर दिया।घायल महेंद्र को सिर में गंभीर चोट लगने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अलीरजा के बेटे इम्तियाज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार कलवारी की तरफ से कार सड़क के किनारे खड़े तीनों को रौंदते हुए आगे निकल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद चालक भाग गया। कार में बैठीं तीन महिलाओं और तीन बच्चों को पुलिस सुरक्षित चौकी ले आई। पूछताछ में महिलाओं ने बताया कि कूरी बाजार, क्षेत्र से भोर में अयोध्या दर्शन करने के लिए गए थे। लौटते वक्त चालक को झपकी आने से दुर्घटना हो गई। पीड़ित के परिजनों का आरोप है कि लालगंज पुलिस ने ड्राइवर को जान बूझकर भगा दिया। इस बाबत एसओ सुनील कुमार गौड़ ने बताया कि कार को कब्जे में ले लिया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की लाश मिली



**बस्ती** बस्ती जिले लालगंज थाना क्षेत्र के महसो पूरब टोला निवासी 35 वर्षीय काशी नाथ पांडेय पुत्र काम रु पांडेय पिछले कई दिनों से घर से बिना किसी को बताए कही चले गए थे। घर के लोगो ने काफी खोजबीन की परंतु कही पता नही चला रविवार को महसो राज महल के बगल तालाब में उतरता लाश मिला लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दिया घटना की सूचना मिलते ही मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकार रुधौली थानाध्यक्ष लालगंज घटना स्थल पर पहुंचे और लाश को बाहर निकलवाया और लोगो से लाश की पहचान करवाया तब पता चला कि लाश पूरब टोला निवासी काशी नाथ पांडेय की है। पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया

## संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब से बरामद हुआ 27 वर्षीय युवक का शव



**अम्बेडकरनगर।**टाण्डा कोतवाली क्षेत्र के भटौली गाँव मे स्थित एक तालाब से नारायणपुर निवासी 27 वर्षीय गगन मिश्रा पुत्र इंद्र मिश्र का शव बरामद हुआ। मृतक नशा का आदी बताया जा रहा है एवं दो दिनों से लापता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 वर्षीय गगन मिश्रा सनकी टाइप का व्यक्ति था। मृतक द्वारा लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व अपनी भाभी को दीवार से टकरा कर मौत के घाट उतार दिया गया था तथा 3-4 माह पूर्व ही जेल से रिहा हो कर आया था। मृतक नशा का आदी बताया जा रहा है जिसके कारण परिजनों व ग्रामीणों से अलग थलग रहता था। रविवार प्रातः काल भटौली तालाब से मृतक गगन मिश्रा का शव बरामद किया गया। मौके पर पहुंचे टाण्डा कोतवाली निरीक्षक दीपक सिंह रघुवंशी के निर्देश पर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। श्री रघुवंशी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा।




# बिजली विभाग पर ग्रामीणों ने लगाया गंभीर आरोप , डीएम व सीएम से शिकायत

**● - 11000 वोल्टेज तार ग्रामीणों के लिए बना मुसीबतघर के ऊपर लगे 11000 वोल्टेज तार को हटाने की मांग**

**- प्रधान प्रतिनिधि रण विजय चौधरी द्वारा किया जा रहा अथक प्रयास**



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के विद्युत उपकेंद्र कुसौरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत नरहरपुर के राजस्व गांव भटपुरवा के ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाया है और बिजली विभाग के खिलाफ जिला अधिकारी रवीश गुप्ता से एवं मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत किया है । ग्रामीणों ने आरोप लगाया है बिजली विभाग की लापरवाही कभी भी ग्रामीण पर भारी पड़ सकती है अर्थात 11000 वोल्टेज तार ग्रामीणों के जान का दुश्मन बना हुआ है और ग्रामीणों ने मांग किया है कि घर के ऊपर लगे 11000 वोल्टेज तार को हटाया जाएं और केबिल तार के माध्यम से बिजली सप्लाई की जाएं ताकि ग्रामीणों की सुरक्षा बनी रहे । प्रधान प्रतिनिधि रण विजय चौधरी ने ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए उच्च अधिकारियों से उक्त प्रकरण को अवगत कराया है ।

आपको बता दे कि ग्राम पंचायत नरहरपुर के राजस्व गांव भटपुरवा में 11000 वोल्टेज का खम्मा टूट गया है खम्मा टूटने से गरीब मजदूर राजाराम का सीमेंट का टीन टूट गया है और बिजली सप्लाई लगभग 10 दिनों से अधिक समय से बन्द है । भटपुरवा राजस्व गांव बहुत सघन है सघन घरों के बीच 11000 वोल्टेज का तार पूरे गांव में लगा हुआ है जब कभी आंधी तूफान और बरसात होता है तो 11000 वोल्टेज का तार पेड़ और घरों पर छूता जाता है जिससे बिजली के तार से हमेशा ग्रामीणों का खतरा बना रहता है क्योंकि कई बार 11000 वोल्टेज के तार घरों पर गिर चुके हैं और बड़ी घटना होने से बच गया है । बिजली विभाग 10 दिनों से पूरे गांव की बिजली काटकर कुंभकर्णी नींद में मस्त हो गया है चाहे ग्रामीणों को बिजली मिले या ना मिले अथवा 11000 वोल्टेज के तार से ग्रामीणों का नुकसान हो बिजली विभाग को इसकी कोई चिंता नहीं है । ग्रामीणों द्वारा लगातार बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों को लिखित सूचना दिया जा रहा है और मांग किया जा रहा है कि ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए गांव में बिछी 11000 वोल्टेज तार को हटाकर केबिल के माध्यम से बिजली सप्लाई दी जाएं । इस संबंध में अवर अभियंता ( जे ई ) कुसौरा से फोन के माध्यम से सीयूजी नंबर पर जानकारी लेना चाहा तो अवर अभियंता (जे ई ) ने मीडिया के फोन को रिसीव नहीं किया ।

# शिक्षक पर अनावश्यक दबाव न बनाये अधिकारी-उदयशंकर

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती ।** बस्ती जिले में अधिकारियों द्वारा छक्का उत्पीड़न ना किया शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा का गठन प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश के अनुरूप किया गया। मोर्चा की पहली बैठक प्रेस क्लब सभागार में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें सर्व सम्मत से पदाधिकारियो का चुनाव किया गया। मोर्चा में 15 शिक्षक संगठन शामिल हैं।

शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने बताया कि शिक्षक समस्याओं के समाधान हेतु मोर्चा का गठन किया गया है। बैठक में मोर्चा के संयोजक मण्डल में प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल, अटेवा जिलाध्यक्ष तौव्वाब अली, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष विष्णुदत्त शुक्ल, टीएससीटी जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार ओझा, आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष राम पराग चौधरी, प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ल, परिषदीय अनुदेशक संघ जिलाध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय, पूर्व माध्यमिक अनुदेशक कल्याण समिति जिलाध्यक्ष अमित सिंह और सह संयोजक मण्डल में प्राथमिक शिक्षक संघ जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, अटेवा के जिला मंत्री विजयनाथ तिवारी, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला मंत्री लालजी पाठक, टी.एस.सी.टी. के जिला प्रवक्ता राजेश कुमार, आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिला मंत्री अनिल कुमार द्विवेदी, परिषदीय अनुदेशक संघ के जिला मंत्री रमाकान्त चौधरी, प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ जिला मंत्री दिनेश उपाध्याय, पूर्व माध्यमिक अनुदेशक कल्याण समिति जिला कोषाध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव तथा मोर्चे के जिला कोषाध्यक्ष का दायित्व विजय प्रकाश चौधरी को सौंपा गया। इसके अतिरिक्त मोर्चे के जिला कार्य समिति सदस्य के रूप में अभय सिंह यादव, शैल शुक्ल, सच्चिदानन्द शुक्ल, चौधरी रूद्र प्रताप सिंह, अमरेश कुमार यादव को शामिल किया गया है।

# अपहृत छात्र का कुछ नहीं लगा पता, बस्ती पुलिस के हाथ खाली, धरने पर बैठे सपाई

स्वतंत्र प्रभात





**बस्ती।** बस्ती जिले के छात्र अपराह्न के मामले में पिकौरादत्तू से 12 जुलाई की दोपहर 0.2 बजे कुछ बदमाशों ने मोहित यादव नामक छात्र का अपहरण कर लिया था। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी, अपहरण की जानकारी होने पर पुलिस प्रशासन के होश उड़ गए थे, पुलिस अधीक्षक ने छात्रा के सकुशल बरामदगी व अपहरण कर्ताओं की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की आठ टीम लगाई थी मौके पर आईजी आरके भारद्वाज भी पहुंचे थे।

इधर छात्र की सकुशल बरामदगी के लिए समाजवादी पार्टी का एक डेलीगेट, रविवार को पुलिस अधीक्षक व डीएम से मिलकर छात्र के जल्द से जल्द बरामदगी किए जाने की बात कही थी। पुलिस अधीक्षक ने नेताओं को 12 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, जिनकी समय सीमा समाप्त हो गई।अल्टीमेटम की समय सीमा समाप्त होने के बाद समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष व बस्ती सदर विधायक महेंद्र यादव अपने कार्यकर्ताओं के साथ शास्त्री चौक पर बैठ गए उनका कहना है जब तक छात्र की बरामदगी नहीं हो जाती तब तक हम यहीं बैठे रहेंगे मौके पर एसडीएम सदर शत्रुघ्न पाठक, सीओ सदर शशि भूषण तिवारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी उनको मनाने में लगे हुए हैं विधायक का कहना है कि सत्ता पक्ष के लोग अपराधियों को बचा रहे हैं। सदर विधायक महेंद्र नाथ यादव एवं परिजनों को यह चिंता सता रही है कि कहीं मोहित यादव का हत्या तो नहीं हो गई।

# कांग्रेस से हटाये जायेंगें निष्क्रिय पदाधिकारी-महेन्द्र श्रीवास्तव

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी आरटीआई विभाग के प्रदेश महासचिव एवं बस्ती गोरखपुर मण्डल प्रभारी महेन्द्र श्रीवास्तव ने लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर हुई प्रदेश की बैठक से लौटकर बताया कि निष्क्रिय पदाधिकारी हटाये जायेंगे और उनके स्थान पर नये निष्ठावान लोगों को मौका दिया जायेगा। 13 सीटों पर हुये उप चुनाव में कांग्रेस और इण्डिया गठबंधन को 10 सीटों पर मिली जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये महेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि अयोध्या के बाद बद्रीनाथ में इण्डिया गठबंधन और कांग्रेस को मिली जीत से स्पष्ट है कि भाजपा के दिन अब लदने वाले हैं। कहा कि अहंकार के दिन लम्बे नहीं होते, बद्रीनाथ से कांग्रेस की जीत राजनीति के नये युग का संकेत है। दावा किया कि महाराष्ट्र, झारखण्ड और बिहार राज्य में होने वाले चुनाव और उत्तर प्रदेश के उप चुनाव में भी मतदाता भाजपा को नकारने का मन बना चुके हैं। राजनीति में अब मुद्दे चलेंगे, नफरत की राजनीति नहीं।

कांग्रेस नेता महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह और आरटीआई विभाग के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव के साथ ही अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजदूबी में संगठन को प्रभावी बनाने, आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विचार किया गया। महेन्द्र श्रीवास्तव ने बैठक में मुद्दा उठाया कि जिन जनपदों में कार्यवाहक अध्यक्ष है उन्हें पूर्ण दायित्व सौंपा जाय या नये अध्यक्ष की घोषणा की जाय। प्रदेश अध्यक्ष ने इस दिशा में शीघ्र पहल का आश्वासन दिया। कांग्रेस नेता महेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि अति शीघ्र कांग्रेस अपना पुराना गौरव हासिल कर लेगी, देश और उत्तर प्रदेश के मतदाता अब भाजपा के झांसे में आने वाले नहीं हैं।

# इमाम बारगाह तौक़ीर हुसैन में मर्सिए की मजलिस का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**उतरौला/बलरामपुर** सुभाष नगर स्थित इमामबरगाह मरहूम तौक़ीर हुसैन में एजाज़ रज़ा की ओर से एक मर्सिये(पंक्तियों में करबला की घटना का वर्णन)आयोजन किया गया जिसे लखनऊ से आए हुए मर्सिया ख्वां जनाब मुहम्मद हैदर ने सम्बोधित किया इस एतिहासिक मजलिस को पिछले पच्चास वर्षो तक विश्व विख्यात मर्सिया ख्वां हैदर नवाब जाफ़री लखनवी सम्बोधित करते थे,जिनका दो वर्ष पूर्व स्वर्गवास हो गया मजलिस से पूर्व शायरे अहले बैत शकील उतरौलवी और शुजा उतरौलवी ने करबला के शहीदों को अपने अशआर के द्वारा पुरसा पेश किया मजलिस को संबोधित करते हुए मुहम्मद हैदर साहब ने मौला हज़रत अब्बास की बहादुरी,जंग, सेना की अगुवाई वफ़ा और प्यास का विस्तृत वर्णन किया अंत में जब उन्होनें अपनी पक्तियों में हज़रत अब्बास की शहादत का ज़िक्र किया तो मजलिस में मौजूद सभी अज़ादारों की आंखे नम हो गई

इस अवसर पर मौलाना सिब्ते हैदर, एजाज़ रज़ा, वारिस रिज़वान, हसनैन आब्दी, फ़हमीद रज़ा, हिलाल रिज़वी, कमाल जाफ़री, अजमल रिज़वी, हैदर जाफ़री, अली नवाज़, अज़ीज़ जाफ़री, अली मुर्तुजा, खुशहाल रिज़वी, जौंन जाफ़री, अमान रिज़वी, शामिल रहे।

# फिर आई बाढ़ से मची तबाही

स्वतंत्र प्रभात





**गैसड़ी/बलरामपुर** पहाड़ी क्षेत्रों में भारी वर्षा होने के कारण चित्तौड़गढ़ जलाशय से पानी छोड़े जाने एवं पहाड़ी नालो में बाढ़ आ जाने से लोगों का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है क्षेत्रों में तबाही मच गई है कई स्थानों पर नव निर्मित मार्ग कट जाने से आवागमन भी बाधित हो गया है कई गाँव के लोग बाढ़ से घिर गये जहाँ लोगों को चार दिन पूर्व नाव उपलब्ध कराया गया था वही अब और संसाधन की आवश्यकता बढ़ती नजर आने लगी है अन्य संसाधन के अभाव में घर में प्रयोग होने वाला रोजमर्रा सामान की आपूर्ति नही कर पा रहे हैं । गौरतलब हो क्षेत्र में करीब दस दिनों से से लगातार हो रही बारिश के चलते पहाड़ी नकटी नाला, कटहा नाला, कवही नाला, बरूनी नाला, भांभर नाला, बूढ़ी राप्ती सहित अन्य कई नालों में बाढ़ ऊफान पर है जिससे रोपित धान का फसल व नर्सरी, गन्ना फसल व अरहर फसल पूर्ण रुप से करीब पांच दिनों से जलमग्न है तो वहीँ ब्लाक मुख्यालय से करीब बीस किलोमीटर दूर अल्लानगर हरनहवा के पास स्थित बूढ़ी राप्ती व कटहा पहाड़ी नाला में बाढ़ आने से गौरा बगनहवा अल्लानगर का सम्पर्क मार्ग भी अवरूद्ध हो गया है। गैसड़ी विस्कोहर मार्ग पर स्थित बखरकोटवा गाँव के डिप पर लोग किराया देकर स्थानीय लोगों के सहयोग से पार करते देखा गया। हरनहवा बगनहवा के बीच नाला पर पुल न होने से क्षेत्र वासियों के लिए भारी संकट बनी हुई है। पहाड़ी नाला पार करने के लिए छह माह करीब दर्जनों गांव के लोग नाव के सहारे रहते हैं। पुरानी नाव भी छतिग्रस्त होने से नाविक समेत ग्रामीणों में काफी दहशत है। ग्रामीणों ने नये नाव की व्यवस्था कराये जाने की मांग प्रशासन से की है। बूढ़ी राप्ती को पार कर क्षेत्र वासी ब्लाक मुख्यालय, जैतापुर, पिपरा , बिस्कोहर बाजार , तहसील मुख्यालय पहुंच कर रोजमर्रा के जरूरत की वस्तुओं की

खरीददारी करने के लिए प्रति ग्रामीणों को यहां से गुजरना पड़ता है। शनिवार को पहाड़ों पर हुई बारिश के चलते कई नदी नालों में ऊफान आ गया है। मदरहवा में कटान हो जाने से राम लखन भारती, जगन्नाथ, मिश्रीलाला, दशरथ प्रसाद, गुलाम हुसैन, रामसहाय, रामकेवल, रामतीरथ सहित कई लोगों का घर खतरे के निशान पर है कटान लगातार जारी रहा तो कभी भी नाले में समाहित हो सकता है इस सम्बन्ध में ग्रामीणों ने बाढ़ राहत / आपदा केन्द्र के कंट्रोल कार्यालय में सूचना दी लेकिन कोई ठोंस कदम नहीं उठाया गया। इस तरह हरनहवा बगनहवा के वासियों ने प्रशासन से शीघ्र ही नाव उपलब्ध कराये जाने की मांग की है। क्षेत्र के मदरहवा, बेलहसा , हरनहवा अल्लाह नगर , हरनहवा पूर्व डीह, व पश्चिम डीह, सुस्ता, मानपुर, बगनहवा , बखरकोटवा, मनकी, भदुई, कन्हईडीह, जिगनिहवा, गोड़ियनडीह, मुस्लिमडीह, चुकवा, मुरावनडीह, धोकरहा, हुब्बाडीह सहित कई गाँव बाढ़ से घिर गये है । क्षेत्रवासी राम लखन, सुनील कुमार पाण्डेय, मजान खान, माबूद खान, राम लखन भारती , संतराम , राजकिशोर यादव , फागु यादव , राजेंद्र प्रसाद समेत अन्य ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त नाव की जगह नये नाव की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है। ग्रामीण जिलाजीत यादव, राज किशोर यादव ,चंद्रपाल ,पन्नालाल, मोहन व कृष्ण लाल सहित लोगों ने कहा कि करीब दस दिनों से गांव बाढ़ से घिरा है जिससे लोगों को नाला पार करना जान जोखिम के बराबर है शासन व प्रशासन से अति शीघ्र नाव की उपलब्धता और बढ़ाये जाना महत्वपूर्ण है वही मानपुर गांव के पास नहर कट जाने से बाढ़ का पानी से सैलाब जैसे स्थिति बन गई है इस नहर कटान के रोकथाम के लिए पक्के आरसीसी निर्माण कराए जाने की मांग ग्रामीण राजेश्वरी प्रसाद चौधरी , प्रजापति चौधरी, रामबरन गुप्ता , सीताराम यादव , बाबूराम भारती , बृजेन्द्र बहादुर मौर्य सहित लोगों ने गांव के पश्चिम कटे हुए नहर की रोकथाम कराये जाने की मांग शासन व प्रशासन से की है ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस कटान को पक्के निर्माण कार्य कराकर नहीं रोका गया तो भविष्य में नदी जैसा रूप हो जाएगा। इस सम्बन्ध में एसडीएम अभय कुमार सिंह ने बताया कि सम्बंधित हल्का लेखपाल व अन्य को बाढ़ पर पैनी नजर रखने के लिए निर्देशित किया गया है पल पल की जानकारी लिया जा रहा है। आवश्यकतानुसार शीघ्र ही संसाधन उपलब्ध करा दिया जायेगा।

# भाजपा का कार्यकर्ता हतास न हो, हम जीतते है या सीखते है, कार्यकर्ता कभी हारता नही - हरीश द्विवेदी

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती।** बस्ती जिले के महादेवा और बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने कुदरहा निजी मैरेज हाल और भाजपा कार्यालय में मतदाता अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। इसमें विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों से आए मतदाताओं का सम्मान किया गया। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ निवर्तमान सांसद हरीश द्विवेदी और जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र पूर्व विधायक रवि सोनकर, अंकुर वर्मा, अनिल दुबे, पिन्टू तिवारी, राकेश श्रीवास्तव, प्रमोद पाण्डेय, अभिषेक कुमार, अरविन्द पाल ने किया। पूर्व सांसद ने पुष्प वर्षा कर कार्यकर्ता और मतदाताओ का अभिवादन किया।पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि हमारा अगला लक्ष्य 2027 है, हम सभी को अब उसी ओर देखना है। भाजपा के किसी कार्यकर्ता को हतास नही होना है, भाजपाई कभी हारते नही, हम जीतते है या सीखते है। पूर्व सांसद ने कहा मतदाताओं ने बहुत ही बढ़-चढ़कर भाजपा के सम्मान में वोट किया। सभी मतदाता बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने संघर्ष एवं कड़े परिश्रम से विगत लोकसभा चुनाव में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है इसके साथ ही हर वह मतदाता जिन्होंने अपना बहुमूल्य वोट देकर देश को सशक्त बनाने की दिशा में अपना योगदान दिया है वह अभिनंदन के पात्र है। यह कार्यकम आपको समर्पित है देश के करोड़ों देवतुल्य मतदाताओं के आशीर्वाद से देश में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा-एनडीए की सरकार बनी है। मैं आज यहाँ सभी उपस्थित मतदाता बंधुओ का अभिनंदन करते हुए यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस विजय की हार्दिक बधाई देता हूँ। कहा भारत की जनता ने पिछले 10 वर्षो के हमारी सरकार के ट्रैक रिकॉर्ड पर भरोसा जताया है और हमें तीसरी बार सुशासन जारी रखने का अवसर दिया है। जनता ने देखा है कि गरीबों के कल्याण के लिए हमारी सरकार ने जिस समर्पण- भाव से जनसेवा ही प्रथम सेवा इस मंत्र को कृतार्थ करते हुए, हमारी सरकार ने जो कार्य किया है उसके कारण 10 साल में 25 करोड़ गरीब गरीबी से बाहर निकले हैं। देश की आजादी के कालखंड में इतने कम समय में, इतने लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का ये सफल प्रयास इस चुनाव में हमारे लिए आशीर्वाद का कारण बना है।

जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा मैं सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं एवम मतदाता बंधुओं का आभार करता हूं जो कि इन्होंने इतनी कठिन परिश्रम से इतनी कड़ी धूप में संगठन को आगे ले जाने की गति दी, सभी को धन्यवाद प्रणाम एवं आभार।

कार्यक्रम का संचालन अमृत कुमार वर्मा ने किया, इस मौके पर पवन कसौधन, चन्द्र शेखर मुन्ना, राम चरन चौधरी, रोली सिंह, सुमन सिंह, जगदीश शुक्ल, प्रत्युष विक्रम सिंह, दिलीप पाण्डेय, गजेन्द्र सिंह, रघुनाथ सिंह, रवि चन्द्र पाण्डेय, विष्णु शुक्ल, अंकित पाण्डेय, महंत पाल, दुर्गेश अग्रहरी, विवेकानन्द शुक्ल, प्रेम प्रकाश चौधरी, ब्रह्म देव यादव देवा, परमानन्द सिंह, दिलीप भट्ट, इन्द्रजीत चौहान, सर्वजीत भारती, मनमोहन श्रीवास्तव काजू, ममता सिंह, अभिनव उपाध्याय, सुभाष श्रीवास्तव, परमेश्वर शुक्ल पप्पू आदि मौजूद रहे।

# हाय सकीना हाय अब्बास की सदाओं के बीच निकला अलम फातैहे फुरात का जुलूस

स्वतंत्र प्रभात



**उतरौला/बलरामपुर** हाय सकीना हाय अब्बास की सदाओ के बीच निकला अलम फातैहे फरात का जुलूस अंधेरे में छोटे छोटे बच्चो के हाथ में मशाल कर्बला के प्यासे बच्चों की याद में इमामे हुसैन की छोटी चार साला बेटी हज़रत सकीना और हज़रत अब्बास की याद में हाय सकीना हाय अब्बास की सादाओ के बीच निकला जुलूस । मोहल्ला रफी नगर में रात्रि 10.30 बजे स्व0 मीर शौकत साहब के इमामबाड़े में जुलूस की कदीमी मजलिस हुई जिसके बाद अलम हज़रत अब्बास बरामद हुआ जो कि नगर के मुख्य मार्गो से हो कर अपने तय रुट गांधी पार्क नेहरू क्रॉस कस्बा पुलिस चौकी हो कर मोहल्ला पटेल नगर के स्व0 मीर तौकीर हुसैन के इमामबाड़े में रात्रि 3 बजे सम्पन्न हुआ जुलूस में स्थानीय अंजुमन कमरे बनी हाशिम के नोहा खवानों अली हसन जाफर मास्टर शारिब मुसय्यब जाफरी ईफ्फु जाफरी शहजादे जाफरी अली जाफरी आदि ने मसायबी नोहे पेश किए जिस पर अंजुमन के सदस्यों राशिद हसन रज़ा ओन मोहम्मद कशान अशकार अशरफ शारीफ सलमान अब्दी हानी जाफरी शावेज़ अम्बर रिज़वी अम्मार रिज़वी समन हैदर सैफ रिज़वी अबुल रिज़वी अलीनवाज रिज़वी मीसम रिज़वी मोनिस रिज़वी फूलमियां तुफैल अली रिज़वी काजिम मोहसिन रिज़वी मोनू अशरफ रिज़वी अल्लू आदि ने जम कर सीनाजनी की जुलूस में मौलाना सिब्ते हैदर मौलाना मोहम्मद अली मोलाना फिदा हुसैन रिज़वी अनीसुल हसन माही मेंहदी एडोकेट ज़ीशान अब्दी डॉ नेहाल डॉ आरिफ मीनू रिज़वी फैसल इमाम शीजान जाफरी कमाल जाफरी अन्नू जाफरी आमिर जाफरी नशशन रिज़वी अशीर रिज़वी असलम रिज़वी अली अब्बास रिज़वी अली अब्बास जाफरी अज़ीज़ रिज़वी डॉ अलीनवाज सैफ अली रिज़वी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे जुलूस में पुलिस प्रशासन मुतैद रहा ।

# जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने बाढ़ प्रभावित गांव कटरा में मेडिकल कैम्प लगाकर बाढ़ पीड़ितों को दवा वितरण किया

स्वतंत्र प्रभात



**उतरौला/बलरामपुर** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने बाढ़ प्रभावित गांव कटरा में मेडिकल कैम्प लगाकर बाढ़ पीड़ितों को दवा का वितरण किया जा रहा है। इसकी जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला अधीक्षक सीपी सिंह ने देते हुए बताया कि जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बाढ़ प्रभावित गांव कटरा का दौरा किया था उस दिन उन्होंने विभाग को इस गांव में स्वस्थ्य कैम्प लगाने का निर्देश दिया था। इस पर शनिवार को कटरा गांव में स्वास्थ्य कैम्प लगाया गया। इस कैम्प में डा पकज गुप्ता व डा नसरूदीन, फार्मेसिस्ट अहमद, आंख विशेषज्ञ शैलेन्द्र राव, एल टी मुकेश कुमार मौर्य, एएनएम स्वेता, माधुरी यादव, पूजा यादव, एल एच बी लक्ष्मी देवी समेत कई स्वास्थ्य कर्मी को तैनात किया गया है। इस कैम्प में दस्त,उल्टी, बुखार, सर्दी जुकाम, खजुलाहट बीमारी से पीड़ित मरीजों को दवा दी जा रही है। इसमें रोगी के खून टेस्ट मौके पर ही करवाया जा रहा है। बाढ़ जनित बीमारियों से बचाव के लिए क्लोरीन गोली, ओआर एस पावडर, नाइट्रोजिल का वितरण किया जा रहा है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने की अपराध की समीक्षा



**कानपुर।** आज दिनांक 14.07.2024 को पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा पूर्वी जोन के समस्त पेशी कार्यालय व सभी थानों के अपराध रजिस्टर न. 4 की पुलिस उपायुक्त पूर्वी कार्यालय पर समीक्षा की गई व सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## आयुष्मान कार्ड धारकों को बड़े निजी अस्पतालों में असुविधा




**कानपुर।** केन्द्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान कार्ड धारकों को कानपुर के अप्रूव्ड बड़े अस्पतालों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पहले तो ये अस्पताल एप्रूवल के नाम पर घंटों लगा देते हैं और उसके बाद तमाम एक्स्ट्रा खर्च भी बता देते हैं। अभी एक ताजा मामला कानपुर के फैमस भार्गव अस्पताल का है जहां पर अस्पताल कर्मचारी मरीज के तीमारदार से कहता है कि आयुष्मान कार्ड को एप्रूवल होने में छै घंटे लगते हैं। जब कि आदेश यह है कि आयुष्मान कार्ड धारकों को पहले स्वस्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाए और फिर उस कार्ड को एप्रूवल कराया जाए। लेकिन यह नामी अस्पताल पहले कैश वाले मरीजों पर ध्यान देते हैं और बाद में। आयुष्मान कार्ड धारकों की सुनते हैं। लोगों का कहना है कि आयुष्मान कार्ड धारकों का पैसा सरकार से मिलने में देरी होती है इसलिए यह बड़े अस्पताल पहले इनको टालने की कोशिश करते हैं और बाद में जब मरीज़ के तीमारदार अड़ जाते हैं तब ही यह कार्यवाही करते हैं। आयुष्मान कार्ड केन्द्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है और देश के ग़रीबी रेखा से नीचे वाले लोगों को यह स्वास्थ्य सुविधा फ्री में केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है। इसका पूरा पैसा केन्द्र व्यय करता है। लेकिन इस प्रक्रिया में कुछ समय लग जाता है। इसलिए यह अस्पताल आनाकानी करते हैं।

## बाइक की आमने सामने से हुई टक्कर,शख्स जिला मुख्यालय रेफर

**महमूदाबाद-सीतापुर** दो दिन पूर्व खरीदी प्लेटिना बाइक लेकर मजार जा रहे शक्स की बाइक सामने से आ रही अज्ञात बाइक से टकरा गई। जिसके कारण एक शक्श बुरी तरह से जख्मी हो गया। आनन फानन में जब उसका भतीजा राजू चोटिल को सीएचसी लाया तो चिकित्सकों ने उसका प्रारंभिक इलाज कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।दरअसल लगभग 35 वर्षीय दिनेश कुमार पुत्र बहादुर निवासी लोनियनपुरवा अपनी बाइक नटबीर बाबा की मजार के लिए घर से दर्शन के लिए जा रहा था। तभी अचानक शमशाबाद रोड के निकट मजार के करीब ही एक अज्ञात बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। शख्स को जख्मी हालत में देख आसपास के लोगों ने मोबाइल की मदद से उसके भतीजे राजू से बात कर घटना के बारे में अवगत कराया। जिसके बाद सरकारी एंबुलेंस की मदद से चोटिल को सीएचसी महमूदाबाद लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्रारंभिक इलाज कर चोटिल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला मुख्यालय रेफर कर दिया गया।

## कटे फटे होंठ व तालू का संस्था करा रही निशुल्क ऑपरेशन

### श्यामा हॉस्पिटल में लगाया गया मेडिकल कैम्प



**महमूदाबाद-सीतापुर** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के कोतवाली रोड स्थित श्यामा हॉस्पिटल में स्माइल ट्रेन संस्था द्वारा बच्चों के कटे फटे होंठ और तालू के निशुल्क इलाज के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया। जिसमें लगभग 70 बच्चों का रजिस्ट्रेशन हुआ साथ हीं करीब 50 बच्चों को संस्था द्वारा लखनऊ स्थित हॉस्पिटल में ऑपरेशन के लिए स्वयं के खर्चे से भेजा गया। इलाज के दौरान संस्था द्वारा आने जाने,रहने - खाने आदि का खर्च भी उठाया जाता है। श्यामा हॉस्पिटल के डॉक्टर अनूप रस्तोगी ने बताया कि स्माइल ट्रेन संस्था द्वारा समाज में बेहतर पहल की जा रही है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के निर्धन परिवारों के बच्चे भी निशुल्क इलाज करवा पाने में संभव हैं।

# संस्कृतभारती अवधप्रान्त की समीक्षा गौष्ठी महत्वपूर्ण संगठनात्मक निर्णयों के साथ सम्पन्न-जितेन्द्र प्रताप सिंह

**स्वतंत्र प्रभात**





आज लक्ष्मण की नगरी मे संस्कृतभारती अवधप्रान्त की एक दिवसीय समीक्षा गौष्ठी मे छः जनपदों के दायित्वधारी प्रतिनिधियों की सहभागिता मे संस्कृतभारती कार्यालय शिवमन्दिर परिसर मे सम्पन्न हुई। अवधप्रान्त के सम्पर्क प्रमुख जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि गौष्ठी प्रातः 10 बजे से सरस्वती वन्दना पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ हुई व आगामी माह मे संगठन को लोकप्रिय व लोकोपयोगी बनाने हेतू सम्पर्क अभियान चलाकर जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी को संकल्पित किया। शोभन लाल उकील अध्यक्ष, अनिल कुमार मंत्री, जितेन्द्र प्रताप सिंह सम्पर्क प्रमुख, रत्नेश मणि त्रिपाठी सहमंत्री संस्कृतभारती अवधप्रान्त ने गौष्ठी को सम्बोधित करते हुए चार सत्रों मे संगठनात्मक परिचर्चा मे सभी सहभागियों ने संस्कृत सप्ताह को परम्परागत ढंग से 16 अगस्त 2024 से 22 अगस्त 2024 तक सभी जनपदों मे धूमधाम से मनाया जाएगा। सभी जनपदों मे शिक्षण संस्थानों, सामाजिक, धार्मिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान मे छात्र छात्राओं, समाज के सभी वर्गों संग मिलकर विभिन्न प्रतियोगितात्मक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय हुआ।

संस्कृत सप्ताह को सफल बनाए जाने के लिए सभी प्रांतीय पदाधिकारीगण जनपदों का भ्रमण कर कार्यक्रम को दिशा प्रदान करेंगे।इस गौष्ठी मे क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रमोद पंडित जी पर्यवेक्षक की भूमिका मे उपस्थित रहे व उन्होंने नीतिगत उपाय बताते हुए मार्गदर्शन प्रदान किआ। जितेन्द्र प्रताप सिंह अध्यक्ष संस्कृतभारतीन्यास अवधप्रान्त ने सभी सहभागियों को न्यास को वर्तमान परिदृश्य मे सुदृढ बनाने की अपील की।

# भीगी आंखों के साथ निकाला सातवीं मोहर्रम का जुलूस

**स्वतंत्र प्रभात**

**महमूदाबाद-सीतापुर।** महमूदाबाद नगर सहित तहसील क्षेत्र के बांसुरा, सदरपुर आदि कस्बों में मोहर्रम की सातवीं का जुलूस शांतिपूर्वक अपनी शाही साजो-सज्जा के साथ निकाला गया। आपको बता दें कि शोहदाये इस्लाम और मुसलमानो के आखरी नबी मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हसन और इमाम हुसैन करबला के मैदान में इस्लाम को बचाने के लिए इसी माह ए मोहर्रम में यजीदी फौज से लड़ते हुए शहीद हो गए थे। उन्ही की शहादत को याद करते हुए दुनिया भर के मुसलमान इस महीने में गम का इजहार करते हैं।और मोहर्रम की एक तारीख से 10 तारीख तक अपने घरों में एशाल ए सवाब के लिए मजलिस और नोहा ख्वानी करते हैं।

इस्लामिक गाथाओं के मुताबिक इस्लाम धर्म के संथापक मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन और याजीदी फौज से इराक के करबला में जंग हुई थी, इसी जंग में हजरत इमाम हुसैन अपने परिवार के 72 लोगों जिनमें बूढ़े, बच्चे, जवान, महिलाएं, सब शामिल थे, जो अपने नाना जान मोहम्मद साहब के दीन इस्लाम को बचाने के लिए लाखों की तादाद में मौजूद यजीदी लश्कर से जंग लड़ते हुए शहीद हो गए थे।उसी की याद में इस दौर में उनके मानने वाले लोग पूरी अकीदत के साथ मोहर्रम का पर्व मनाते हैं, जिसमे जुलूसों के अलावा आजादरी के साथ साथ ताजियेदारी, मातम कर लोग अपने गम का इजहार करते हैं। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए महमूदाबाद नगर के खुदागंज मोहल्ले से, बांसुरा गांव स्थित स्वर्गीय मुन्ना मियां के इमामबाड़े से और कस्बा सदरपुर के किले से रविवार को मोहर्रम की सातवीं का जुलूस निकाला गया। लोगों ने अपने हाथों में अलम लेकर नोहा ख्वानी करते हुए अपने कदीमी



रास्तों से निकले। रास्ते में किसी का कोई अवरोध न हो जिसके लिए सभी जगह पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। हजरत इमाम हुसैन को मानने वालों ने पुलाव, मलीदा, शराबत खीर सहित तमाम चीज तबर्रुक के रूप में बांटी।

# 16 जोड़ो ने साथ रहने की खाई क़सम

**स्वतंत्र प्रभात**

**हरदोई-** सन्मानी वैश्य समाज की ओर से आयोजित चतुर्थ दहेज रहित आदर्श सामूहिक विवाह समारोह का राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल के दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। चतुर्थ दहेज रहित विवाह समारोह में कई जनपदों से आये 16 जोड़े आज विधि विधान से विवाह संम्पन्न कराया गया। आज सनमानी वैश्य धर्मशाला से बारात बैंड बाजे के साथ रेलवे गंज से श्रीराम जानकी मंदिर निकली जहां बारात का स्वागत नवीन गल्ला मंडी अध्यक्ष श्यामा कुमार गुप्ता उर्फ़ टीटू, महामंत्री संजय गुप्ता ने बारातियों को माला पहनाकर स्वागत किया।




मुख्य मंच से तीन तीन जोड़ो का जयमाल कराया गया और वेदी पर विधि विधान से विवाह संम्पन्न कराया। नवीन गल्ला मंडी अध्यक्ष श्यामा कुमार गुप्ता उर्फ़ टीटू ने बताया वर वधु को समिति की ओर से बेड,गद्दा, चादर , कंबल, तकिया, मेकप बॉक्स, लहंगा, नाक का फूल, कान की बाली, मंगलसूत्र पायल, बिछिया, 6 साडिया, प्रेस, पंखा, बक्सा, डिनर सेट, वाटरकुलर, ट्रालीबेग, प्रेशर कुकर, 7 बर्तन, पवाली वाली आरती, कटोरी, गैस चूल्हा, हाट केश, चावल 10 किलो, आटा 25 किलो, दाल 5 किलो, चना 2 किलो, शक्कर 5 किलो जोड़ो को दिए जा रहे हैं।।

16 जोड़ो के नाम अंशुमन गुप्ता-अंजली गुप्ता, गोविंद गुप्ता-पारुल गुप्ता, अनूप गुप्ता-सौम्या गुप्ता, रजनीश गुप्ता- वैष्णवी गुप्ता, सदनकुमार गुप्ता-मंशा देवी, अजीत गुप्ता-आरती देवी, राजकमल-सुनैना, जैकी गुप्ता-सोनी गुप्ता, कपिल गुप्ता-वैष्णो गुप्ता, दिनेश कुमार गुप्ता-प्रिया गुप्ता, श्याम गुप्ता- प्रतिभा देवी, आलोक कुमार-धनदेवी उर्फ आकांक्षा, अंशु गुप्ता-काजल, अजीत कुमार-कंचन, संजय गुप्ता-रोली गुप्ता, विकास गुप्ता-रीना मंच का संचालन रजनीश गुप्ता, संदीप गुप्ता, विपिन गुप्ता ने किया। इस मौके पर वैश्य समाज के बंधु- महामंत्री- संजय गुप्ता, महामंत्री- हरिष्याम गुप्ता पीलू, वरिष्ठ मंत्री- रजनीश गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष- रावेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष- सूरज गुप्ता अनूप गुप्ता, सचिन गुप्ता, मनोज गुप्ता, संजय टड़ियावां, मुकेश बाबू मुंशी, सुशील गुप्ता गौशाला अध्यक्ष- संदीप गुप्ता महामंत्री- रामकुमार गुप्ता अनिल गुप्ता, दयाराम गुप्ता, उमेश गुप्ता, आलोक गुप्ता, सुधीर बनिया, शिवांशु गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, जुगल किशोर गुप्ता, कैलाश नरापन गुप्ता, रामदास नेता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# प्राचीन व पौराणिक माँ कामाख्या देवी मंदिर में द्वितीय दिवसीय माँ दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा का विधि विधान से हुआ आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात**

**कछौना(हरदोई)** कछौना के प्राचीन व पौराणिक स्थल माँ कामाख्या मंदिर में नोएडा गाजियाबाद के व्यापारी भारत गुप्ता ने मंदिर परिसर में द्वितीय दिवसीय माँ दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान से की गई, जिसमें पंकज शास्त्री द्वारा सभी धार्मिक आयोजन वेदीपूजन, अधिवास, कलश यात्रा, माताजी का महास्नान, मूर्ति शोभायात्रा, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, हवन, कन्यापूजन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।




बताते चलें कि यह मंदिर काफी प्राचीन है जिसमें माँ कामाख्या देवी की मूर्ति एक कुंड में स्थित है। मान्यता है कि जो व्यक्ति सच्चे मन से मनोकामना करता है, उसकी मनोकामना पूर्ण होती है। यह बहुत रमणीक स्थल पर स्थापित है जिसमें वर्ष में दो बड़े मेलों का आयोजन होता है। इस मंदिर परिसर में हनुमान जी, राम जी, सीता मैया, लक्ष्मण जी, शंकर जी व दुर्गा माता जी का मंदिर स्थापित है। एक हवन कुंड है, एक टीन शेड है, एक कुआं है। एक क्षेत्र पंचायत का सामुदायिक शौचालय दो वर्ष पूर्व बना था जो अभी तक अपूर्ण पड़ा है। कार्य की गुणवत्ता खराब होने के कारण अनुपयोगी है। इस मंदिर में दर्शन हेतु दूर दराज व ग्रामीण क्षेत्र सहित शहरों में इसकी प्रसिद्धि है।इस अवसर पर पुरुष, महिलाएं, बच्चों सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग रामनिवास गुप्ता, टेक चंद, रामनिवास गुप्ता, अरविंद गुप्ता, श्याम सिंह, संदीप सिंह, कुलदीप सिंह, विनय सिंह, विमल व अजीत ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम से पूरा परिसर आध्यात्मिक वातावरण से गुंजायमान हो गया।

# जिलाधिकारी ने किया मेधावी बच्चों को सम्मानित

**स्वतंत्र प्रभात**

**हरदोई** गाँधी भवन में एसएसएन जन कल्याण समिति के तत्वाधान में मेधावी बालिका सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के आयोजकों की ओर से जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को हरित पौध भेंट किया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से अपने अभिभावकों व शिक्षकों के साथ आयी कन्याओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से मेधावी प्रतिभाओं को




प्रेरणा मिलती है। बालिकाओं के बीच छिपी मेधा के प्रोत्साहन के लिए समिति का प्रयास सराहनीय है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बालिकाओं को इस प्रकार का सम्मान मिलने से अन्य बालिकाओं को प्रेरणा मिलेगी। समिति के संरक्षक डॉ सीपी कटियार ने कहा कि संस्था लम्बे समय से इस प्रकार के कार्यक्रम करती रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे।



# कार्यालय ग्राम पंचायत कठवारा विकासखंड बीकेटी लखनऊ

पत्रांक मेमो / निविदा सूचना / 2023-24 दिनांक-15/07/2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023/24 में मनरेगा योजना से निर्माण कार्य कराया जाना है उक्त कार्य स्थलों पर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत फर्मों द्वारा प्रथम ईट, मोरंग, सीमेंट, ईट गिट्टी, बालू ब्रिक इंटर लाकिंग ब्रिक सहित अन्य सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक आपूर्तिकर्ता 14/07/2024 से 20/07/2024 को किसी भी कार्य दिवस में अपराहन 2 बजे तक ग्राम पंचायत कठवारा कार्यालय पर निविदा जमा कर सकते हैं। जिसे 20/07/2024 को 4 बजे खोली जाएगी।

| | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| (1) | कार्य का नाम-ग्राम समाज की भूमि पर वृक्षारोपण | प्राक्कलन अनुसार |

**नियम व शर्ते-**

टेंडर फार्म उपरोक्त कार्यालय दिवस में 100 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा में सम्मिलित दर सभी कर सहित एवं लोक निर्माण विभाग की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होनी चाहिए। सारे विवरण एवं सामग्री संबंधित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति कार्य स्वीकृत होने के उपरांत की जाएगी। आयकर व बिक्री दर नियमानुसार कटौती की जाएगी। समस्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। बिना कारण बताए किसी भी समय निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। अनुबंध स्वीकृत होने के उपरांत दर संशोधित होने तक अथवा कार्यपूर्ति तक समय से सामग्री आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।

**दिनेश पाण्डेय**
**ग्राम पंचायत सचिव कठवारा**
**विकासखंड बीकेटी लखनऊ**

**अशोक कुमार**
**ग्राम प्रधान - कठवारा**
**विकासखंड- बीकेटी, लखनऊ**


# कानपुर में नहीं थम रहा है अवैध स्टैंड और वसूली का खेल

**● - नौबस्ता में स्टैंड संचालक की हुई हत्या बाद भी से पनकी पुलिस ने नहीं लिया सबक, बराबर हो रही है वसूली भाटिया तिराहे पर वसूली को लेकर आए दिन होता है विवाद**

**स्वतंत्र प्रभात**

**कानपुर।** महानगर में पुलिस को ज्यादातर इलाकों में अवैध टैक्सी स्टैंड की है वहीं दबंग संचालक मनमाने ढंग से ऑटो और टेंपो चालकों से अवैध वसूली कर रहे है और पुलिस मूकदर्शक बनी सब कुछ जानते हुए भी अनजान बनी रहती है। यही कारण था कि पिछले दिनों नौबस्ता थाना क्षेत्र के बाईपास चौराहे के पास चल रहे अवैध स्टैंड में वसूली को लेकर वह विवाद के कारण युवा स्टैंड संचालक की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद ही नौबस्ता थाना व चौकी प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मी सस्पेंड कर दिया गया था। इस हत्याकांड से भी कई थानों की पुलिस अभी तक सुधारने का नाम नहीं ले रही है वहीं बकायदा पुलिस बराबर स्टैंड संचालकों को संरक्षण दे रही है पनकी स्थिति भाटिया तिराहा और घंटाघर के पास बराबर स्टैंड चल रहा है और वसूली भी की जा रही है।

वहीं पुलिस जानकर भी अनजान बनी हुई है अगर पनकी के भाटिया तिराहे की बात की जाए तो अवैध स्टैंड के कारण आए दिन वहां पर वसूली को लेकर विवाद होते रहते हैं और जाम भी लगा रहता है यही नहीं चल रहे अवैध ऑटो स्टैंड में कुछ लोग वहां पर गाड़ियों में सवारी बैठने के नाम पर जबरन अवैध वसूली करते है। इस दौरान अगर कोई वसूली के पैसे नहीं देता तो उनकी गाड़ियों को तत्काल पुलिस को बुलाकर सीज करा दिया जाता है। स्टैंड संचालक के कहने पर स्थानीय पुलिस तत्काल प्रभाव से मौके पर आकर कार्रवाई जरूर



करती है लेकिन सवाल उठता है कि जब पुलिस को इससे क्या लाभ है यह एक प्रश्न चिन्ह है। बताया जाता है कि स्टैंड पर उपस्थित लोग इतने दबंग हैं कि गाड़ी वालों से मारपीट करके जबरन अवैध वसूली करते हैं। आज वहां पर कुछ लोगों और दुकानदारों ने इन लोगों के बारे में खुलकर बताया कि चौराहे पर ऑटो और टेंपो चालकों से वसूली को लेकर मारपीट होना अब आम बात हो गई है। मगर समझ में नहीं आता कि इतना सब कुछ होने के बावजूद भी पनकी पुलिस शांत क्यों बैठी है।

# कानपुर एयरपोर्ट का नाम "जनकनंदिनी हवाईअड्डा" रखने की मांग

**● - जन सामना के संपादक, वरिष्ठ पत्रकार और प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य श्याम सिंह पंवार ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर की मांग।**

**स्वतंत्र प्रभात**

**कानपुर।** वरिष्ठ पत्रकार, जन सामन कानपुर के संपादक, और प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य श्याम सिंह पंवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पत्र लिखकर कानपुर हवाई अड्डे का नाम बदलकर "जनकनंदिनी हवाईअड्डा" करने की मांग की है। इस बात का समर्थन कानपुर के अन्य पत्रकारों ने भी किया है। वरिष्ठ पत्रकार श्याम सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का कानपुर से बहुत गहरा संबंध है ऐसा इतिहास में कहा गया है कि श्रीराम जी की अर्धांगिनी सीता मां ने बनवास के समय बिठूर स्थिति बाल्मीकि आश्रम में काफी समय व्यतीत किया था। उन्होंने कहा कि श्रीराम जी की जन्म और कर्म स्थली को बिठूर स्थिति बाल्मीकि आश्रम ही बताया गया है।

श्याम सिंह पंवार ने मुख्यमंत्री से विनम्र आग्रह किया है कि कानपुर वासियों की इस मांग को मानकर कानपुर के इतिहास में एक और पन्ना जोड़ने की कृपा करें। सोशल मीडिया पर इस मांग का समर्थन कानपुर जनपद के अन्य पत्रकारों ने भी किया है। यदि मुख्यमंत्री ने यह बात मान ली तो उनकी यह मांग कानपुर वासियों के लिए बहुत ही गौरवशाली होगा। कानपुर का बिठूर क्षेत्र भारतीय इतिहास और पौराणिक कथाओं में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। बहुत दूर दूर से लोग बिठूर आते हैं।



झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का बचपन भी बिठूर में बीता था और यहीं उन्होंने युद्ध कला सीखी थी। आज भी बिठूर में नाना राव पार्क में एक म्यूजियम मौजूद है जहां महान क्रांतिकारी नाना राव पेशवा के हथियार मौजूद हैं। नाना राव पेशवा के संरक्षण में रानी लक्ष्मीबाई ने युद्ध कौशल सीखा था।


# जाजमऊ की नाज लैदर फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**● - दमकल कर्मियों ने अथक परिश्रम से पाया आग पर काबू**

**स्वतंत्र प्रभात**

**कानपुर।** आज दिनांक 14.07.24 को नाज लेदर फैक्ट्री जाजमऊ में भीषण आग की सूचना पर हड़कंप मच गया इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सीएफओ के नेतृत्व में कुल 07 यूनिटों द्वारा लगभग 10 घंटे उच्च ताप एवं जहरीले धुएं में अथक परिश्रम करते हुए आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया।

घटना के संबंध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी कानपुर नगर ने बताया कि आज प्रातः 2.24 बजे कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि जाजमऊ क्षेत्र में नाज लैदर फैक्ट्री में भीषण आग लग गई है। और आग की लपटों



को दूर से देखा जा सकता है। आग इतनी भयानक है कि आस पास की फैक्ट्रियों में भी आग लग सकती है। इस सूचना पर अग्निशमन केंद्र जाजमऊ से तुरंत ही फायर कर्मियों को वहां भेजा गया जिसमें मैं स्वयं भी मौके पर पहुंचा। आग की तीव्रता को देखते हुए अन्य फायर स्टेशन से भी दमकल वाहन मंगाए गए और हमारे फायर कर्मियों ने अथक परिश्रम और बहादुरी से आग पर काबू पाया। इस आग



पर काबू पाने के लिए सात दमकल यूनिट का प्रयोग किया गया। तथा पूर्ण रूप से काबू पाने में दस घंटे का समय लग गया। इस घटना में कोई भी जनहानि होने का समाचार नहीं है।

# मोहर्रम पर विशेष सतर्कता रखे पुलिस- पुलिस उपायुक्त पूर्वी

**● - मोहर्रम को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण जाने हेतु ताजिया कमेटी/ताजिया दारों के साथ मीटिंग आयोजित की**

**स्वतंत्र प्रभात**

**कानपुर।** आज पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा थाना कोतवाली पर आगामी त्योहार मोहर्रम को निर्विघ्न शांतिपूर्वक संपन्न कराये जाने हेतु ताजिया कमेटी/ ताजिया दारों के साथ मीटिंग की गई। मोहर्रम के सभी जुलूसों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में वार्ता करते हुए ताजिया कमेटी/ ताजियादारो से अनुरोध किया गया कि झंडो को निर्धारित लम्बाई से ऊंचे न रखे जाए, सभी झंडो की ऊंचाई सीमा से अधिक न हो व बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा त्योहारों में आराजकता फैलाने वाले



असमाजिक तत्वों की पहचान करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने/कराने हेतु सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

बीट उप निरीक्षक /बीट पुलिस अधिकारी को निर्देश दिया कि वह असमाजिक तत्वों पर निगाहें रखे तथा पता चलने पर सख्त कार्रवाई करें ।सभी ताजिया कमेटी/ ताजिया दारों द्वारा सहमति जताई गई कि सभी ताजिये /जुलूसों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करेंगे ।मीटिंग में सहायक पुलिस आयुक्त महोदय कोतवाली मौजूद रहे । उन्होंने इस दौरान अराजक तत्वों




पर विशेष नजर रखने के निर्देश पुलिस को दिए।

# संक्षिप्त ख़बरें

## ग्राम पंचायत बडा गांव में गंदग जगह जगह लगे गंदगी के ढेर, प्रधान जी बेख़बर

**लखीमपुर खीरी** विकास खण्ड नकहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ागांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ देखा जा सकता है। मोहल्ले में रास्ते पर जल भराव होने से गन्दे पानी से निकलना पड रहा है।चौराहा बड़ागांव पर लगे प्लास्टिक कूड़ेदान की कभी सफाई नहीं हुई । ग्राम पंचायत बड़ागांव अपनी दशापर आंसू बहा रही है ।ग्राम पंचायत बड़ागांव में तालाबोंपर अवैध कब्जा करने वालों से प्रधान द्वारा मोटी रकम वसूले जाने के आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं। नालियों का पानी तालाब में जाता था तो सड़क पर जल भराव नहीं होताथा। तालाबों परअवैध कब्जा होने से गांव का पानी गांव में जमा होने से गंदगी फैल रही है। जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंकाएं प्रवल होती जा रही हैं। जनता गंदगी और जल भराव से बहुत परेशान नज़र आ रही है। लेकिन ग्राम प्रधान पर इसका असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। यदि तालाब पर से हटवा दिया गया होता अवैध कब्जा तो सड़क पर जलभराव की समस्या से निजात मिल सकती थी। लेकिन ऐसा संभव होता नजर नहीं आ रहा है।

## अकीदत से निकाला गया मोहर्रम के सातवीं का जुलूस



**लालगंज (रायबरेली)।** मोहर्रम की सातवीं का जुलूस रविवार को शानो शौकत के साथ निकला गया। जुलूस या अली या हुसैन की सदाओं और अलम के साथ कस्बे के विभिन्न मार्गो से होता हुआ निकाला गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने लाठियों और तलवारबाजी के कर्तब दिखाए। मोहम्मद साहब के नवासे हसन हुसैन के शहादत को याद करते हुए मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सातवीं का जुलूस चिकमंडी स्थित इमामबाड़े व घोसियाना के इमामबाड़े से निकाला। वही क्षेत्र के सेमरपहा, बहाई गांवों में भी लोगो ने या अली या हुसैन की सदाओं के साथ लाठी के कर्तब दिखाते हुए जुलूस निकला। उत्साही कार्यकर्ताओं ने जगह जगह लंगर का इंतजाम भी किया। इस मौके पर सीओ अनिल कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखा।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का द्विवार्षिक समारोह संपन्न



**कानपुर।** आज विकास भवन सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का द्विवार्षिक एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम संयुक्त परिषद के अध्यक्ष राजा भरत अवस्थी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे अपर नगर मजिस्ट्रेट 6 श्री ऋतु प्रिया जी की उपस्थिति में कई पदाधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस समारोह में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के सभी विभागों के समस्त अधिकारी गण एवं संगठनों के अध्यक्षों ने भाग लिया।

## मेयर प्रमिला पांडेय ने लखनऊ की बैठक में प्रतिभाग कर रखी बात



**कानपुर।** प्रदेश के नगर निगमों के विस्तृत विकास के लिए लखनऊ में माननीय नगर विकास मंत्री ए के शर्मा जी के नेतृत्व में बैठक हुई। इस बैठक में सभी नगर निगमों के महापौर और प्रमुख सचिव शामिल हुए। बैठक में सभी नगर निगमों के विकास और परेशानियों पर चर्चा हु। कानपुर नगर की मेयर प्रमिला पांडेय ने इस बैठक में प्रतिभाग कर अपनी बात को रखा।

# गौरीगंज पुलिस द्वारा लाईनमैन के शव को पावर हाउस पर रखकर प्रदर्शन करने व रोड जाम करने वाले 5 अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी।** दिनांक 13.07.2024 को मृतक लाईनमैन कुलदीप सिंह पुत्र भानुप्रताप सिंह निवासी भावलपुर कटरा थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी का शव मृतक के परिजनों को उकसाकर जिला अस्पताल से लाकर असैदापुर पावर हाउस में रखवाकर , पावर हाउस में तोडफोड़ करनें, जबरदस्ती बिजली आपूर्ति बाधित करने, रोड जाम कर व करवाकर शान्ति व्यवस्था भंग करने, बिजली विभाग, स्वास्थ विभाग, पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन के कार्यो मे बाधा पहुंचाने आदि के सम्बन्ध में पंजीकृत विभिन्न धाराओं सहित बीएनएस व 7 सीएल एक्ट के अभियुक्तों को पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी के नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा धारा 170/126/135 बीएन एसएस के अन्तर्गत गिरफ्तार कर न्यायालय उपजिलामजिस्ट्रेट गौरीगंज के समक्ष पेश किया गया । जहां से 14 दिवस के न्यायिक हिरासत में भेजे जाने का रिमाण्ड प्राप्त होने पर कारागार सुलतानपुर में दाखिल किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त अजय वीर विक्रम सिंह पुत्र स्व0 इद्रबली सिंह निवासी ग्राम चौहानापुर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 45 वर्ष , राहुल तिवारी पुत्र रामलखन तिवारी निवासी बलीपुर खुर्दवा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र 26 वर्ष, चन्द्रप्रकाश सिंह पुत्र स्व0 राजाराम निवासी ग्राम पचेहरी थाना गौरीगंज जनपद अमेठी , सुनील विश्वकर्मा पुत्र रामफेर विश्वकर्मा निवासी पठानपुर सैठा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी , अमन सिंह पुत्र सत्येन्द्र बहादुर सिंह निवासी ग्राम सैंठा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र 19 वर्ष सामिल है।

# अमेठी पुलिस थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा

**● चोरी की 01 सौर ऊर्जा प्लेट के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात




**मुसाफिरखाना अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक विमल किशोर पाण्डेय थाना मुसाफिरखाना मय हमराही द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर विभिन्न धाराओं में थाना मुसाफिरखाना से संबंधित प्रकाश में आये अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र गंगादीन निवासी ग्राम बेसारा पूरब (टिकैत का पुरवा) थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष को धरौली चौराहा हाइवे के पास से गिरफ्तार किया।

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद सौर ऊर्जा प्लेट बरामद हुई । बरामद प्लेट के संबंध में पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि यह प्लेट कुछ दिन पहले आंगनबाड़ी केन्द्र कम्पोजिट विद्यालय नेवादा किशुनगढ़ से चोरी किया था। चोरी हुई दूसरी प्लेट के संबंध में पूछने पर अभियुक्त ने बताया कि एक सौर ऊर्जा प्लेट को गांव में फेरी करने वाले कबाड़ी को बेंच दी थी दूसरी प्लेट बेचने के लिये आज कबाड़ी के पास अलीगंज जा रहा था ।गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

# 40 वीं स्टेट ताइक्कांडो चैंपियनशिप में तीन गोल्ड सहित पांच मेडल जीते

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 40वीं स्टेट ताइक्कांडो चैंपियनशिप में कस्बे के पांच खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने चैंपियनशिप में तीन गोल्ड सहित पांच मेडल पर कब्जा जमाया। आयोजन 10 जुलाई से 14 जुलाई किया गया। जिसमें प्रदेश की कई जिलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिला ताइक्कांडो जिला सचिव परवेज खान ने बताया कि कस्बे के स्टार स्पोर्ट्स क्लब के पांच खिलाड़ियों ने चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया। जिसमें जैसमीन, शिवेश सिंह व अर्शित गुप्ता ने गोल्ड मेडल तो प्रबुद्ध कुमार ने सिल्वर और शिवांश ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो एसोसिएशन के सेक्रेटरी जनरल राजकुमार ने खिलाड़ियों को मेडल पहनकर सम्मानित किया। इस मौके पर कोच मो. आसिफ, टीम मैनेजर कविता कश्यप, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, महामंत्री शिवम गुप्ता व अर्पित गुप्ता ने खिलाड़ियों का उत्साहबर्धन किया।




# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन संपन्न

**● - 1,51,415 वाद निस्तारित**

**10,98,695 रुपए अर्थदण्ड के रुप में वसूल**

स्वतंत्र प्रभात




**रायबरेली,** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार शनिवार को वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय रायबरेली में मा0 जनपद न्यायाधीश तरुण सक्सेना की अध्यक्षता में तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी श्री विद्याभूषण पाण्डेय अपर जिला जज की उपस्थिती में किया गया, जिसमें कुल 1,51,415 वाद निस्तारित किये गये। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों द्वारा कुल 5743 वाद निस्तारित हुए एवं कुल रु0 1098695 (दस लाख अठ्ठानबे हजार छः सौ पन्नचनब्बे रुपये) अर्थदण्ड के रुप में वसूल किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के सचिव अपर जिला जज अनुपम शौर्य के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में माननीय जनपद एवं सत्र न्यायाधीश तरुण सक्सेना के द्वारा कुल 2 वाद, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अनुपमा गोपाल निगम के द्वारा 23 वाद, मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण के प्रभारी पीठासीन अधिकारी ध्रुव कुमार तिवारी के द्वारा 45 वाद एवं प्रतिकर धनराशि 3,23,54,000, विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0एक्ट) प्रतिमा द्वारा 02 वाद, चतुर्थ अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश ई0सी0एक्ट के द्वारा 41 वाद तथा प्रतिकर धनराशि रु0 15,72,630, विशेष न्यायाधीस पाक्सो आलोक कुमार सिंह द्वारा 10 वाद एवं रु0 9000 का अर्थदण्ड, अपर जिला जज एफ0टी0सी0-प्रथम विद्याभूषण पाण्डेय के द्वारा 02 वाद एवं रु0 1000 का अर्थदण्ड, अपर जिला जज/एफ0टी0सी0-द्वितीय सुशील कुमार वर्मा के द्वारा 9 वाद एवं रु0 4500 का अर्थदण्ड, अपर जिला जज/एफ0टी0सी0-तृतीय विमल त्रिपाठी के द्वारा 1 वाद एवं रु0 500 का अर्थदण्ड, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा 1506 वाद एवं रु0 3,57,600 का अर्थदण्ड, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अमोद कंठ के द्वारा 611 वाद एवं रु0 91000 का अर्थदण्ड, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय प्रभाष कुमार त्रिपाठी के द्वारा 1485 वाद एवं रु0 5,50,000 का अर्थदण्ड, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय सिद्दीकी साईमा जर्रार आलम के द्वारा 255 वाद एवं रु0 2290 का अर्थदण्ड,चतुर्थ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डा0 विवेक कुमार-द्वितीय के द्वारा 299 वाद एवं रु0 145050 का अर्थदण्ड, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम चन्द्रमणि मिश्रा के द्वारा 17 वाद, अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय रचना सिंह के द्वारा 13 वाद, अपर सिविल जज(वरिष्ठ संवर्ग) नीरज सिंह द्वारा 740 वाद एवं रु0 2440 का अर्थदण्ड, सिविल जज(वरिष्ठ संवर्ग/एफ0टी0सी0) दिव्या सिंह के द्वारा 03 वाद, सिविल जज(कनिष्ठ संवर्ग) खैरुननिशाँ के द्वारा 13 वाद एवं प्रतिकर धनराशि रु0 790395 का अर्थदण्ड, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय सुश्री ज्योति प्रकाश सिंह के द्वारा 204 वाद व अर्थदण्ड रु0 3540, सिविल जज(कनिष्ठ संवर्ग) डलमऊ सुश्री वसुन्धरा शर्मा के द्वारा 15 वाद व प्रतिकर धनराशि रु0 1108181, ग्राम न्यायालय तहसील-लालगंज देवेश कुमार यादव के द्वारा 25 वाद व अर्थदण्ड रु0 250, ग्राम न्यायालय तहसील-सलोन श्री अंकित कुमार सिन्हा के द्वारा 60 वाद व अर्थदण्ड रु0 600, ग्राम न्यायालय तहसील-ऊँचाहार श्री मनु गुप्ता के द्वारा 27 वाद व अर्थदण्ड रु0 270, अपर सिविल जज कनिष्ठ संवर्ग प्रथम सुश्री श्रेया सोलंकी के द्वारा 42 वाद व अर्थदण्ड रु0 670, अपर सिविल जज कनिष्ठ संवर्ग द्वितीय शिवम वर्मा के द्वारा 79 वाद व अर्थदण्ड रु0 2800, अपर सिविल जज कनिष्ठ संवर्ग तृतीय श्री शमवील रिजवान के द्वारा 146 वाद व अर्थदण्ड रु0 3590, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (लघु वाद) श्री एच0एन0 मिश्रा के द्वारा 68 वाद व अर्थदण्ड रु0 6150 निस्तारित कर जमा कराये गये।

इस प्रकार समस्त न्यायिक अधिकारियों के द्वारा कुल 5743 वादों का निस्तारण करते हुए कुल रु0 1098695 (दस लाख अठ्ठानबे हजार छः सौ पन्नचनब्बे रुपये) जुर्माने के रुप में वसूल की गयी। इसके अतिरिक्त जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष श्री मदन लाल निगम द्वारा 18 वाद निस्तारित करते हुए रु0 831619 समझौता धनराशि तय की गयी। जनपद रायबरेली के समस्त विभागों के द्वारा प्री-लिटिगेशन के माध्यम से कुल 1,45,672 वादों का निस्तारण करते हुए कुल धनराशि रु0 67928661(छः करोड़ उन्यासी लाख अठ्ठाइस हजार छः सौ इकसठ रुपये) की धनराशि तय की गयी। इस लोक अदालत में अन्य मामलों के साथ-साथ बड़ी संख्या में ई-चालान के मामले, चेक बाउंस(एन0आई0एक्ट) के मामले तथा वैवाहिक विवाद के मामले निस्तारित किये गये। तलाक के मुहाने पर खड़े कई जोड़ों का सुलह-समझौता कराकर वापस भेजा गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला कारागार रायबरेली में बंदियों द्वारा बनाई गई सामग्री की प्रदर्शनी दीवानी न्यायालय में प्रदर्शित की गयी, जिसमें बड़ी संख्या में आमजन द्वारा प्रतिभाग किया गया। आमजन की सहायता के लिए न्यायालय परिसर में कई जगह सहायता पटल व हेल्प डेस्क बनाये गये।

# मानवाधिकारो को लेकर दिल्ली में PUCL फिर सक्रिय होने की तैयारी में, किया सभा का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात




**दिल्ली।** एक अर्से तक शांत बैठे पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (PUCL) संगठन की दिल्ली ईकाई की ओर से एक जनसभा नई दिल्ली स्थित राजेन्द्र भवन मेंआयोजित की गई। सभा में आम नागरिको के मानवाधिकारो पर हो रहे कुठाराघात के खिलाफ बडी संख्या में मौजूद एडवोकेट, समाजिक कार्यकर्ता, प्रोफेसर्स, पत्रकार, स्टूडेंट्स,सांस्कृतिक कर्मी,साहित्यकार,कवि लेखक समेत बडी संख्या में मजदूर संगठनों ने गर्मजोशी के साथ शिरकत की। सभा में सभी वक्ताओ ने जिक्र किया कि वर्तमान में लोगो के मानवाधिकार, पर किस तरह से विभिन्न एक्ट और कानून को लादकर जुबान पर ताले जडे जा रहे है। बेकसूर को जेलों में डाला जा रहा है,ऐसे कानूनों के दुरूपयोग पर सरकार के खिलाफ खुलकर अपना विरोध जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीयूसीएल दिल्ली इकाई के प्रेसीडेंट एनडी पांचौली ने की। इसके अलावा पीयूसीएल दिल्ली ईकाई के जर्नल सेकेट्री टी.एस.आहूजा,सेकेट्री,अशोक भारती,अमित श्रीवास्तव ,वर्तिका मैनी त्रिपाठी ,कविता श्रीवास्तव भी मंच पर मौजूद थी।

इस अवसर पर पीयूसीएल के महासचिव टी. एस. आहूजा ने पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पीपल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज का गठन अक्टूबर,1976 में उस वक्त हुआ था ,जब 25-26 जून की आधी रात को आपातकाल दौरान तब की पीएम इन्दिरा गांधी ने आम नागरिक के मौलिक अधिकारों को पूरी तरह से कुचल दिया था।कोई भी नागरिक अपने अधिकारो के लिए कोर्ट मे न्याय की गुहार तक नहीं लगा सकता था। उस वक्त के तमाम विपक्षी राजनीतिज्ञों,बुद्धिजीवियों,सिविल लिबर्टीज एक्टिविस्ट,स्टूडेंट्स लीडर्स, एडवोकेट, गांधीवादी, और वह सब भी जो तब की कांग्रेस सरकार की नीतियो की अलोचना कर रहे थे, ।उन सभी को जेलों में डाल दिया गया था। सूचना के अधिकार को खत्म कर तमाम अखबारो पर सेंसर लगा दिया गया। इस बावत पीयूसीएल जर्नल सेकेट्री टी एस आहूजा ने कहा कि उनको भी तब स्टूडेंट्स यूनियन के लीडर होने के नाते पुलिस ने डिटेंन कर जेल में डाल दिया था। वह करीब आठ महीने तक बेवजह जेल में डाल दिए गए। उसी आपातकाल की ज्यादतियों और हालात की खिलाफत में ही एक प्लेटफार्म की जरूरत महसूस हुई, जिस प्लेटफार्म पर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष शुरू किया गया। 17 अक्टूबर,1976 को नई दिल्ली स्थित कंस्टीटयूशनल क्लब में लोकनायक जयप्रकाश नारायण बतौर फाउंडर मेम्बर और वी एम तारकुंडे के निर्दशन में पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल) का गठन किया गया। इसके बाद इस संगठन के बैनर तले ही कैद किए गए तमाम नागरिक अधिकारों के संघर्ष की गाथा का आगाज किया गया।पीयूसीएल यानि पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज का गठन जेपी नारायण की निगरानी में पीयूसीएल के पहले कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस वी एम तारकुंडे, और संयोजक कृष्ण कांत संसद सदस्य को बनाया गया। जेपी नारायण गंभीर रूप से अस्वस्थ होने की वजह से नहीं आ पाए। जेबी कृपलानी के द्वारा अध्यक्षीय भाषण दिया गया ।वहीं हिंदी कवि भवानी प्रसाद मिश्रा,पूर्व वाईस चांसलर और गुजराती लेखक उमाशंकर जोशी, जर्नालिस्ट बीजी वर्गीस, डॉ.ऊषा मेहता,सर्वोदय लीडर वसंत नरगोलकर समेत अन्य बुध्दिजीवियों द्वारा सभा को संबोधित किया गया था। 13 जुलाई , शनिवार 2024 को पीयूसीएल दिल्ली यूनिट के अध्यक्ष एनडी पांचौली की अध्यक्षता में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित वक्ताओ ने एक स्वर से वर्तमान सरकार द्वारा अपनाए जा रहे आपातकाल के दौर को दोहराए जाने का आरोप लगाया। सभी ने तीन नए क्रिमिनल लॉ पर अपना विरोध जताया।साथ ही वर्तमान की मोदी सरकार द्वारा अपने विरोधियो को ठिकाने लगाने की कवायद भर है।

डॉ. सुनीलम ने इन तीन नए क्रिमिनल लॉ को लाने का मकसद किसान आंदोलन को दबाने के लिए बताया। उन्सोहोने सोशल एक्टिविस्ट मेघा पाटकर की कहानी भी इसी संदर्भ में साजिश का हिस्सा बताया। सोशल एक्टिविस्ट विनोद ने 9 अगस्त भारत छोडो की तर्ज पर पंजाब से बडा आंदोलन खडा करने का आह्वान किया। आंदोलन कारी रविंद्र कुमार ने कहा की पीएम मोदी अभी हाल ही में आस्ट्रिया टूर पर गए। वहां उन्होने जनरल बातचीत मे आस्ट्रेलिया क ई बारा पुकारा। इससे उनकी शिक्षा का पता चलता है। मोदी सरकार नाहक ही ईडी,सीबीआई, का बेजार इस्तेमाल कर रही है।ये संविधान की हत्या है।सांस्कृतिक कर्मी शुभेन्दू ने किसका लहुलुहान है,कौन मरा बतलाओ तो यारो। गाकर सभा मे मौजूद सभी में ऊर्जा का संचार कर दिया। कृष्ण मुरारी जाटव ने शिक्षा,स्वास्थ्य पर सरकार को चेताया। उन्होने कहा कि स्कूलों में परिवर्तन लाना हो तो सिर्फ सरकारी स्कूल मे पढने वाले को ही सरकारी नौकरी में वरियता देनी चाहिए। अगर सरकारी स्कूल पडा आईपीएस, आईएएस,या अन्य सरकारी नौकरी में होगा तो स्कूल अपने आप ठीक हो जाएगे। शिक्षा का निजीकरण बंद होना चाहिए। वही सरकारी अस्पताल भी सुधर जाएगे जब क्षेत्र के एमएलए, सांसद को सरकारी अस्पताल में ही इलाज करवाना अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए। अस्पतालों का आयुक्त अपने आप ही हो जाएगा। वहीं वक्ता अनिल कुमार ने कहा कि ब्राह्मण वाद जन्मानुसार और आंबेडकर वाद कर्मानुसार अब नहीं चलेगा। एडवोकेट के एल बुद्ध ने संविधान पर खुल कर अपनी बात रखी। श्याम दत्त तिवारी ने वर्तमान व्यवस्था में 99 प्रतिशत कर्मचारी,अधिकारियों को भ्रष्ट बतलाया। नेताओ का अपना राग-हिस्सा है। इसके अलावा अन्य वक्ताओ में एडवोकेट प्रत्यक्ष उत्पल, एडवोकेट पूनम, प्रगतिशील महिला मोर्चा, अनिल दूबे ने ,कामरेड राज व्रत आर्य, ने भी अपने बात रखी।

अन्त में सभा की अध्यक्षता कर रहे पीयूसीएल दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एनडी पांचौली ने सभा की सफलता पर सभी उपस्थित जन अधिकार वादियों का ह्रदय से धन्यवाद किया। उन्होने कहा लोगों में गुस्सा है। सरकार द्वारा जन अधिकारो पर खुलकर वॉयलेंस किया जा रहा है।सरकार के तीन क्रिमिनल लॉ को लादने पर भी विरोध जताया। सरकारी ऐजेंसियों जिनमें यूएपीए,पीएमएलए, ईडी,सीबीआई, इन्कम टैक्स का खुलकर दुरूपयोग किया जा रहा है । वहीं मणी पुर मामले में भी सरकार को घेरा जाएगा। उन्होने कहा कि ईडी, सीबीआई, यूएपीए,इंकम टैक्स, पीएमएलए, जैसी ऐजेंसियो सरकार की पॉवर का हिस्सा बन गई है। इन एजेंसियों का राजनितिक नेताओ, बुद्धिजीवियों. आंदोलन- कारियों, सोशल एक्टिविस्टो के खिलाफ सरकार दुरूपयोग कर रही है। पीयूसीएल नए सिरे से सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ अपना संघर्ष तेज करेगी।

# 6 वें दिन भी जनपद के सभी शिक्षक शिक्षा मित्र एवं अनुदेशक साथियों ने ऑनलाइन उपस्थिति का शत प्रतिशत विरोध किया

स्वतंत्र प्रभात

**गोंडा।** शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा आज 6 वें दिन भी जनपद के सभी शिक्षक शिक्षा मित्र एवं अनुदेशक साथियों ने ऑनलाइन उपस्थिति का शत प्रतिशत विरोध किया शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक कर्मचारी सयुंक्त मोर्चा के प्रान्तीय निर्देश के क्रम में ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में तथा अपनी जायज मांगों को लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित ज्ञापन दिनाँक 15 जुलाई 2024 को समय 4 बजे सौंपेंगे इसके लिए गाँधी पार्क में 2 बजे के बाद उपरोक्त संघों के पदाधिकारी एवं शिक्षक तथा शिक्षा मित्र अनुदेशक एवं कर्मचारी एकत्रित होकर शान्ति पूर्ण ढंग से पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक आकर अपने पदाधिकारियों के साथ ज्ञापन सौंपेंगे।

जनपद के सभी संगठन एक साथ मिलकर ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध तब तक करेंगे जब तक कि उनकी विगत 10 वर्षों से लम्बित मांगों को पूरा नहीं किया जाता है उक्त आन्दोलन वीर विक्रम सिंह सुरेश कुमार सिंह राजेश कुमार शुक्ला विनय कुमार तिवारी उमा शंकर सिंह अजीत कुमार तिवारी संजीव कुमार मिश्र सुशील कुमार नरेन्द्र कुमार सिंह रवि प्रताप सिंह अवधेश मणि मिश्र रणजीत सिंह दुर्गेश प्रताप सिंह उमेश प्रताप मिश्र बलवंत सिंह अवधेश त्रिपाठी कुलदीप पाठक अजय कुमार शुक्ला गिरजा शंकर पाण्डेय मनोज कुमार शर्मा राजेश कुमार मिश्रा आदि जनपद के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के नेतृत्व में ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध मांगे पूरी होने तक चलेगी।

# लंभुआ में क्षेत्राधिकारी कार्यालय का सीओ ने किया उद्घाटन

**● - अस्थाई रूप से ब्लाक परिसर में स्थित था कार्यालय**

स्वतंत्र प्रभात



**सुल्तानपुर / लंभुआ-** कोतवाली के सामने स्थित नवनिर्मित सीओ कार्यालय का रविवार को विधि विधान से पूजन अर्चन करने के बाद उद्घाटन किया गया। सीओ अब्दुस सलाम ने फीता काटा। इससे पूर्व अस्थाई रूप से सीओ कार्यालय ब्लॉक परिषर में चल रहा था। लंभुआ में लोगों की बहुत दिन से सीओ कार्यालय स्थापित किए जाने की मांग थी। लोग 22 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय में स्थित कार्यालय में जाकर अपना काम कराते थे। तमाम मुकदमों में बयान के लिए, वाहनों के चालान इत्यादि कार्यों के लिए भी लोगों को जिला मुख्यालय में स्थित कार्यालय में जाना पड़ता था। उसके बाद लगभग 1 साल से ब्लॉक परिसर में अस्थाई रूप से सीओ कार्यालय चल रहा था। अब नवनिर्मित कार्यालय बनकर तैयार होने के बाद रविवार को विधि विधान से उद्घाटन किया गया और कार्यो की शुरुआत की गई। सीओ ने बताया कि अब लंभुआ सर्कल में आने वाले सभी थाना क्षेत्र के लोग लंभुआ में ही आकर अपना कार्य कर सकते हैं, इसके लिए उन्हें 22 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। आम जनमानस की पुलिस से संबंधित समस्याओं को प्रतिदिन सुना जाएगा और उसका निस्तारण कराया जाएगा। मौके पर कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा, उप निरीक्षक जसवीर सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर 23.55 लाख रुपये ठगे

**पूरनपुर।** शेयर में रकम लगाने पर मुनाफा होने का झांसा देकर मोहल्ला कायस्थान निवासी अंतरिक्ष देवल से जालसाजों ने 23.55 लाख रुपये ठग लिए। धोखाधड़ी का अहसास होने पर अंतरिक्ष ने संपर्क किया तो उसको दिया गया एप बंद कर दिया गया। रुपये मांगने पर गाली-गलौज की और दोबारा रुपये मांगने या शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस उप महानिरीक्षक के आदेश पर नगर निवासी दो भाइयों, उनकी पत्नियों और मां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है अंतरिक्ष देवल ने बताया कि उसकी मुलाकात नगर की अशोक कॉलोनी निवासी रितेश गुप्ता उर्फ पारू, उसके भाई अभिषेक गुप्ता उर्फ जानू से हुई। रितेश ने अपने भाई अभिषेक को मर्चेंट नेवी में अधिकारी बताया। उससे मोबाइल फोन पर बात कराई। इन लोगों ने बताया कि कामओवर कंपनी की फ्रेंचाइजी उनके पास है। शेयर में रकम निवेश करने पर फायदा होने का झांसा दिया।



# अवैध खनन खबर पत्रकार को पड़ी महंगी

स्वतंत्र प्रभात

**उन्नाव।** जनपद में जगह जगह अवैध खनन की झड़ी सी लगी है। जिसकी खबर भी खूब चल रही हैं, लेकिन जिम्मेदारों की मिलीभगत से कार्यवाही शून्य रहती है। यही कारण है कि मिट्टी चोर अपने आपको माफिया समझने लगे हैं और जो पत्रकार मिट्टी चोरों की बात नही मानता तो सीधे उसे धमकी दी जाती है, फर्जी शिकायत भी की जाती है। जिससे पत्रकार के ऊपर दबाव बनाकर उसका ध्यान भटकाया जा सके। ये सिलसिला जनपद में आम हो चुका है। कितनी भी शिकायत की जाए कार्यवाही कोसों दूर रहती है क्योंकि जिम्मेदारों और मिट्टी चोरों की मिलीभगत से उनके दिल में कानून का तनिक भी भय नहीं बचा जिससे ऐसी घटनाए आम होती जा रही है।

ऐसा ही एक मामला तहसील व परगना हसनगंज के ग्राम भटपुरा से सामने आया है जहां शिवन्या इंटरप्राइजेज के नाम पर खेत समतलीकरण के लिए दो बीघे 18 बिसुवा भूमि पर 15173 घन मी. मिट्टी खनन की अनुज्ञा जिलाधिकारी द्वारा दी गई थी। जबकि खेत तो पहले से ही समतल था। जिस खनन को लेकर शुरू से ही असमंजस रहा। काफी शिकायतों के बाद जांच हुई। शुरुआत में ही उक्त खनन कर्ता ने अवैध खनन कर डाला जिसकी खबर कई समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई जिससे जांच भी हुई। जांच में अवैध खनन पाया गया जिसका जुर्माना भी हुआ। बात फाइल निरस्तीकरण की हुई तो जिम्मेदार गोल मोल बात कर पत्रकारों को भ्रमित करते रहे। क्षेत्रीय लोगों की माने तो अब कुछ दिनों से लगातार पुनः अवैध खनन जिन गाटों की अनुज्ञा हुई थी उनके अतिरिक्त अलग गाटो में खनन चालू है। पत्रकार ने कोतवाली प्रभारी अजगैन को प्रार्थनापत्र देकर ये आरोप लगाया है कि शिवन्या इंटरप्राइजेज के खननकर्ता अवैध खनन करता है। जिन्होंने खबर कवरेज के दौरान पत्रकार को रास्ते में रोक कर खबर न लिखने की धमकी दी और गाली गलौज भी किया। खबर लिखने पर जान से मारने की धमकी तथा फर्जी मुकदमों में फंसाने की भी धमकी दी। फिलहाल कोतवाली प्रभारी अजगैन ने जांच कर आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिलाया है। सवाल ये उठता है कि खनन की परमिशन होने के बावजूद शुरू में ही अवैध खनन को अंजाम देने और अनुज्ञा वाले गाटे खोदने के बाद धड़ल्ले से हो रहे अवैध खनन की राजस्व कर्मी और खनन अधिकारी मौके पर जांच क्यों नही कर रहे।

# शराब के नशे में धुत हुआ दुल्हा, बिन दुल्हन वापस लौटी बारात

स्वतंत्र प्रभात

**उन्नाव।** बारात घर के बाहर पहुंच गई थी और शादी के कार्यक्रम चल रहे थे। अगवानी के दौरान सभी ने जमकर धूम मचाई और खुद डांस हुआ। यह देख वर व वधू पक्ष के लोग काफी खुश थे। तभी अचानक दूल्हे का एक दोस्त उसके पास पहुंचा और खुशी का इजहार कराते हुए उसे शराब पिला दी। फिर क्या था दूल्हा नशें में चूर हो गया और अपनी सुध खो बैठा। इसके बाद वह ऐसा बेहोश हुआ किया फिर पूरी रात नहीं उठा। शादी के अन्य कार्यक्रम न हो पाने से बारात बिना दुल्हन के ही विदा की गई। वहीं वधू पक्ष की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लेनदेन कराते हुए उनमें समझौता कराकर मामला शांत कराया।

बताते चलें कि हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मल्कादिम सरांय गांव निवासी रामू पुत्र हरि प्रसाद के यहां औरास थाना क्षेत्र के उटरा डकौली निवासी राम भजन ने अपनी बेटी की शादी तय की थी। बाराती उनके घर बारात लेकर आए थे। शादी का कार्यक्रम चल रहा था जिसमें बारात आने के बाद अगवानी का कार्यक्रम समाप्त हो गया था। तभी बारात में दूल्हे के साथ उसका एक दोस्त भी आया था। जिसने दूल्हे को शराब पिला दी। जिससे बारात के अन्य कार्यक्रम नहीं हो सके। दूल्हे को सभी लोग अन्य कार्यक्रम के लिए उठाते रहे। लेकिन, वह नशे में पड़ा रहा। इसके बाद शनिवार को लड़की पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों में आपसी लेनदेन कराकर सुलह-समझौता कराकर मामला शांत कराया।

# संक्षिप्त खबरें

## ट्रेन की टक्कर से युवक की मौत

**उन्नाव.** नवाबगंज में नगर पंचायत के पूर्व भाजपा प्रत्याशी के भाई की ट्रेन से टकराकर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मृतक उदय प्रताप सिंह उर्फबल्लू की उम्र 25 साल थी। जो नवाबगंज में कृष्णा इलेक्ट्रॉनिक के नाम से दुकान चलाता था। घटना की जानकारी मिलने पर घर में परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। थानाध्यक्ष अजगैन ने बताया कि हादसे में मौत हुई है। मृतक परिजन ने किसी प्रकार की तहरीर नहीं दी है और उन्होंने कहा है कि शव का पोस्टमार्टम नहीं करना है। परिजन शव को लेकर अपने साथ चले गए।

## जांच में तैयार की गई 50 साल से पुराने पुलों की सूची

**उन्नाव।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी ने जनपद में पांच दशक से अधिक पुराने पुलों की पड़ताल कराई। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय व निर्माणखंड द्वारा कराई गई जांच पड़ताल में ऐसे 22 पुल मिले जिनको बने लंबा समय हो चुका है। इनमें से पांच पुल ऐसे हैं काफी जर्जर हालत में पाए गए हैं। जिनसे यातायात काफी जोखिम भरा है। कुछ में तो यातायात प्रतिबंधित भी करने की कवायद शुरू कर दी गई है। कुछ पुल पुराने समय के यातायात के आधार पर बने थे। वर्तमान में यातायात काफी बढ़ गया है। ऐसे में पुल को चौड़ा करने की भी आवश्यकता बताई गई है। एक्सईएन पीडब्ल्यूडी प्रांतीयखंड हरदयाल अहिरवार ने बताया कि शासन के निर्देश पर 50 साल से अधिक पुराने पुलों की सूची तैयार कराई है। कुछ सही हैं तो कई जर्जर हो गए हैं। इंजीनियरों द्वारा की गई जांच में मरम्मत व आवागमन रोकने की संस्तुति की गई है। सूची शासन को भेज दी गई है।

## कैनरा बैंक में लगी आग



**अलीगढ़।** थाना सासनी गेट के इलाके की केनरा बैंक में शनिवार की सुबह आग लग गई । आग लगने की जानकारी सबसे पहले उसी बिल्डिंग में चल रही जिम के संचालक को हुई। उन्होंने इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी। मोके पर आई दमकल टीम ने आग कर काबू पाया। आग में किसी के हताहत होने की खबर नही है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी है। आग लगने के कारण की भी जानकारी की जा रही है।

## डॉ. फारूक डार डीजी प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित



**अलीगढ़।** अमुवि के यूनानी चिकित्सा संकाय के तशरीह व मनाफिउल अजा विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर लेफ्टिनेंट डॉ. फारूक अहमद डार को एएमयू के जेएन मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित एक समारोह में डीजी प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार अधिकारियों को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) में उनके अनुकरणीय प्रदर्शन और योगदान के लिए दिया जाता है।

लेफ्टिनेंट डॉ. डार को यह सम्मान ओटीए कैम्पटी नागपुर में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिला, जहां उन्होंने हाल ही में एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के दौरान योग्यता क्रम में पहला स्थान हासिल किया। यह पुरस्कार एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम द्वारा प्रदान किया गया, जो कैडेटों को संबोधित करने के लिए पहली बार अलीगढ़ आए थे। इस कार्यक्रम में उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारियों, एनसीसी अधिकारियों और अलीगढ़ समूह के विभिन्न कॉलेजों के कैडेटों सहित कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया।

# शिक्षक संकुलों का सामूहिक त्यागपत्र

स्वतंत्र प्रभात



**उन्नाव।** जनपद के विकास खंड असोहा में बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत शिक्षकों द्वारा अपने शिक्षक संकुल पद से सामूहिक त्यागपत्र खंड शिक्षा अधिकारी असोहा को दिया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी को सम्बोधित त्याग पत्र कार्यालय के बड़े बाबू सीएम पाण्डेय ने लिया। शिक्षक संकुलों का कहना है कि शिक्षकों की लंबित मांगों को नजरअंदाज करके ऑनलाइन हाजिरी जैसी अव्यवहारिक व्यवस्था शिक्षकों के शोषण के लिए लागू कर दी गई है जिसका हम सभी शिक्षक पुरजोर विरोध करते हैं। जब तक हमारी मांगों पर शासन द्वारा विचार नहीं किया जाता है तब तक हमारे द्वारा ऑनलाइन कार्य में कोई सहयोग नहीं किया जाएगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संदीप द्विवेदी ने कहा कि संगठन सदैव सभी शिक्षको के साथ है। जब तक शिक्षको की मांगो को स्वीकार नही कर लिया जाता तब तक शिक्षक डिजिटिलाईजेसन की व्यवस्था मे असहमत रहेगा। शिक्षक संकुलों ने एक स्वर में कहा कि आज से हम लोगो ने संकुल पद से त्यागपत्र दे दिया है अब शिक्षण के अतिरिक्त सूचना संकलन आदि कार्यो मे हमलोग शामिल नही होंगे। इस अवसर पर सभी ग्यारह न्याय पंचायतों के शिक्षक संकुलों में रामकरन मौर्य,रामबाबू विमल, प्रदीप त्रिपाठी, धर्मपाल सिंह, पुनीत तिवारी, मनोज पटेल, हरि किशोर मिश्र, पवन पोरवाल, संदीप राजपूत, कुलदीप पटेल, गरिमा सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, अनिल मौर्य, प्रिया, मुन्नीलाल यादव, विनीता श्रीवास्तव, अंकित राय, शिव शंकर श्रीवास्तव, बृजेन्द्र यादव, सुशील त्रिवेदी अनुपम मिश्र, अनुज कुमार, शोभना शर्मा, विनोद कुमार आदि शिक्षक संकुल उपस्थित रहे। इस अवसर पर एमआरपी रणंजय सिंह, अजीत सिंह, जितेन्द्र श्रीवास्तव और संगठन पदाधिकारियों में राकेश वर्मा, फूलचंद्र, अनन्त नारायण दीक्षित, वीरेन्द्र मिश्र, हरविंदर कौर, सौरभ, अमित मिश्र आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मंदिर पर अवैध कब्जे को लेकर टावर पर चढ़ा वृद्ध

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़।** कोतवाली अतरौली नगर में हनुमानगढ़ी मंदिर के निकट लगे मोबाइल टॉवर पर चढ़े बुजुर्ग की हरकत से पुलिस-प्रशासन में खलबली मच गई। पुलिस ने समझा बुझाकर बुजुर्ग को ऊपर से नीचे उतारा। प्रकरण का समाधान होने तक निर्माण न होने देने का भरोसा दिया। मोहल्ला मुगलान निवासी जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मोहल्ले में एक जमीन है, जो लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट वृंदावन की है। आरोप है कि इस जमीन को हड़पने की नीयत से कुछ लोगों ने फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया। प्रकरण न्यायालय में भी पहुंच गया। बुजुर्ग का कहना है कि जमीन पर 13 जुलाई से कुछ लोगों ने जबरन निर्माण कार्य शुरू करा दिया।

इसकी शिकायत बुजुर्ग जितेंद्र ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से की। इसके बाद भी निर्माण कार्य नहीं रोका गया। जिससे परेशान होकर बुजुर्ग हनुमानगढ़ी मंदिर के निकट लगे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया और जान देने के लिए कूदने व फांसी लगाने की धमकी देने लगा। सूचना पर नायब तहसीलदार, इंस्पेक्टर रितेश कुमार पुलिस व दमकल की गाड़ी लेकर मौके पर पहुंच गए। उन्होने बुजुर्ग को समझाकर टॉवर से नीचे उतार लिया।

# शराबी भतीजे ने गला दबाकर चाचा को उतारा मौत के घाट

स्वतंत्र प्रभात

**उन्नाव।** शराब के नशे में चाची से बहस कर रहे भतीजे को रोकना का खामियाजा चाचा को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा। चाचा के विरोध से बौखलाये भतीजे ने गला दबाकर चाचा को मौत के घाट उतार दिया। भतीजे द्वारा चाचा की हत्या कर दिए जाने की खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेंज दिया है। बताते चलें कि पूरा प्रकरण आसीवन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम उदसाह का है। जहां के निवासी रामचरन उम्र लगभग 62 वर्ष की हत्या उसके सगे भतीजे पिंटू उर्फ संजू पुत्र कालीचरण ने गला दबाकर कर दी। मामला यह था कि बीती देर रात नशे की हालत में पिंटू अपने चाचा के घर पहुंचा और वहां आकर चाची से किसी बात को लेकर बहस कर लड़ाई झगड़ा करने लगा। वाद-विवाद सुनकर पास में ही आराम कर रहे चाचा ने लड़ाई करने को लेकर भतीजे को रोक कर डांट-फटकार दिया। जिस पर नशे में धुत भतीजे ने चाचा का गला दबा दिया। जहां चाचा रामचन की मौके पर ही मौत हो गयी। पत्नी राजरानी की सूचना पर मौके पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक ने दो विवाह किये थे। तीस वर्ष पहले पहली पत्नी की मृत्यु के बाद दूसरी शादी राजरानी से की थी। पहली पत्नी से एक बेटा है, जो घर से कही बाहर रहता है। दूसरी पत्नी से एक पुत्र बबलू नाम का है, जो बाहर राज्य में गमले का काम करता है। क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ के निर्देश पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मृतक किसान था। भतीजे की पत्नी ने चाचा की हत्या का विरोध किया तो चाचा को मारने के बाद वह पत्नी को पीटकर फरार हो गया है।

# जिम्मेदार नागरिक बनाना एनसीसी का उद्देश्य: डीजी एनसीसी

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** एनसीसी प्रशिक्षण को बेहतर और सामयिक बनाने की दृष्टि से सभी राज्यों के भ्रमण के क्रम में राष्ट्रीय कैडेट कोर के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम आज अलीगढ़ दौरे पर आए। अलीगढ़ ग्रुप के कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर लिए जाने के बाद खचाखच भरे जेएनयू मेडिकल कॉलेज के सभागार में उन्होंने कैडेट्स को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न भागों के कैडेट्स ने एडवेंचर कैंपों में सीटों के बढ़ाये जाने की मांग की थी। एनसीसी प्रशिक्षण में एडवेंचर कैंप और फायरिंग सर्वाधिक आकर्षण के विषय हैं । कैडेट्स में नेतृत्व,आत्मविश्वास दृढ़ संकल्प और टीम भावना विकसित करने के लिए विभिन्न एडवेंचर कैंप जैसे ट्रैकिंग, पैरा सीलिंग, पैरा जंपिंग, ग्लाइडिंग,माउंटेनियरिंग, रॉक क्लाइंबिंग आदि में रिक्तियां बढ़ा दी गई हैं और आने वाले समय में इनमें और भी बढ़ोतरी किए जाने की योजना है। उन्होंने बताया की जीवन को सरल और सहज बनाने के लिए विभिन्न लाइफ स्किल्स को भी एनसीसी प्रशिक्षण में शामिल किया गया है। उदाहरण के लिए व्यक्ति की सफलता और असफलता में सिर्फ एक ही चीज निर्णायक है और वह है समय प्रबंधन। उन्होंने अनुशासन के साथ-साथ खुद में लीडरशिप क्षमता भी विकसित करने पर बल दिया। स्वाद के बजाय स्वास्थ्य के लिए खाने और प्रतिदिन एक घंटा व्यायाम करने को अपने दिनचर्या में शामिल कर स्वयं को देश का एक जिम्मेदार नागरिक बनने की अपील की। उन्होंने बेहतर कार्य करने वाले एनसीसी अफसर, जीसीआई, पीआई स्टॉफ और कैडेट्स को डीजी पदक प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान एडीजी उत्तर प्रदेश मेजर जनरल विक्रम कुमार, ग्रुप कमांडर अलीगढ़ ब्रिगेडियर पी एस सांगवान सहित अलीगढ़ ग्रुप के सभी कमांडिंग ऑफिसर, एनसीसी अफसर, सूबेदार, जीसीआई, पीआई स्टाफ एवं कैडेट्स मौजूद रहे।

# बेटों और पत्नियों से परेशान बुजुर्ग मां-बाप ने लगाई डीएम से मांगा न्याय

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी को बुजुर्ग माता-पिता ने अपने बेटों और उनकी पत्नियों से परेशान होकर एक प्रार्थना पत्र देकर जांच कराकर सख्त कानूनी कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है। थाना देहलीगेट क्षेत्र के बालाजी मन्दिर के पास, हजीरा, नगला मसानी के निवासी भूदेव प्रसाद पुत्र स्वर्गीय कुन्दनलाल ने जिलाधिकारी को भेजे एक प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके तीन पुत्र और चार पुत्रियां है,सभी की शादी कर दी है। उसका बड़ा पुत्र अपनी पत्नी और परिवार के साथ दिल्ली में रहता है। लेकिन दूसरा पुत्र जीतू और उसकी पत्नी संगीता तथा तीसरा पुत्र मंगल तथा उसकी पत्नी प्रीति उनके साथ ही रहते है। मेरे यह दोनों पुत्र और उनकी पत्नियां हमें परेशान करते है। मेरे दोनों पुत्रों की पत्नियां संगीता और प्रीति दोनों ही सगी बहिनें है। वह अपने मायकों वालों को बुलाकर वह और उनकी पत्नी विमला देवी के साथ मारपीट और गाली-गलौज करते है। हम पति पत्नी ने इसकी शिकायत अपने बेटों से की तो उन्होंने भी हमारे साथ दुर्व्यवहार किया और अपनी पत्नी व ससुरालीजनों की हिमायत लेकर हमें ही धमकी देने लगे कि फांसी का फंदा लगाकर तुम्हें झूठे केस में फंसवा देंगे। अब तो यह हमें जान से मारने की धमकी भी देने लगे है। वह एक कारखाने में मेहनत मजदूरी करता हैं। दोनों ही बेटे मुझे एक रूपया भी नही देते उल्टा वह उनकी पत्नी के तीन तोले की चांदी की तोड़िया, 8 तोले की चांदी की पाजेब एक सोने की बिन्दी, चार आना भर की लौंग को छीन ली हैं। कुछ कहने पर कभी गैस खुली छोड़ देते है, कभी हमारे कपड़ों में आग लगा देते है। उन्होंने अपने ही बच्चों से परेशान होकर अपनी चल और अचल सम्पत्ति से अपने दोनों बेटों जीतू और मंगल को बेदखल कर दिया है। और आज के बाद उनका और उनकी पत्नी विमला से इनका कोई सम्बन्ध नहीं होगा। अपने अच्छे बुरे के यह मेरे दोनों यह बेटे और उनकी पत्नियां खुद जिम्मेदार होंगे। अब हमारे इनसे कोई लेना-देना नहीं है। भूदेव प्रसाद ने जिलाधिकारी से अपने दोनों पुत्रों जीतू और मंगल तथा उनकी पत्नियां व उनके मायके वालों की जांच कराकर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही किये जाने की प्रार्थना की है।

# उपचुनाव में इण्डिया गठबन्धन जीत पर बांटा मिष्ठान

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़।** सात राज्यों में विधानसभाओं की रिक्त 13 सीटों के लिए उपचुनाव हुए थे जिनमें से 10 सीटे इंडिया गठबंधन ने जीती है और भाजपा को करारी हार मिली है जबकि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की इस विजय पर समस्त कांग्रेसीजनों में काफी हर्षो उल्लास है और इस अवसर पर खुशी मनाने के लिए सभी कांग्रेसी रेलवे रोड स्थित कार्यालय पर इकट्ठे हुए और वहां उपस्थित नागरिकों में मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।इस कार्यक्रम में उपस्थित हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रभारी विवेक बंसल ने कहा कि इंडिया गठबंधन की इन उपचुनाव में हुई भारी विजय से यह बात स्पष्ट हो गई है कि भाजपा की देश की जनता पर से पकड़ कम होती जा रही है और भविष्य में इंडिया गठबंधन के लिए यह परिणाम नई ऊर्जा का काम करेंगे।जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह ने कहा कि उपचुनावों में इंडिया गठबंधन की ये जीत कांग्रेसजनों मे नई ऊर्जा का काम करेगी।इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख कांग्रेसीजनो में वरिष्ठ कोंग्रेसी बसंत शर्मा गुरु,महिला शहर अध्यक्ष रूही खान,पूर्व शहर अध्यक्ष सलाउद्दीन वसी,शाहिद खान, डूंगर सिंह, मोहम्मद ज़ियाउद्दीन राही,अनिल सिंह चौहान, इरशाद फरीदी,जितेन्द्र कुमार तोशी, ओम प्रकाश, पार्षद विजेंद्र सिंह बघेल, कृष्णकांत सिंह, रईस गाज़ी,अतर सिंह, पुरुषोत्तम दास, बृजेश कुमार सविता, मोहनलाल पप्पू, कैलाश गौतम,सिकंदर खान,मोहम्मद अनवार,यमीन खान मेव, नादिर खान, नरेन्द्र मिश्रा, सुनील कुमार जाटव, इमरान रफीक समेत अनेक कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# शातिर लुटेरा दबोचा

स्वतंत्र प्रभात




**अलीगढ़।** थाना खैर पुलिस टीम ने शातिर लुटेरा गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटी गई मोटर साईकिल व रुपये बरामद किये हैं। थाना खैर पुलिस टीम द्वारा वांछित आरोपी कन्हैया गोतम पुत्र विपिन गोतम निवासी ग्राम खानपुर थाना चण्डौस लूट के आरोप में गिरफ्तार कर लूटी गई मोटरसाईकिल बरामद की है।

# कूड़ा उठान की निगरानी के लिए पाकेट चिप का होगा इस्तेमाल:कपूर

● 15 मिनट से अधिक रुका दिखा वाहन तो चालक के पास पहुंचेगा फोन

स्वतंत्र प्रभात




**अलीगढ़।** घर-घर कूड़ा उठान की निगरानी के लिए आधुनिकता का सहारा लिया गया है। मंडल में अलीगढ़ पहला जिला है जहां कूड़ा उठान की निगरानी के लिए पाकेट चिप का इस्तेमाल किया जा रहा है। शहर में कूड़ा उठान की जिम्मेदारी अर्बन एनवायरोटेक प्राइवेट लिमिटेड को दी गई है। कंपनी ने तीन प्रकार के वाहनों को घर-घर कूड़ा उठान में लगाया गया है। सीएनजी से चलने वाले लगभग 256 आटो टिपर, 50 ई-रिक्शा और 50 हाथ रिक्शा को कूड़ा उठान में शामिल किया गया है। सभी 70 पुराने व 20 नए समेत सभी 90 वार्डो से कूड़ा उठान की व्यवस्था शुरू हो गई है। कंपनी ने मार्च से मई तक तीन महीने मुफ्त में कूड़ा उठान भी किया। अब जून का शुल्क लिया गया है। कूड़ा उठान में लगे आटो टिपर व ई-रिक्शा में जीपीएस लगा हुआ है। मगर हाथ रिक्शा में जीपीएस नहीं है। इसके लिए रिक्शा चालक जब क्षेत्र में जाएंगे तो गले में आइकार्ड पहनेंगे, उस कार्ड में चिप लगी होगी, जिससे लोकेशन ट्रेस होगी। संकरी गलियों में ई-रिक्शा जा रहे हैं। ऐसी गलियां जहां ई-रिक्शा भी प्रवेश नहीं कर सकते वहां हाथ रिक्शा जाएंगे। अभी शहर से लगभग 535 टन कूड़ा का उठान किया जा रहा है। तीनों प्रकार के वाहनों पर निगरानी के लिए कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में कंपनी ने आनलाइन निगरानी के लिए पूरा सेटअप तैयार किया गया है। यहां बड़ी स्क्रीन पर हर क्षेत्र व वहां जाने वाले वाहन की लोकेशन दिखती है।

कंपनी के आपरेशन मैनेजर रितेश कपूर ने बताया कि निगरानी सेल में हर वाहन को उसके नंबर से विचरण करते हुए देखा जाता है। किसी भी क्षेत्र में कोई भी नंबर का वाहन 15 मिनट से अधिक रुका दिखा तो तत्काल आनलाइन निगरानी सेल से चालक के पास फोन पहुंच जाएगा। चालक से पूछा जाएगा कि 10 मिनट से एक जगह पर क्यों रुके हो? इससे चालकों की मनमानी पर भी रोक लगेगी। एक जगह वाहन खड़ा करके पूरे मोहल्ले को वहीं कूड़ा डालने को विवश नहीं कर सकेंगे। हर दरवाजे पर वाहन ले जाना होगा।

# ताला तोड़कर वीसी ऑफिस में घुसे छात्र छात्राएं, जमकर किया हंगामा

स्वतंत्र प्रभात




**अलीगढ़।** धर्म समाज, टीकाराम, एसवी कॉलेज सहित विभिन्न महाविद्यालयों के बीए, बीएससी आदि कक्षाओं के छात्र छात्राओं में एक-एक नंबर से हुए फेल होने पर आक्रोश पनप गया। छात्र-छात्राओं ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय प्रशासन पर कॉपियां चेक करने में खामियां बरतने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को एबीवीपी के नेतृत्व में गुस्साए छात्र-छात्राओं ने वीसी कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया। आक्रोशित छात्रों ने वीसी कार्यालय के गेट का ताला तोड़ दिया और अंदर घुस गए। किसी ने वीसी के ऊपर स्याही फेंक दी।

कार्यालय के अंदर जमकर प्रदर्शन करते हुए एक-एक नंबर से फेल हुए छात्रों को पास करने की मांग की। बता दें कि राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय से जिले के धर्म समाज, एसवी कॉलेज, टीकाराम कन्या महाविद्यालय सहित अन्य महाविद्यालयों सम्बन्द्ध हैं। जिनके बीके, बीकॉम, बीएससी आदि कक्षाओं के हजारो छात्र छात्राएं एक-एक नंबर से फेल हो गए हैं। जबकि छात्र, छात्राओं ने परीक्षा देने के उपरांत घर पर चेक किया तो अंक काफी अधिक है। आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा की कॉपियों जांचने में खामियां बरती गई है । जिसके कारण हजारों छात्र-छात्राएं फेल हो गए हैं। वही चौथे सेमेस्टर में एक सब्जेक्ट में फेल होने वाले छात्रों को पांचवें सेमेस्टर में एडमिशन नहीं दिया जा रहा है। वहीं पांचवें सेमेस्टर में री एग्जाम देने वाले छात्रों की परीक्षा 1 वर्ष बाद नए सेशन में कराई जा रही है। जो छात्रों के हित के विरुद्ध है। शुक्रवार को छात्रों की इसी समस्या को लेकर एबीवीपी के नेतृत्व में भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने वीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया है। कर्मचारियों ने कार्यालय का गेट बंद कर दिया गया। इन पर छात्रों ने 5 मिनट के अंदर गेट खोलने की चेतावनी। जब गेट नहीं खुला तो छात्रों ने ईंट मारकर गेट का ताला तोड़ दिया और ऑफिस के अंदर पहुंच गए। कुलपति का घेराव कर छात्रों ने बीए, बीकॉम, बीएससी सहित अन्य कक्षाओं में एक सब्जेक्ट में एक से पांच नंबर से फेल हुए छात्र-छात्राओं को ग्रेस देकर पास करने व सेमेस्टर एडमिशन और री एग्जाम परीक्षा कर समाधान करने की मांग की। छात्रों ने कहा कि अगर मांग नहीं मानी तो कार्यालय पर धरना शुरू कर दिया जाएगा।

एबीवीपी के नेतृत्व में आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने सिविल लाइन स्थित राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय के वीसी कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया। आक्रोशित छात्रों ने वीसी कार्यालय के मुख्य गेट पर लगे ताले को ईंट से तोड़ दिया और वीसी कार्यालय में पहुंच गए। कार्यालय के अंदर जमकर प्रदर्शन किया और एक-एक नंबर से फेल हुए छात्रों को पास करने की मांग रखी। इसी दौरान कुलपति प्रो चंद्रशेखर पर किसी ने स्याही फेंक दी।

# छात्रा से तमंचे के बल पर दुष्कर्म का प्रयास

**अलीगढ़।** थाना मडराक क्षेत्र की एक छात्रा ने गांव के ही दबंग युवक पर तमंचे के बल पर दुष्कर्म करने का प्रयास का आरोप लगाया है । पीड़ित छात्रा एसएसपी कार्यालय पहुंची और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता की मां ने आरोप लगाते हुए बताया उसकी पुत्री ने घटना की जानकारी दी थी । 9 जुलाई को सुबह 7:00 बजे पुत्री गांव से पैदल कॉलेज जा रही थी रास्ते में खड़ा गांव का युवक जिसके हाथ में तमंचा था और उसकी पुत्री को पकड़ लिया दुष्कर्म करने की नीयत से खेतों में खींच ले जाने लगा पुत्री ने चीख पुकार कर अपने को छुड़ाया और भाग कर अपने घर आ गई घटना से परिजनों को अवगत कराया पीड़ित किशोरी कक्षा 11 की एक कॉलेज की छात्रा है परिजन शिकायत लेकर युवक के घर गए तो उसके घर वालों ने कहा हमारा लड़का अपनी मनमानी करेगा । पीड़िता की मां ने जिसकी लिखित शिकायत थाने पर की ,मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता अपनी मां के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंची और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मदद की गुहार लगाई है। एसएसपी ने पीड़िता को कारवाई का भरोसा दिया है और थाना पुलिस को जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### शिक्षकों की आनलाइन उपस्थिती आदेश वापस लेने को सांसद ने शिक्षा महानिदेशक को लिखा पत्र।

**बरेली**/आनलाइन उपस्थिति को लेकर शिक्षकों के विरोध को मजबूत करने के लिए बरेली लोकसभा के सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने शिक्षकों के सर्मथन में स्कूल शिक्षा निदेशक को पत्र लिखकर पुनर्विचार करने की मांग की है। अपनी मांगों पुरी किए बिना आनलाइन हाजिरी न देने पर अडे शिक्षकों को बरेली सांसद छत्रपाल गंगवार का भी सर्मथन मिला है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री और ब्लाक दमखोदा के मंत्री बलवीर सिंह ने बताया कि स्कूल शिक्षा महानिदेशक को लिखे पत्र में सांसद ने कहा है कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष और जिला अध्यक्ष नरेश गंगवार ने अवगत कराया है कि शिक्षकों की आनलाइन हाजिरी का फरमान जारी किया गया है, संघ ने राज्य कर्मचारी का दर्जा दिए जाने समेत तमाम मांगे और परेशानी रखी हैं। सांसद ने शिक्षक हित में उक्कत विचार को कहा है।

### गुरु जन की जान की कीमत मात्र एक लाख! रखी बीमा है आधार।

**एसी में बैठे अफसर कर रहे सरकार की छवि धूमिल- हरीश बाबू।**



**बरेली/दियोरनिया।** प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ शिक्षक नेता हरीश बाबू शर्मा ने कहा है कि बीमा के नाम पर शिक्षकों की जान की कीमत मात्र एक लाख रखी गई है। एक मुलाकात में उन्होंने बताया कि 87 रुपये प्रति माह वेतन से काटकर बेसिक शिक्षकों की सरकार की तरफ मात्र एक लाख रुपए का बीमा है। मतलब जान की कीमत एक लाख रुपए रखी है। उन्होंने कहा कि आनलाइन हाजिरी का फरमान जारी करने वाले अफसरों ने पेंशन, पदोन्नति समेत शिक्षकों की जमीनी समस्याओं को नहीं जाना, ऐसी में? बैठे अफसर ही सरकार की छवि को?? धूमिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा मांगे माने जाने तक आनलाइन हाजिरी किसी भी कीमत पर नहीं दी जाएगी।

### ग्राम पंचायत बडा गांव में गंदगी के लगे जगह-जगह ढेर, प्रधान जी बेख़बर

**लखीमपुर खीरी** विकास खण्ड नकहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ागांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ देखा जा सकता है।मोहल्ले में रास्ते पर जल भराव होने से गन्दे पानी से निकलना पड रहा है।चौराहा बड़ागांव पर लगे प्लास्टिक कूड़ेदान की कभी सफाई नहीं हुई । ग्राम पंचायत बड़ागांव अपनी दशापर आंसू बहा रही है ।ग्राम पंचायत बड़ागांव में तालाबोंपर अवैध कब्जा करने वालों से प्रधान द्वारा मोटी रकम वसूले जाने के आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं। नालियों का पानी तालाब में जाता था तो सड़क पर जल भराव नहीं होताथा। तालाबों परअवैध कब्जा होने से गांव का पानी गांव में जमा होने से गंदगी फैल रही है। जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंकाएं प्रवल होती जा रही हैं। जनता गंदगी और जल भराव से बहुत परेशान नज़र आ रही है। लेकिन ग्राम प्रधान पर इसका असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। यदि तालाब पर से हटवा दिया गया होता अवैध कब्जा तो सड़क पर जलभराव की समस्या से निजात मिल सकती थी। लेकिन ऐसा संभव होता नजर नहीं आ रहा है।

### पटेल संस्थान के लोगों ने सांसद का किया सम्मान

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सम्मानित यशस्वी सांसद उत्कर्ष वर्मा उर्फ मधुर को पटेल संस्थान के लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर गुच्छ देकर एवं मिठाई खिलाकर जोरदार सम्मान किया है। कुर्मी क्षत्रिय समाज कल्याण समिति पटेल संस्थान की टीम ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा भी प्रदान की है। सांसद ने जीत के लिए सभी लोगों का आभार जताया। सांसद ने कहा कि क्षेत्र की जनता को मिलने के लिए लखीमपुर ना आना पड़े इसके लिए शीघ्र ही गोला नगर में कार्यालय खोलकर मिलना सुनिश्चित किया जाएगा। ताकि जनता की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर भी हो सके। पटेल संस्थान के अध्यक्ष आनंद वर्मा, मंत्री सुरेश चंद्र कनौजिया एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामनरेश वर्मा, उपाध्यक्ष सभासद हरिओम वर्मा, कोषाध्यक्ष सतीश वर्मा, उप मंत्री पटेल सुशील वर्मा,मीडिया प्रभारी संजय वर्मा, सभासद नानक चंद्र वर्मा, राजकीय शिक्षक अभिषेक वर्मा, प्रधानाचार्य मनोज वर्मा, विकास वर्मा, राम बहादुर वर्मा आदि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत भीरा में शहरी पीएम आवास योजना में भारी भ्रष्टाचार

**● सर्वेयरों और डीसी अरिनेम विनय श्रीवास्तव की कामधेनु बनकर रह गई शहरी पी एम आवास योजना**

**प्रति आवास मोटी रकम वसूल कर खाद के गड्ढों और सरकारी जमीनों सहित कब्रिस्तान की जमीन पर रेवड़ी की तरह आवास दिए जाने के लग रहे आरोप।**



### वरवर नगर पंचायत में आवस वनवाये वगैर, फर्जी तरीके से आवास के पैसे का बंदरबांट।

नगर पंचायत वरबर मेंपी एम आवास योजना में सर्वेयरों द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार और अवैध वसूली किए जाने की शिकायत दर शिकायत किये जाने के बाद भी मामले में कार्यवाही नहीं होने से होंसले बुलंद सर्वेयरों और डीसी मिलकर फर्जीवाड़ा कर सरकारी धनराशि को डकार रहे हैं।लुट खसोट और पार्टी की साख पर बट्टा लगने से आहत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने मामले की लिखित शिकायत परियोजना अधिकारी डूडा से की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है,कि अवैध वसूली का एक बड़ा हिस्सा परियोजना अधिकारी डूडा कार्यालय तक पहुंचने के चलते परियोजना अधिकारी डूडा डा अजय कुमार सिंह को दिखाई सुनाई नहीं पड़ रहा है। लखपति पुत्र शंकर काआवास कहीं बना ही नही है और फर्जी जियो टैग करके सभी तीनो किस्तों का भुगतान कर दिया गया।ऐसा शिकायतकर्ता का आरोप है। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लाभार्थी लखपति पुत्र शंकर की बेनीफिसरी आई 098008995691500287है। वहीं लाभार्थी श्याम सिंह की बेनीफिसरी आई098008995691400220है। लाभार्थी लखपति ने अपना आवास मोहल्ला प्रेमनगर बनाया ही नही रिश्वत देकर श्याम सिंह के मकान पर तीसरा जियो टैग कराकर आवास का पैसा निकाल लिया गया ।यदि श्याम सिंह के तीसरे जियो टैग की फोटो लखपति के जियो टैग की फोटो से करा लिया जाए तो एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा होना तयहै।और कई कथित ईमानदार चेहरो पर से उतर जायेगा ईमानदारी का नक़ाब परियोजना अधिकारी डूडा डा0अजय कुमार सिंह साहब का फोन न लगने के चलते उनके पक्ष की जानकारी नहीं मिल सकी। वैसे भी साहब स्वतंत्र प्रभात संवाददाता का फोन उठाकर जानकारी देना उचित नहीं समझते है शायद।

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुरखीरी** शहरी पीएम आवास योजना में सर्वेयरों और डीसी सहित दलालों की मिलीभगत से कियेजा रहे फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार का सिलसिला रूकने का नाम ही नहीं ले रहा है। मामला नगर पंचायत भीरा का है जहां परियोजना अधिकारी डूडा के संरक्षण में सर्वेयर और डीसी विनय श्रीवास्तव ने मिलीभगत करके जमकर प्रति आवास मोटी रकम वसूलते हुए सरकारी जमीनों पर रेवड़ी की तरह आवास दिए जाने का मामला अखवारी सुखिया भी बना था जिसके चलते आनन फानन में परियोजना अधिकारी डूडा ने सभी खातों पर होल्ड लगाकर मामले को दवा दिया गया था।

आडियो रिर्काडिग में संवाददाता को दिए गए अपने पक्ष में परियोजना अधिकारी डूडा ने खातों पर होल्ड लगाने और रिकवरी कराए जाने की बात कही गई थी। मामला लगभग 50शहरी पीएम आवासों का था। लेकिन मामला शांत होते ही प्रति आवास तयशुदा राशि वसूल कर खातों से होल्ड हटा लिया जाना आम चर्चा का विषय तो बना ही है साथ ही कई यक्ष प्रश्न भी पैदा करता है।तथा आवास योजना में में भ्रष्टाचार होने और मामले में लीपापोती किये जाने की ओर इशारा करते हुए दिखाई पड़ रहा है।यक्ष प्रश्न यह है जब सरकारी जमीनों पर दिए गये आवास पर होल्ड लगाया गया था तो होल्ड कैसे हटा और किस सक्षम अधिकारी के आदेश से हटाया गया। क्या वह जमीन अब सरकारी जमीन नहीं रह गयी।योजना में किये जा रहे जमकर भ्रष्टाचार एवं अवैध वसूली से आहत भा जा पा कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी खीरी सहित परियोजना अधिकारी डूडा को शिकायत देकर मामले की जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की थी। उक्त अवैध वसूली और भ्रष्टाचार से परेशान कई भीरा सभासदों ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मिलकर शिकायती प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी डीसी विनय श्रीवास्तव और सर्वेयर के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की गई थी।सुत्र बताते हैं कि लगभग एक सैकड़ा आवास ऐसे हैं भीरा नगर पंचायत में में है जो गाइडलाइन के विपरीत और सरकारी जमीनों पर पैसा वसूल कर दिये गये है। भीरा सभासदों ने मामले की शिकायत डिप्टी सीएम से कर आवास के नाम पर डीसी विनय श्रीवास्तव द्वारा की जा रही अवैध वसूली और पैसा न देने पर अगली किस्त रोक दिए जाने की धमकी दिये जाने के गंभीरआरोप लगाए थे।और दोषीडी सी अरिनेम कंपनी विनय श्रीवास्तव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। उक्त मामले में भी परियोजनाअधिकारी द्वारा कोई जांच व कार्यवाही न किया जाना साहब की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# भ्रष्टाचार के दलदल में डूबा जनपद का विद्युत महकमा

**स्वतंत्र प्रभात**




**लखीमपुर खीरी** जनपद खीरी के विद्युत विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार थमने का नाम ही नहीं ले रहा है ।और जिम्मेदार आला अफसर इन दोषियों पर इतनी मेहरबान रहते हैं कि कहीं कोई शिकायत आई तो ऊपर से नीचे तक आला हुक्मरान इन दोषियों के पक्ष में खड़े होते हुए मामले की लीपापोती करके क्लीन चिट देने के नए-नए फार्मूले तलाशने में लग जाते हैं ।शायद यही कारण है विभाग में फैला भ्रष्टाचार दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। जिसका ताजा उदाहरण विद्युत कनेक्शन के नाम पर जेई द्वारा पोषित कथित लाइनमैनों द्वारा 25000 की अवैध वसूली किए जाने की डी एम से शिकायत चंद्र दिनों पूर्व शिकायतकर्ता ने थी ।शिकायत के बाद आनंन फानन में ?12000 उपभोक्ता को वापस कराया जाना अवैध वसूली होने की पुष्टि को काफी है ।चलिए हम आपको ले चलते हैं 33/11 केवी उपकेंद्र खमरिया के बेलतुआ जहां हसनपुर कटौली गांव में उपभोक्ता मौर्य के मकान के ऊपर से निकली विद्युत लाइन 11000 के स्थान परिवर्तन के नाम पर200000 का तोड़ किए जाने तथा उसमें से 100000 जे ई सुधीर गुप्ता द्वारा नगद उपभोक्ता मौर्य के घर जाकर लेने का आरोप मौर्य द्वारा लगाया गया था ।शेष प्रसाद निचले स्तर कर्मी गणो के द्वारा लिए जाने की चर्चा आम हो रही है।उक्त मामला मीडिया में काफी सुर्खियां बनने पर जेई साहब का स्थानांतरण शारदानगर कर दिया गया और लेकिन लाइन तो जे ई साहब पहले ही बदलवा चुके थे।उक्त मामले की जांच के लिए जांच टीम गठित कर जांच के आदेश जरूर हुए पर मामला आज 6 माह बाद भी जांच अधूरी है जो यह साबित करने को काफी है कि मामले में लीपापोती का खेल खेला जा रहा है ।मौजूद साक्ष्यों में लाइनमैन अशोक साहू द्वारा अपने बयान में कहा गया है कि उसने जे ई के आदेश अनुसार लाइन शिफ्टिंग के लिए शटडाउन लिया ।लाइनमैन अशोक साहू के हस्ताक्षर भी लाग बुक मौजूद हैं । मौजूदा समय मे लाइनमैन जो पोल पर चढ़ा लाइन बदल रहा है वायरल वीडियो में उसका भी कथन है कि के साहब के कहने पर 11000 लाइन बदली जा रही है। जिसका वीडियो बतौर साक्ष्य अधिशासी अभियंता अमित कुमार को दिया जा चुका है ।इतना ही नहीं 11:15 बजे 33/11 केवी उपकेंद्र खमरिया बैल्तुआ में तैनात एक यस यस ओ अमित कुमार तिवारी व सहायक दीपांशु कुमार द्वारा जांच के दौरान दिए गए अपने लिखित बयान में कथन किया है की घटना दिनांक 28 फरवरी 2024 को समय 11¬15 पर ईसानगर फीडर के लाइनमैन अशोक साहू ने 11 के वी शटडाउन लिया ।हसनपुर कटौली में कार्य होना बताया गया ।कि मौर्य के मकान के ऊपर निकली एचटी लाइन खोलने हेतु लाइनमैन द्वारा शटडाउन लिया गया है ।अवर अभियंता के द्वारा कार्य करने हेतु बोला गया है।यही हाल उपभोक्ता मौर्य का है इसका स्पष्ट कथन है कि 100000 जे ई ने स्वयं हाथ में लिया है। इसके बावजूद जे ई साहब सुधीर गुप्ता ने स्वयं ऑडियो रिकॉर्डिंग में बताया की प्रस्ताव नहीं बनवाया गया और न ही स्टीमेट ही बनवाया गया इन सब के बावजूद जांच अधिकारी साहब द्वारा जुगाड़ लगाया जा रहा है। कि कैसे भी ऐन केन प्रकारेण जे ई सुधीर गुप्ता को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। यह अहम सवाल बना हुआ है आखिर क्यों?अब देखना यह होगा सारे साक्ष्यो के बावजूद क्या दोषी जे ई विद्युत सुधीर गुप्ता व लाइनमैन अशोक साहू व एसडीओ के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी या पूर्व की भांति मामले की लीपा पोती कर दोषियों को क्लीन चिट दे दी जाएगी।

# एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित गांवों में वितरण की राहत सामग्री

**● तहसील प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत सामग्री वितरण किया साथ ही हुए नुकसान का जल्द सर्वे कराकर सहायता राशि दी जाएगी धैर्य बनाए रखें।**

**स्वतंत्र प्रभात**

संवाददाता-शिवम मिश्रा



**निघासन-खीरी** तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत शारदा नदी के कहर से गावों में हाहाकार मचा है बाढ़ की विभीषिका में हजारों एकड़ फसल जलमग्न होकर बर्बाद हो गई है जिससे अनेक कच्चे और छप्पर पोश घर गिर गए साथ ही लोग गांव से दूर सड़क के किनारे आशियाना बनाने को मजबूर है गांव में पानी भर जाने से जीवन बेपटरी होना लाजमी है जिसमें तहसील क्षेत्र के तकरीबन दो दर्जन गांवों के ग्रामीण बाढ़ से प्रभावित है जिसमें मदनापुर, गोविंदपुर, खमरिया, बैलहा, पुरैना व लालबोझी गांव समेत बाढ़ की चपेट में हैं जिसको देखते हुए उपजिलाधिकारी राजीव निगम ने बाढ़ प्रभावित गावों का निरीक्षण किया साथ ही राहत सामग्री वितरण की जिसमे उधोनगर गांव में 205 परिवारों को राहत सामग्री वितरण की जिसको पाकर ग्राम वासियों के चेहरे खिल उठे साथ ही प्रशासन को धन्यवाद करते हुए कहा कि अब तकरीबन बारह दिन का खाना पानी ठीक से चलेगा इस विभीषिका ने हम लोगों को बर्बाद कर दिया है ग्रामीणों ने प्रशासन और प्रधान का आभार व्यक्त किया इस दौरान तहसीलदार भीमचंद सेन,नायब तहसीलदार हरिराम, कानूनगो आलोक रंजन,लेखपाल ज्योति प्रकाश वर्मा,ग्राम पंचायत अधिकारी विनय मौर्या व प्रधान सुखदेव सिंह मौजूद रहे।

# फारिया से दुर्गा बन युवती, ने धर्म परिवर्तन कर की शादी

**● बदायूं की युवती ने प्रेमी के लिए , भुता के गांव खजुरिया संपत में धर्म परिवर्तन कर लिया। दोनों में बहुत पहले से प्रेम प्रसंग चल रहा था।**

**स्वतंत्र प्रभात**

**बरेली।** बदायूं की युवती ने प्रेमी के लिए भुता के गांव खजुरिया संपत में धर्म परिवर्तन कर लिया। दोनों में बहुत पहले से प्रेम प्रसंग चल रहा था, लेकिन युवती के परिजन शादी के खिलाफ थे। युवती ने अपने प्यार के खातिर फारिया बी से दुर्गा देवी नाम रख लिया।भुता के गांव खजुरिया संपत का रहने वाला दिनेश और फारिया बदायूं की काशीराम सरकारी आवास कॉलोनी में रहते थे। दोनों ने एक साथ स्कूल में पढ़ाना शुरू किया, तभी से दोनों में प्रेम प्रसंग हो गया। दोनों का प्रेम प्रसंग करीब पांच साल तक चला, उसके बाद फारिया के घर वालों को पता चला तो उस पर पाबंदी लगा दी मगर।

दोनों शादी करना चाहते थे। दिनेश के परिजन शादी के लिए तैयार थे, लेकिन फारिया के परिजन शादी के लिए नहीं माने। दोनों शादी करने के लिए वाराणसी पहुंचे, वहां एक मंदिर में शादी की और उसके बाद



दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली। वहीं शनिवार को फारिया और दिनेश खजुरिया संपत मढ़ी के महंत सरोज नाथ के यहां पहुंचे। वहां युवती ने अपना धर्म परिवर्तन कर लिया। फारिया बी से दुर्गा देवी नाम रख लिया। और शादी कर ली है।

# लेखपाल और प्रधानपति के संरक्षण में लहलहा रही दबंगो की गन्ना और धान की फसलें।

**● मुख्यमंत्री के आदेशों को धता बताकर प्रधानपति ने तालाब को पाटकर खड़े कर दिए पिलर**

**स्वतंत्र प्रभात**



**लखीमपुर खीरी** एक और प्रदेश के मुखिया सरकारी जमीनों पर से अवैध कब्ज़ा हटाए जाने व सरकारी जमीनों तालाब, शमशान, खलिहान ,मरघट सहित समस्त सरकारी जमीनों पर काबिज अवैध कब्जेदारो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर जेल भेजे जाने तथा बुलडोजर की कार्यवाही किए जाने के सख्त आदेश अपने मातहतों को दे रहे हैं। और इसके लिए एंटी भू माफिया टास्क फोर्स का भी गठन किया गया है। लेकिन तहसील मितौली के राजस्व कर्मियों और अधिकारियों की धन-लोलुपता के आगे मुख्यमंत्री के आदेश बौने साबित हो रहे हैं। शायद तहसील मितौली के तहसील प्रशासन पर योगी के आदेश प्रभावी नहीं होते हैं जो अवैध कबजेदारों की ताल पर तिरकते हुए आइजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायतों में फर्जी जांच आख्या लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह करते हुए लेखपाल व कानूनगो सहित तहसीलदार द्वारा शिकायतों का फर्जी निस्तारण कर अवैध कब्जा धारकों को अभय दान दिया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला तहसील मितौली परगना पैला के ग्राम मलिकपुर में प्रकाश में आया है ।जहां दबंगों द्वारा ग्राम प्रधान पति राजेंद्र प्रसाद व क्षेत्रीय लेखपाल अनिल श्रीवास्तव से साठ गांठ करके लगभग आधा दर्जन तालाबों पर अवैध कब्जा और उनको समतल करके गन्ने की फैसले खड़ी कर ली गई हैं ।तथा कुछ एक तालाबों पर मकान बनाने के लिए पिलर भी खड़े कर दिए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है। और तहसील प्रशासन इनअवैध कब्जाधारकों के ताल पर तिरकता नजर आ रहा है ।ऐसे में शासन की मंशा दम तोड़ती दिखाई पड़ रही है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मलिकपुर में राजस्व अभिलेखों में तालाब के नाम दर्ज भूमि गाटा संख्या 86/0.583 हे0, 104/0.194 हे0, 15/0.1250 हे0, 161/0.5670 हे0, 91/0.235 हे0, 82/0.097हे0, 114/0.530हे0, जमीन पर लेखपाल के संरक्षण में गांव के दबंगों द्वारा जबरन कब्जा करके तालाबों का अस्तित्व और वजूद को मिटाकर उस पर गन्ना की

फैसले उगा रखी हैं। यहां पर फसलों का एक हिस्सा क्षेत्रीय लेखपाल और प्रधान पति को जाने की बात प्रकाश में आई है। जिसके चलते कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है ऐसा शिकायतकर्ताओं का आरोप है। उक्त मामले की शिकायत ग्रामीण साजिद खान पुत्र समझदार खां निवासी मलिकपुर द्वारा जिला अधिकारी से कर अवैध कब्जा छुड़वाए जाने की मांग की है। जिला अधिकारी खीरी को दिए गए शिकायती पत्र में शिकायतकर्ता साजिद खान का आरोप है उसके गांव में उपरोक्त गाटा संख्याओं की जमीन राजस्व अभिलेखों में तालाब के नाम दर्ज हैं ।जिस पर गांव के ही दबंगों ने कब्जा करके खेती कर रहे हैं और कुछ तालाबों पर मकान व पिलर बनवा लिए हैं ।गाटा संख्या 86/0.583 हे0 तालाब की जमीन को समतल कराकर प्रधान पति राजेंद्र प्रसाद पुत्र दाता राम ने मकान बनवाने के लिए पिलर खड़े कर दिए हैं।

वहीं गाटा संख्या 104/0.1940ह0 तालाब के नाम दर्ज भूमि को समतल कराकर प्रेमपाल पुत्र मैकू ने गन्ने की फसल खड़ी कर रखी है। गाटा संख्या 15 रकवा 0.1250 हेक्टर पर दशरथ रामकृष्ण पुत्र गण अंगने की गन्ने की फसल खड़ी लहलहा रही है। गाटा संख्या 161/0.5670 हे0 भूमि पर जाहिद खान , शाहिद खान पुत्र गंण सुबराती खां की गन्ने की फसल व चारा बो रखा है ।गाटा संख्या 192 जो मरघट के नाम दर्ज कागजात जमीन व गाटा सं0191/0.2350हे0 पर खेमकरन, रामपाल ,राजेंद्र पुत्रगण ललतू ने अवैध रूप से कब्जा करके धान की फसल खड़ी कर रखी है। गाटा संख्या 114/0.530हे0 तालाब की भूमि पर जाहिद, शाहिद पुत्र शुबराती खा ने तालाब को पाट कर मकान शौचालय तथा पानी का मोटर लगाकर अवैध कब्जा कर रखा है। वही गाटा संख्या 82/0.970हे0 तालाब के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज जमीन पर रामगोपाल, छत्रपाल पुत्रगण छोटेलाल के गन्ने की फसल खड़ी देखी जा सकती है। उक्त सार्वजनिक जमीनों पर उक्त कई दबंगों द्वारा लेखपाल अनिल श्रीवास्तव व प्रधान पति की मिली भगत से कब्जा कर रखा है। और ग्राम प्रधान व लेखपाल उक्त लोगों से धनार्जन कर अपनी जेबे भर रहे हैं ।गौरतलब हो कि दिनांक 26 3.2024 को ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई थी ।जिसमें लेखपाल द्वारा जांच की गई और भ्रामक फर्जी आख्या लगा दी गई। शिकायतकर्ता द्वारा दिनांक 6 जुलाई 2024 को जिला अधिकारी खीरी को शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करके अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की मांग की है तथा अवैध कब्जा धारकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। देखना अब यह है यह अवैध कब्जा हट पाता है या फिर क्षेत्रीय लेखपाल की मनमानी के आगे जिलाधिकारी के आदेश भी बौने ही साबित होंगे। यह समय ही बताएगा।

# रोटरी क्लब व सहयोगी क्लबों के संयुक्त तत्वाधान मे बृक्षा रोपड का आयोजन किया गया।

**स्वतंत्र प्रभात**



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** रोटरी क्लब गोला सेंट्रल एवं रोटरेक्ट क्लब गोला यूथ के संयुक्त तत्वाधान में प्रोजेक्ट कल्पतरु के तहत ग्राम दतेली के अमृत सरोवर, प्राथमिक विद्यालय, देवी स्थान पर बृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न प्रजाति के छायादार फलदार वृक्ष रोपित किए गए। प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ज़रूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है।

इस कार्यक्रम में गोला वन रेंज के रेंजर संजीव कुमार तिवारी वन दरोगा अजीत कुमार श्रीवास्तव व ग्राम प्रधान मो. जहीरूद्दीन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस मौक़े पर रोटरी क्लब गोला सेंट्रल के अध्यक्ष अभिषेक राजपूत सचिव एडवोकेट प्रमोद वर्मा कोषाध्यक्ष आदर्श सोनी एवं रोटरेक्ट क्लब गोला यूथ के अध्यक्ष सर्वेंद्र अनुराग सचिव फरीद अहमद, रोटेरियन पुनीत साहनी, डॉ योगेश कनौजिया, राजीव राजपूत, उमेश जायसवाल ,डा0मधुकर गिरी ,अमित वर्मा ,पी डी आर आर रोट कर्म सिंह आदेश वर्मा आदि सदस्य उपस्थिति रहे।

# जिओ एवं एयरटेल टेलीकॉम कंपनी का नेटवर्क हुआ ध्वस्त

**● कम्पनी कर रही है उपभोक्ताओं का शोषण, पोर्ट करवाना ही एक मात्र विकल्प**

**स्वतंत्र प्रभात**

**मितौली खीरी।** मितौली कस्बा सहित क्षेत्र में लगभग एक माह गुजर जाने के बावजूद भी जिओ एवं एयरटेल नेटवर्क की स्थिति बद से बत्तर , मोबाईल व जनसेवा केंद्र उक्त कम्पनियां नेटवर्क के सहारे चल रहे थे उनका काम हुआ ठप। उक्त कम्पनियों ने रिचार्ज महंगा करने के बाद भी नेटवर्क किया ध्वस्त, उक्त कम्पनी क्षेत्र में उपभोक्ताओं की जेब पर डाल रही डाका। बेहतरीन नेटवर्क देने के वादे कर जनता को बेवकूफ बना रही जिओ एवं एयरटेल टेलीकॉम कंपनी। मितौली कस्बे से महेज 1500 सौ मीटर की दूरी पर बसे कचियानी गांव के कुछ उपभोक्ताओं ने उक्त कम्पनियों में शिकायत करने के बावजूद कान में जूं नही रेगे।




जिओ कंपनी के नेटवर्क से जुड़े लोगों को हो रही भारी समस्या, जिओ का नेटवर्क बाधित होने के चलते लोगों का कॉल करना हुआ मुश्किल,सैकड़ों शिकायतों के बाद भी नहीं पुरसाहाल। यूजर अपने आपको ठगा महसूस कर रहा है। लूट रही टेलीकॉम कंपनी जिओ उपभोक्ताओं को मजबूरन पोर्ट करवाना पड़ेगा सिम।

## संक्षिप्त ख़बरें

### 15 जुलाई को सपा मिलेगी तेजबहादुर निषाद से



**तेज बहादुर निषाद को खनन माफियाओं ने मारपीट किया खनन माफियाओं द्वारा मारपीट साथ गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दी जा रही है धमकी**

**मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के निर्देशानुसार दिनांक 15 जुलाई को प्रातः 10:00 बजे समाजवादी पार्टी का ग्यारह सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल विकास खण्ड छानबे के ग्राम गोगांव जायेगा। जो तेज बहादुर निषाद उर्फ मन्नू निवासी गोगांव, थाना- जिगना मीरजापुर मो0 नं0- 9935341125 से मिलेगा और उनके साथ बालू खनन माफिया द्वारा मारपीट, गाड़ी क्षतिग्रस्त करने व छिनैती के मामले की जाँचकर रिपोर्ट पार्टी कार्यालय में प्रस्तुत करेगा। वस्तुस्थिति की पूरी जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेष यादव व प्रदेष अध्यक्ष श्यामलाल पाल को दी जायेगी।

### प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को मिली बड़ी सफलता



**काउंसिलिंग के माध्यम से 05 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया**

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनन्दन" के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली है । रविवार को जनपद मीरजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 05 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुई काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया । उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान महिला निरीक्षक- सीमा सिंह, महिला उप-निरीक्षक शशि तिवारी, महिला मुख्य आरक्षी-सावित्री यादव, महिला आरक्षी सपना व पिंकी जायसवाल, परिवार परामर्श केन्द्र सदस्यगण डा0 कृष्णा सिंह व निर्मला राय मौजूद रहीं।

### विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के सरंक्षक प्रवी कुमार कसेरा ने



**90 वर्षीय बुजुर्ग महिला मरीज के लिए अपना 6 वां रक्तदान किया**

**मीरजापुर।** विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के सरंक्षक प्रवी कुमार कसेरा ने 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला मरीज के लिए अपना 6 वां रक्तदान किया। प्रवी जी ने बताया कि आज जब हमको ड्रुस्त्रज्ञ ग्रूप में आये केस के बारे में जानकारी मिली कि रामकृष्ण मिशन सेवाआश्रम में भर्ती महिला मरीज को 1 यूनिट ब्लड की मदद चाहिए तो हमने स्वंय अपनी सहमति रक्तदान करने की दी ताकि अन्य कोई मेरे जगह न जाये अक्सर होता है मुझे अवसर नही मिल पाता कोई न कोई लपक से रक्तदान करने चला जाता है । मौके पर उपस्थित संस्था के अध्यक्ष कृष्णानन्द हैहयवंशी ने कहा कि विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट अपने अनमोल रक्तवीरो से साथ 24 घण्टे सेवा देने हेतु अग्रसर रहती है जब भी किसी जरूरतमंद इमरजेंसी मरीज को ब्लड की जरूरत पड़ी है अपने रक्तवीर सदस्यों ने रक्तदान के जरिये मदद के साथ इंसानियत का फर्ज निभाया है ।




# जनपद में 10 जुलाई से 31अगस्त तक धारा-144 दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 लागू-जिला मजिस्टेट

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही-** जिला मजिस्टेट विशाल सिंह के आदेश अन्तर्गत जनपद भदोही में धारा-144 दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973, 10 जुलाई से 31 अगस्त तक लागू की गई है। आगामी मोहर्रम का त्यौहार दिनांक 17.07.2024 को स्थानीय चन्द्रदर्शन के अनुसार, लवकुश मेला जन्म स्थली सीतामढी थाना कोइरौना तहसील ज्ञानपुर, भदोही में दिनांक 07 से 15 जुलाई 2024 तक विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी अखिल भारतीय राष्ट्रीय रामायण मेला कार्यकम, श्रावण मास दिनांक 22.07.2024 से प्रारम्भ हो रहा है। दिनांक 22.07.2024 से श्रावण मास के अन्त तक जी0टी0रोड औराई से भदोही मार्ग पर कावरियों/शिव भक्तों / श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न मंदिरों पर गंगा घाट एवं नदियों/ सरोवरों से पवित्र जल को लेकर जलाभिषेक शिव मन्दिरों पर किया जाता है, जिससे श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी रहती है। श्रावण मास में जी0टी0 रोड पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने व विभिन्न प्रकार के परीक्षाओं, त्यौहार आदि के दृष्टिगत असामाजिक एवं अवांछनीय तत्वों की गतिविधियों एवं उनके किया कलापों से शान्ति भंग होने की सम्भावना उत्पन्न हो सकती है। अतः जनपद भदोही की सीमा के अन्तर्गत लोक प्रशान्ति एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत मैं विशाल सिंह, जिला मजिस्ट्रेट, भदोही



दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए निम्न आदेश पारित करता हूँ-

कोई भी व्यक्ति ईट-पत्थर, आग्नेयास्त्र / विस्फोटक पदार्थ, तलवार, भाला, भुजाली, लाठी डण्डा या 05 सेमी0 से अधिक फल वाली छूरी / धारदार हथियार अथवा अन्य किसी ऐसे हथियार को लेकर नही निकलेगा और न ही इसका प्रदर्शन करेगा और न ही एकतित्र करेगा, जिसका उपयोग आक्रमण के लिए किया जा सके। यह आदेश ड्युटी पर तैनात मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी तथा सिख व गोरखा जाति के व्यक्तियों पर जो प्रथा के अनुसार कृपाण व खुखरी के अधिकारी है, पर लागू नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति साम्प्रदायिक विद्वेष पैदा करने वाले भाषण तथा लोक प्रशान्ति को विक्षुब्ध करने वाले उत्तेजक भाषण व नारे आदि नही लगायेगा। कोई भी व्यक्ति गलत अफवाह नही फैलायेगा और न ही जनता में इस प्रकार की नोटिसे पर्चे अथवा साहित्य प्रकाशित अथवा वितरित करेगा जिससे कि उत्तेजना फैले और हिंसा का मार्ग प्रशस्त्र होकर लोक प्रशान्ति विक्षुब्ध हो। कोई भी व्यक्ति जुलूस अथवा सभा किसी सार्वजनिक स्थान पर अधोहस्ताक्षरी अथवा सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट के पूर्व अनुमति के प्राप्त किये बिना नही करेगा / निकालेगा और न ही किसी ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग करेगा।

किसी भी सार्वजनिक स्थान अथवा सड़क या गली में चार (04) से अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे। गृह मंत्रालय, भारत सरकार / उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत कोविड-19की गाइडलाइन्स में जारी दिशा निर्देशों के साथ ही सोशल डिस्टेंसिग का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा। यह आदेश जनपद भदोही के सम्पूर्ण जनपदीय क्षेत्र में दिनांक 10.07.2024 से दिनांक 31. 08.2024 तक यदि इसके पूर्व वापस न ले लिया जाय, प्रभावी रहेगा। उक्त प्राविधानों की अवज्ञा भा0द0वि0 की धारा-188 तथा आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 से 60 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा। चूँकि स्थिति की गम्भीरता तथा तात्कालिक आवश्यकता को देखते हुए इस आदेश को शीघ्र प्रभावी करना आवश्यक है और समयाभाव के कारण दूसरे पक्ष को सुनवाई का अवसर प्रदान करना सम्भव नहीं है। अतः यह आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है। यह आदेश मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से आज दिनांक 10.07.2024 को जारी किया गया। यह आदेश तात्कालिक प्रभाव से लागू है।

# पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा

**● साइकिल चलाने से सर्वांग व्यायाम होता है - मुश्ताक अंसारी - प्रधानाध्यापक बिरनई प्राथमिक विद्यालय**

**वृक्ष लगाए पर्यावरण बचाए - अताउल अंसारी**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** साइकिलिंग क्लब के अध्यक्ष अताउल अंसारी की अध्यक्षता में सुबह गोपीगंज बड़ा चौराहा से एक पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा निकाली गयी। यात्रा में शामिल बिरनई प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुश्ताक अंसारी ने कहा कि एक एक योग को एक एक अंग के लिए बनाया गया है और किया जाता है लेकिन जब हम साइकिल चलाते हैं तो पुरे शरीर का योग व्यायाम होता है। जितनी देर हम साइकिल चलाते हैं उतनी देर मोटर साइकिल या कार चलाने से भी बचते है तो कह लीजिये कि शरीर को स्वस्थ और पर्यावरण को स्वत्छ



रखने में भी मदद मिलती है। सभी को सुबह उठकर कुछ न कुछ व्यायाम के साथ साथ, आस-पास के कार्य साइकिल से करने चाहिए। प्रधानाध्यापक मुश्ताक अंसारी और समाजसेवी बेचन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया।

साइकिल यात्रा आरंभ होकर पड़ाव, जोगिनाका, कठौता, चहरपुर, हरदेवपुर चक मान्धाता, मिनी स्टेडियम, धारा विशम्भरपट्टी का भ्रमण करते हुए वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे भदोही को स्वस्थ्य बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए तुरंतपुर में इसका समापन हुआ।

बताते चले की पुरेगुलाब गोपीगंज निवासी अताउल अंसारी की अध्यक्षता में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक रविवार को 2021 से साइकिल यात्रा निकाली जा रही है। इस क्रम में पूर्व में ये साइकिल यात्रा कई प्रदेश में पहुचकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं और अब इनके इस मुहिम में जिले के कई चिकित्सक, अधिकारी, अधिवक्ता, अध्यापक, युवा, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि भी सम्मिलित होकर स्वास्थ्य जागरूकता के लिए प्रत्येक रविवार को साइकिल यात्रा में सम्मिलित हो रहे है। वही अताउल अंसारी के इस पहल की लोगों मे खूब सराहना हो रही है। साइकिल यात्रा में अताउल अंसारी अध्यक्ष, बेचन सिंह, शशिकान्त पाण्डेय, सत्यदेव यादव, मनीष पाण्डेय, आफताब आलम, अबरार हाश्मी, अनिल बिन्द, प्रमोद मौर्या, कमलेश कश्यप, महेंद्र यादव, मंजूर आलम, महमूद आलम, प्रवीण सिंह टंडन, लक्ष्य सिंह, जीत सिंह, प्रभात पाण्डेय, अमन गुप्ता, प्रेम गुप्ता, प्रदीप बिन्द, अनुराग शुक्ला, आदर्श सेठ, हंशराज यादव समेत आदि रहे।

# पुलिस टीम द्वारा पूछताछ के दौरान उग्र होकर गाली गलौज देने व अशांति फैलाने के कुल-11 आरोपी गिरफ्तार

**● आरोपियों द्वारा बारात में सूचना पर गई पीआरवी पुलिस टीम के साथ किया गया था दुर्व्यवहार व हमला**

स्वतंत्र प्रभात

दिनांक 12.07.2024 की रात्रि में थाना सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत महजूदा चौहान बस्ती में आई बारात में मारपीट की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस टीम पर आरोपियों द्वारा एक राय होकर गाली गुप्ता व कार्य सरकार में बाधा पहुंचाते हुए हमला कर पीआरवी वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। बारातियों/राहगिरों में अफराङ्कतफरी का माहौल उत्पन्न हो गया । अशांति फैलाने की घटना के संबंध में आरोपियों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-81/2024 धारा 191(2)/ 125/ 132/ 324(4)(5)/ 352/ 351(3) बीएनएस0 व 7 सीएलए एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाई प्रचलित की गई।

आज दिनांक 14.07.2024 को पंजीकृत अभियोग में पुलिस टीम द्वारा




विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में पूछताछ के दौरान के आरोपीगण एक राय होकर गाली गलौज देते हुए शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया गया। थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा मौके पर अशांति फैलाने के कुल 11 आरोपियों- 1.धर्मराज चौहान पुत्र छोटेलाल चौहान निवासी ग्राम नसार थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज उम्र लगभग 27 वर्ष 2.सूरज चौहान पुत्र फूलचन्द्र चौहान निवासी कछवा बाजार थाना कछवा जनपद मिर्जापुर उम्र लगभग 27 वर्ष 3.सुमारू चौहान पुत्र विजय चौहान निवासी ग्राम महजूदा थाना सुरियावां जनपद भदोही उम्र लगभग 24 वर्ष 4.नान्हक चौहान पुत्र भोथू चौहान निवासी ग्राम महजूदा थाना सुरियावां जनपद भदोही उम्र लगभग 40 वर्ष 5.दिलीप चौहान पुत्र संतलाल निवासी ग्राम महजूदा थाना सुरियावां जनपद भदोही उम्र लगभग 34 वर्ष 6.सुभाष चौहान पुत्र मुनई निवासी ग्राम महजूदा थाना सुरियावां जनपद भदोही उम्र लगभग 22 वर्ष 7.किशन चौहान पुत्र स्व0 शिवपूजन निवासी ग्राम पंचकोशी थाना सारनाथ जनपद वाराणसी उम्र लगभग 38 वर्ष 8.राजाराम चौहान पुत्र स्व0 सीताराम चौहान निवासी ग्राम महजूदा थाना सुरियावां जनपद भदोही उम्र लगभग 44 वर्ष 9.रीता चौहान पत्नी नान्हक चौहान निवासिनी ग्राम महजूदा थाना सुरियावां जनपद भदोही उम्र लगभग 36 वर्ष 10.गीता चौहान पत्नी राजकुमार चौहान निवासिनी ग्राम महजूदा थाना सुरियावां जनपद भदोही उम्र लगभग 42 वर्ष व 11.रेखा चौहान पुत्री पन्धारी चौहान निवासी ग्राम महजूदा थाना सुरियावां जनपद भदोही उम्र लगभग 19 वर्ष को ग्राम महजूदा से गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा 170/126/135 BNSS विधिक कार्यवाही करते हुए चालान मा0 न्यायालय किया गया।

# धूम धाम से निकली प्रभु जगन्नाथ जी की शोभायात्रा

स्वतंत्र प्रभात

**चील्ह, मीरजापुर।** विकासखंड कोन अंतर्गत ग्राम सभा तिलठी में रविवार शाम 6-00 के लगभग भगवान् श्री जगन्नाथ जी की भव्य शोभायात्रा गाजेबाजे के साथ रविवार को देर शाम मिश्रधाप पेट्रोल पंप से निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ बाबा श्याम दास शिव प्रसाद चौबे श्रवण कुमार ने आरती कर किया। शोभायात्रा ग्राम सभा के तिलोरापुर,



रामलीला मैदान, बाबा हरिहरनाथ मंदिर से होते हुए श्री पट्टी के हनुमान जी मंदिर पहुँच कर यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के दौरान जगह जगह ग्राम सभा वासियों ने भगवान् जगन्नाथ की आरती उतारी और प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान भीम मिश्रा कृपाल शंकर पांडे गोलू पुजारी, आदर्श उपाध्याय सत्यम यादव राजेश यादव, सत्येन्द्र दुबे आदि सहित बडी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे। यात्रा के दौरान शान्ति व सुरक्षा को लेकर चेतगंज पुलिस चौकी प्रभारी पुलिस आशुतोष सिंह मय दल बल के साथ मौजूद रहे।

# महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिलाओं/बलिकाओं को किया जा रहा जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

शासन द्वारा बालिकाओं/ महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में महिलाओं/ बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/ भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा मंदिर/ भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई। बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/ बालिकाओं/ छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे-



वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। एण्टी रोमियो टीम द्वारा बालिकाओं को बताया गया कि कभी भी आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना/ एण्टी रोमियों टीम व उ0प्र0 पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं/ बालिकाओं/ छात्राओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर बेझिझक कॉल करना चाहिए। महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाया गया एवं महिला अधिकारों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। साथ ही सभी बालिकाओं/ महिलाओं को बताया गया कि सभी थानो में महिलाओ की सुरक्षा/ सहायता हेतु महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहां पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण कराया जायेगा। सभी बालिकाओं/ महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बरों का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/ शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया। साथ ही एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा आसपास बेवजह घूम रहे युवकों/ शोहदों से पूछताछ कर चेतावनी दी गयी तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गयी।

# उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली जीत पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाई खुशी

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** रविवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय केआह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली जीत की खुशी में रोडवेज के पास जनता एक दूसरे को मिठाईयां खिलाते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि उपचुनाव में इंडिया गठबंधन कांग्रेस पार्टी को मिली जीत यह साबित कर दिया है कि जनता का झुकाव कांग्रेस पार्टी की तरफ बढ़ा रहा है श्री चौधरी ने कहा कि जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजन पाठक एवं जिला पंचायत सदस्य शिव शंकर चौबे ने



लोगों को मिठाई खिलाते हुए कहा कि अब देश की जनता परिवर्तन करना चाहती है जो भी चुनाव होगा जनता इंडिया गठबंधन को जीत आएगी

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं मीडिया प्रभारी मिन्हाज अहमद छोटे खान उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली जीत पर खुशी जताते हुए हुए कहा कि अब जनता को विश्वास हो गया है कि राहुल गांधी ही देश को चला सकते हैं श्री खान ने कहा कि जनता की तमाम समस्याओं को लेकर राहुल गांधी संघर्ष कर रहे हैं यह चुनाव साबित कर दिया है कि होने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी मजबूती से लड़ेगी। कार्यक्रम में उपस्थित पीसीसी सदस्य रमेश प्रजापति पप्पू अधिवक्ता कमलेश दुबे वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण दुबे रंग बहादुर मालवीय इश्तियाक अंसारी मनीष दुबे राजेंद्र विश्वकर्मा रितेश मिश्रा संदीप तिवारी नरेश चौधरी अनुज मिश्रा कुंज बिहारी उपाध्याय डॉ दिनेश चौधरी संतोष यादव महेश श्रीवास्तव भारत भूषण यादव विजय दुबे पहाड़ी कन्हैया लाल प्रजापति मन्नालाल पीटर कुमार रामकुमार प्रजापति।

# ऐतिहासिक मन्दिर व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का भूमि पूजन कर किया शिलान्यास

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** रविवार को विकास खण्ड छानबे के अन्तर्गत ग्राम नेगुरा (रिबई सिंह) में आज मा0 न्यायाधीश मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद श्रीमती मंजू रानी सिंह, मा0 विधायक छानबे श्रीमती रिंकी कोल एवं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने गांव में स्थित पौराणिक एवं ऐतिहासिक भगवान शंकर जी के मन्दिर एवं नवचयनित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर लोक सेवा आयोग के मा0 सदस्य कल्पराज सिंह भी उपस्थित रहें।

जनपद सदर तहसील अन्तर्गत विकास खण्ड छानबे के ग्राम पंचायत नेगुरा (रिबई सिंह) में स्थित ऐतिहासिक शंकर जी के मन्दिर का सुन्दरीकरण, रैन बसेरा व अन्य



कार्य हेतु पर्यटन विकास से 251.29 लाख की लागत से किये जाने वाले कार्य का आज उपरोक्त अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के द्वारा विधिवत पूजन अर्चन के साथ शिलान्यास किया गया तथा मन्दिर परिसर भाग में चन्दन, रूद्राक्ष आदि वृक्षों का पौधरोपण भी किया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा गांव में ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा नवचयनित 268.53 की लागत से निर्मित होने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भी विधिवत मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया। उपरोक्त दोनो कार्य उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड ईकाई मीरजापुर द्वारा कराया जाना हैं। जिलाधिकारी ने उपरोक्त कार्यो के निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुये कहा कि कार्य को प्रारम्भ करते हुये गुणवत्तापूर्ण व निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित कराए। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी छानबे मुनीश सिंह, जिला पंचायत शरद पार्थ सिंह, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्वामी नाथ सिंह के अलावा सुजीत मोदनवाल, रत्नाकर मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहें।

# संजय सिंह अध्यक्ष और हिमांशु सिंह चुने गए मंत्री

**●उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का सीखड़ विकासखंड चुनाव संपन्न।**

स्वतंत्र प्रभात

**सीखड़, मीरजापुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सीखड़ विकासखंड में अध्यक्ष और मंत्री पद का चुनाव रविवार को संपन्न हो गया, जिसमें संजय सिंह अध्यक्ष और हिमांशु सिंह मंत्री चुनें गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को बी.आर.सी. सीखड पर प्राथमिक शिक्षक संघ के चुनाव में अध्यक्ष और मंत्री पद के लिए दो - दो प्रत्याशी क्रमशः संजय सिंह और अमरेन्द्र सिंह व हिमांशु सिंह और विरेन्द्र सिंह के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिला। संजय सिंह को 125 मत मिलें वही उनके प्रतिद्वंद्वी अमरेन्द्र सिंह को 91 मत मिलें, इस प्रकार 34 मतों से संजय सिंह ने दोबारा जीत हासिल कर अध्यक्ष का पद अपने पास बरकरार रखा। वही मंत्री पद के लिए पड़े कुल वोट में हिमांशु सिंह को 144 मत व उनके प्रतिद्वंद्वी विरेन्द्र सिंह को 73 मत मिला, इस प्रकार भुवालपुर प्राथमिक विद्यालय पर तैनात युवा अध्यापक हिमांशु सिंह ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 71 मतों के भारी अंतर से मात दी। बता दें कि इस चुनाव में कुल 222 मतदाता थें जिसमें 218 मत पड़े। चुनाव अधिकारी के रूप में संघ के सन्तोष सिंह,राम अचल सिंह,शाह मोहम्मद उपस्थित रहे। संजय सिंह के अध्यक्ष व हिमांशु सिंह को मंत्री चुनें जाने पर प्रकाश बाबू आजाद, विकास सिंह, प्रवीण मिश्रा, रत्नेश्वर सिंह, प्रशांत सिंह, अमित सिंह, सहित उपस्थित रहे सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

# जनपद को प्लास्टिक मुक्त करने को लेकर किया गया चर्चा

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** रविवार को इंटेलेक्चुअल्स क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क, विन्ध्य हॉकर यूनियन, निर्भेद फाउंडेशन, नेशनल हॉकर्स फेडरेशन , विंध्य ई रिक्शाचालक यूनियन के सयुक्त तत्वाधान मिर्ज़ापुर जनपद को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मुद्दो पर चर्चा की गई। स्थान ~,मंगलम वाटिका रमई पट्टी मिर्जापुर में संपन्न हुआ।

1 - नगर में एक प्लास्टिक मुक्त मॉडल वेडिंग मार्केट बनाना। जिसके तहत कचहरी पेट्रोल पंप से रामबाग पैट्रोल पंप तक के मार्केट का चुनाव



किया गया बैठक में निर्णय लिया।

2 - एक हाइजैनिक फूड मार्केट बनाने के लिए बलिया घाट के मार्केट का चुनाव होगा

3 - वेंडिंग जोन्स का पुनः सर्वे करके नए वेंडर को जोड़ना।

4 - गंगा नदी के किनारे फूड मार्केट बनाना और वेंडर्स को बढ़ोतरी करने के लिए प्रयास करना।

5 - जिला प्रशासन के साथ मिलकर टाउन वेंडिंग कमेटी के माध्यम से मिर्जापुर में मॉडल मार्केट का निर्माण करना तथा पटरी दुकानदारों के लिए वेंडिंग जोन का निर्माण करना। बैठक में उपस्थित सुरेश कुमार त्रिपाठी एडवोकेट, अरूण चन्द पाण्डेय एडवोकेट, मनीष सिंह एडवोकेट, सुरेश यादव एडवोकेट, स्मृति गुप्ता एडवोकेट, शशांक शेखर मिश्र एडवोकेट, धीरज पाण्डेय ,राहुल गुप्ता , आशीष गुप्ता एडवोकेट, ईश्वर, सोनभद्र लीडर दिनेश गुप्ता, संजय आदि लोग मौजूद रहें है।

# कार के टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

स्वतंत्र प्रभात

**अदलहाट, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के वाराणसी-मीरजापुर मार्ग पर शनिवार को देर रात कार के टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गये ।घायलों को बीएचयू वाराणसी ट्रामा सेन्टर भर्ती कराया गया है।

वाराणसी जनपद लंका थाना क्षेत्र के छित्तूपुर निवासी बादल मौर्य पुत्र राम जी मौर्य व मीरजापुर के प्लम्बर मिस्त्री लल्लू को साथ लेकर बाइक से विन्ध्याचल से वाराणसी जा रहा था।इसी दौरान प्रतापपुर स्थित टोल प्लाजा के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दिया।जिससे दोनों बाइक सवार घायल हो गये ।दोनों घायलों को एम्बुलेंस से बीएचयू वाराणसी ट्रामा सेन्टर भर्ती कराया गया है। घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। घायल बादल मौर्य के भाई उज्जवल मौर्य के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कार व चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### समाधान दिवस में 19 प्रार्थना पत्र आए। निस्तारण एक का भी नही।



**फूलपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के महत्वपूर्ण कार्यक्रम थाना समाधान दिवस में फूलपुर थाने पर कुल 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, निस्तारण शून्य रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना निरीक्षक दीनदयाल सिंह ने किया। थाना स्तर पर राजस्व संबंधी मामले अधिकता से आते हैं। इसलिए वरिष्ठ आर आई समर सिंह को राजस्व मामले संभालने की जिम्मेदारी दी गई थी। कार्यक्रम में हल्के के उप निरीक्षक भी अपने क्षेत्र की समस्या हेतु उपस्थित रहे। प्रार्थना पत्रों को संबंधित लेखपालों व उप निरीक्षक गणो को निस्तारण हेतु सौंपे गए। इस अवसर पर उप निरीक्षक उपमा मोनिस आलम अमीरुद्दीन चौकी इंचार्ज आकाश सचान आदि मौजूद रहे।

### घर में घुसकर लाखों रुपए व मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी!

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़,थाना क्षेत्र के नगर पंचायत शंकरगढ़ स्थित महिला अस्पताल प्रांगण में हनुमान मंदिर से पांच मुकुट चांदी का चोर चोरी कर ले गए। जानकारी के मुताबिक महिला अस्पताल प्रांगण में स्थित हनुमान मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने पंचमुखी हनुमान जी के पांच मुकुट चोरी कर लिए जिसकी शिकायत स्थानी लोगों ने शंकरगढ़ पुलिस सी की मंदिर की पुजारी शरद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सुबह जब हम लोग मंदिर का दरवाजा खोलकर अंदर गैस देखा कि पंचमुखी हनुमान जी का पांचो मुकुट गायब था जो लगभग 1 किलो का था नगर की ही हनुमान भक्त ने मुकुट को दान स्वरूप दिया था सूचना पर शंकरगढ़ पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल की परंतु नतीजा कुछ नहीं निकला।

### गश्त पर निकले सिपाही की सड़क दुघर्टना में मौत!



**फाफामऊ।** गंगानगर के फाफामऊ थाने में तैनात सिपाही की गश्त पर निकलने के दौरान सड़क दुघर्टना में मौत हो गई। उनका शव सड़क के किनारे खोदे गए पानी भरे गड्ढे में मिला। घटना की जानकारी होते ही पुलिस पहुंच गई। शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार गंगानगर के फाफामऊ थाने में तैनात सिपाही वीरेंद्र कुमार यादव शनिवार की रात को बाइक से गश्त पर निकले थे। मलाक हरहर गांव के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह सड़क चौड़ीकरण के लिए खोदे गए गड्ढे में चले गए। गड्ढे में भरे पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। सुबह लोगों ने उन्हें मृत अवस्था में देखा तो घटना की जानकारी थाने में दी। मौके पर पुलिस अधिकारी पहुंच गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### महाकुंभ 2025 से पहले नैनी का यमुना पुल दबा,अफसरों की बढ़ी टेंशन



**प्रयागराज।** बिहार में एक महीने के अंदर 17 पुल धराशाई हो चुके हैं।बारिश के मौसम में विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से पुलों के धराशायी होने की घटनाएं सामने आ रही हैं।बिहार के बाद अब उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के नैनी में यमुना पर बने पुल के दबने का मामला सामने सामने आया है।राहत सिर्फ इतनी है कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सेतु यानी न्यू यमुना पुल पर कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ कार्य की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल।

### सकिपा की ग्राम मासिक बैठक 15 जुलाई सोमवार को

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में प्रति माह 15 तारीख को गांव गांव होने वाली ग्राम मासिक बैठक कल 15 जुलाई सोमवार समय 12 बजे से जिले भर के कई गांवो में होगी। बैठक में बिजली कटौती एवं नहरों में जलापूर्ति न होने जैसी समस्यायों को लेकर चर्चा होगी, ऐसी जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी है।

## बायो फर्टिलाइजर ,सागरिका तथा नैनो उर्वरकों का ज्यादा से ज्यादा प्रचार करे। अभिमन्यु राय

**● - उर्वरक विक्री केन्द्रो के विक्रेता के लिये सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।**

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** इफको के राज्य विपणन प्रबंधक अभिमन्यू राय ने सभी विक्रेता बंधुओ को इफको उत्पादों के गुणो को विस्तार से किसानों के बीच रसायनिक उर्वरकों की बढ़ती लोकप्रियता को धीरे-धीरे कम करने एवं बायो फर्टिलाइजर, सागरिका तथा नैनो आधारित उर्वरकों का ज्यादा से ज्यादा किसानों के बीच में प्रचार के लिए निर्देश दिया। जिससे उन्होंने आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण, पीने का स्वच्छ पानी एवं अच्छी गुणवत्ता की जमीन के साथ ही स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण अन्न भी मिले। श्री राय मोतीलाल नेहरु फारमर्स ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट, कारडेट, इफको, फूलपुर मे प्रयागराज जनपद के इफको उर्वरक बीक्री केन्द्रो के सौ से अधिक विक्रेता बंधुओं के लिये नैनो उर्वरक आधारित सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इसी क्रम में मुख्य अतिथि ने पीएम प्रणाम योजना के विषय में विस्तार से जानकारी भी दी। कारडेट प्रबंध समिति के सदस्य आर.पी.सिंह बघेल ने अपने अनुभव साझा किये और मार्गदर्शन किया। कॉर्डेट फूलपुर के जैव उर्वरक इकाई के राजेश कुमार सिंह ने



खेती में जैव उर्वरकों के प्रयोग के विषय में विस्तार से जानकारी दी। इफको एमसी के रविंद द्विवेदी ने विभिन्न कीटनाशकों खरपतवार नाशियों के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन इफको प्रयागराज के क्षेत्र प्रबंधक अक्षय पांडे ने की।

## तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

**● - जनपद न्यायालय में प्रशासनिक न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा द्वारा किया गया शुभारम्भ।**

**कुल 2,10,591 वादों का रिकॉर्ड निस्तारण।**

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज के तत्वाधान में जनपद न्यायालय प्रयागराज व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रशासनिक न्यायमूर्ति, सिद्धार्थ वर्मा द्वारा किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 210591 वादों का निस्तारण किया गया। जनपद न्यायाधीश प्रयागराज द्वारा 03 वाद फौजदारी के कुल 10481 वादों का पारिवारिक न्यायालय द्वारा कुल 73 वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया गया।

पारिवारिक न्यायालय द्वारा 10 जोड़ों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता करा कर उन्हें विदा किया गया। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय द्वारा 15 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, उत्तरी श्री राम कुशल द्वारा 200 व मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण दक्षिणी- प्रदीप कुमार द्वारा 69 वादों का निस्तारण राम प्रताप सिंह राणा के द्वारा विद्युत के 153 मामलों का निस्तारण शशि कुमार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा 4826 वाद, अमित कुमार रेलवे मजिस्ट्रेट के द्वारा 1537 वाद, दीक्षा वर्चुअल कोर्ट ट्रैफिक के द्वारा कुल 37400 प्री लिटिगेशन



वाद निस्तारित किए गए। राजस्व न्यायालय के द्वारा कुल 133456 वादों का बैंक के प्री लिटिगेशन के 896 मामले निस्तारित किए गए।रविकांत द्वितीय नोडल अधिकारी/एडीजे लोक अदालत के निर्देशन में समस्त विभागों से समन्वय स्थापित कर लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। यह जानकारी दिनेश कुमार गौतम सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा प्रदान की गई।

## फूलपुर हवेली के जामा मस्जिद से परंपरागत ढंग से निकला सातवीं मोहर्रम का बड़ा अलम

**● - रास्तों में शरबत, काफी और लंगर का भी किया गया इंतजाम।**

स्वतंत्र प्रभात

**फूलपुर।** नगर पंचायत फूलपुर में शनिवार को सातवी मोहर्रम के अवसर पर परंपरागत ढंग से दुलदूल का जुलूस निकाला गया। पूरे कस्बे में विभिन्न करतबों और मातम के साथ रास्ते भर नौहा पढ़ते हुए चलते रहे ,जुलूस की देखरेख के लिए प्रशासन भी मुस्तैद रहा,साथ ही इसमें गंगा जमुनी तहजीब भी देखने को मिली। हवेली के जामा मस्जिद से बड़ा अलम सुबह के 10 बजे निकला,बड़ा अलम निकाल करके मुल्लाना के इमामबाड़ा में पहुंचने के बाद दुलदुल निकाला गया ,दुलदुल बदरूल हसन जैदी उर्फ इरफान के घर से निकाला गया, मुल्लाना से जुलूस अपने कदीमी रास्ते से कोहना होते हुए 2.30 बजे दिन कैथाना मोहल्ला के इमामबाड़ा पहुंचा कैथाने के ताजियादार खुर्शीद अकबर ने काफी का लंगर किया मो कामिल ने शरबत का लंगर किया मोहल्ले के अन्य लोगों द्वारा भी काफी जगह पर लंगर किया जाता रहा, दुलदुल को लोग किशमिश,दूध जलेबी,खिलाकर चादर चढ़ाकर लोग मन्नत भी मांगते नजर आए। सत्तर अहमद के नेतृत्व में जुलूस के आगे आगे हुसैनी अखाड़ा के करतबबाजों ने विभिन्न तरीकों से करतब रास्ते भर दिखाते रहे, जुलूस कैथाने से निकलकर नई बस्ती से होकर मोहल्ला शुक्लाना, जाफरगंज, इस्माइलगंज, होता हुआ बानगी बाजार पहुंचा यहां पर अंजुमने अब्बासिया के लोगों ने नौहा पढ़ा, फिर मातम किया, जुलूस का इस्तेकबाल अनुज श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया मातम के बाद जुलूसबराईटोला, दुनियागंज, कर्नलगंज, जमीलाबाद, पूरा अच्छई, बाबूपुर, शेखपुर, से होकर रात में



वापस मुल्लाना पहुंचेगा। जुलूस में बदरूल हसन जैदी, जलालत हुसैन उर्फ शेखू भाई, हाजी सैय्यद इखलाक अहमद,इलियास अहमद, मो अरशद दानिश, सेराज अंसारी, रिजवान, शम्मू, ईशान जैदी, जमन, जेमी, नजम, अब्दुल्लाह मेंहदी, खुर्शीद अकबर, मो फुरकान, रूमी, तनवीर, आदि लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।मोतविली ब्लागत हुसैन के देख रेखा में सम्पन्न हुआ।जुलूस में प्रशासन भी मुस्तैदी से मौजूद रहा।

## बोरे में मिला महिला का अर्धनग्न शव, फैली सनसनी!

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** गंगानगर के झुंसी थाना क्षेत्र के बदरा सोनौटी गांव के कछार में रविवार की सुबह नाले में शव पड़ा मिला। शव को बोरे में भरकर फेंका गया था। ग्रामीणों की सूचना पर झूसी पुलिस मौके पर पहुंच गई। फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। महिला के शव को तेजाब डालकर विकृत कर दिया गया था। काफी देर तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। ऐसी आशंका है कि महिला की हत्या कहीं और पर करने के बाद उसके शव को झुंसी के कछार में ठिकाने लगाया गया है।जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बदरा सोनौटी गांव के कछार में रविवार की सुबह तकरीबन ग्यारह बजे चरवाहे जानवर चराने गए थे। तभी उनकी नजर नाले में पड़े एक प्लास्टिक के बोरे पर पड़ी। पास जाकर देखा तो बोरे में महिला की क्षत-विक्षत और अर्धनग्न लाश थी। शव पर तेजाब डालकर पहचान मिटाने की भी कोशिश



की गई थी। तेजाब से उसका चेहरा और शरीर का आधा हिस्सा बुरी तरह झुलस गया था।झुंसी थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और तफ्तीश शुरू की। बाद में फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। कई घंटे बाद तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। ऐसी आशंका है कि महिला की हत्या कहीं और पर करने के बाद उसके शव पर तेजाब डालकर पहचान मिटाने की कोशिश की गई। बाद में शव को झुंसी के कछार के नाले में फेंक दिया गया। पुलिस का मानना है कि देर रात महिला के शव को सोनौती गांव के नाले में लाकर फेंका गया होगा। झुंसी थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शिनाख्त की कोशिश की जा रही है।

## बारात में शामिल होने गये युवक की हुई मृत्यु चरी के खेत में मिली लाश

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मलिकपुर महेवा भरवारी गांव निवासी जगन सरोज अपने पुत्र उदल की शादी चरवा थाना क्षेत्र पैगम्बर पर गांव के मूल चंद्र सरोज की बेटी सुशीला देवी के साथ तय की थी तिलक समारोह बड़े धूमधाम से हुआ और 13 जुलाई 2024 शनिवार शाम को बारात बड़े धूमधाम के साथ पैगंबरपुर पहुंची घरातियों ने बारातियों की खूब आवभाव से स्वागत व सत्कार किया इसी बीच मलिकपुर महेवा गांव के एक युवक सदन उम्र लगभग 35 वर्ष भी बारात में गया हुआ था। जिसकी लाश चरवा थाना क्षेत्र में आज सुबह पूरे अयोध्या व रवैया दह के मध्य चरी के खेत में मिली हुई है जिससे ग्रामीणों में दहशत, हड़कम्मच गया ग्रामीणों ने तत्काल सूचना थाना प्रभारी चरवा को दिया सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त करवाया शिनाख्त के बाद सूचना मृतक के परिजनों को दी गई तो परिजन रोते बिलखते लगाते हुए घटना स्थल के पास पहुंचे






हालांकि युवक की मृत्यु कैसे हुई यह कोई बताने को तैयार नहीं हो रहा है जबकि युवक के सर और मुंह में चोटे आई हैं युवक के पांच बच्चे हैं अब युवक के पत्नी और पांच बच्चों की देखभाल करने वाला घर पर कोई नहीं बचा है बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है पांचो बच्चों की परवरिश करने के लिए गरीब और असहाय महिला ही बची है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल वाद 33 हजार 599 का निस्तारण कर रूपये- 2 करोड़ 37 लाख 34 हजार 928 वसूला गया अर्थदंड

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश अनुपम कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। न्यायिक अधिष्ठान के सभी सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण एवं बैंक अधिकारी व कर्मचारीगण तथा जनमानस उपस्थित रहे।




राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के निस्तारण के क्रम में जनपद न्यायाधीश द्वारा कुल 02 वाद का निस्तारण किया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा कुल 63 परिवारिक वादों का निस्तारण किये गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायालय द्वारा 44 वादों का निस्तारण कर प्रतिकर के रूप में 1.06.30,000/- रू0 दिलाया गया तथा इसी क्रम में अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम् द्वारा कुल 06 वाद का निस्तारण कर 25,000/- रू0 का अर्थदण्ड वसूला गया।

अपर जनपद न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी द्वारा 02 वाद का निस्तारण कर 1,500/- रू0 का अर्थदण्ड वसूला गया। अपर जनपद न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वारा 03 वाद का निस्तारण कर 1,500/- का अर्थदण्ड वसूला गया। अपर जनपद न्यायाधीश सप्तम द्वारा कुल 07 बाद का निस्तारण किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश / त्वरित न्यायालय प्रथम द्वारा विद्युत अधिनियम के 108 यादों का निस्तारण किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश / त्वरित न्यायालय द्वितीय द्वारा कुल 01 वाद का निस्तारण कर 500/- रू0 का अर्थदण्ड वसूला गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा कुल 6038 फौजदारी यादों का निस्तारण कर 5.87.440 /- रू0 अर्थदण्ड वसूला गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट / सिविल जज सी0डि0 द्वारा कुल 550 वादों का निस्तारण कर 1,330/- रू0 का अर्थदण्ड अधिरोपित करने के अतिरिक्त 1,4,64,898/- रू0 का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया। सिविल जज सी0डि0/ त्वरित न्यायालय द्वारा कुल 280 यादों का निस्तारण कर 8,130/- रू0 अर्थदण्ड वसूला गया। सिविल जज जू0डि0 द्वारा 273 वादों का निस्तारण के अतिरिक्त 2,61,346/- रू0 का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 850 वादों का निस्तारण कर 15,800/- रू0 का अर्थदण्ड वसूला गया। इसी प्रकार अपर सिविल जज जू0डि0 द्वितीय द्वारा 229 वादो का निस्तारण किया गया। सिविल जज जू0डि0/ त्वरित न्यायालय प्रथम् द्वारा कुल 584 वाद निस्तारित कर 35,900/- रू0 अर्थदण्ड वसूला गया। ग्राम न्यायालय, चायल द्वारा कुल 151 वाद निस्तारित कर 12,850/- रू0 का अर्थदण्ड वसूला गया। जिले के समरत राजस्व न्यायालयों द्वारा 23281 वादों व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा 462 वादो का निस्तारण कर 12,50,000 रु0 जमा कराया गया। न्यायालय, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवायें), कौशाम्बी द्वारा सुलह समझौते के आधार कुल 06 मामले का निस्तारण किया गया तथा बैंक के ऋण वसूली वादों से सम्बन्धित जनपद के सभी बैंको के द्वारा 659 वादों का निस्तारण कर 1,11,67,308 रू0 जमा कराया गया। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल वाद 33599 का निस्तारण कर 2,37,34,928 रू0 अर्थदंड वसूला गया।तदोपरान्त प्राधिकरण के सचिव/ अपर जनपद न्यायाधीश,पूर्णिमा प्रांजल द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया तथा लोक अदालत की समाप्ति की घोषणा की।

## मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का 29 प्राथमिक केन्द्रों में किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद मे प्रत्येक रविवार को मा. मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है जनपद कौशाम्बी में 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आज दिनांक 14-07-2024 को आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गयी है। (08) सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्रो मे स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है। डा0 सुष्पेन्द्र कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी ने निरीक्षण के लिए आदेशित किया उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एच0पी0मणि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर का निरीक्षण किया व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.सुनील सिंह ने सामु0 स्वास्थ्य



केन्द्र आलमचन्द का निरीक्षण किया उप मुख्य चिकित्साधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है। अन्य उप मुख्य चिकित्सा/अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियो ने भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो का निरीक्षण किया आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 46 चिकित्साधिकारी व 118 पैरामेडिकल कर्मचारी की ड्यूटी लागायी गयी थी। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगो से ग्रसित कुल (0977) मरीजों का चिकित्सको द्वारा उपचार किया गया एवं (16) मरीजों को जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर कौशाम्बी सन्दर्भित किया गया। साथ साथ मेले मे कुल (049) गोल्डेन कार्ड भी बनाये गये।

## डिजिटलीकरण के विरोध में शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने खोला मोर्चा

**● - 7 सूत्री मांगों के निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को आज सौंपेंगे**

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग के डिजिटलीकरण के विरोध में सोमवार को शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा उ.प्र. के बैनर तले मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को देंगे।

आज के ज्ञापन कार्यक्रम में जूनियर शिक्षक संघ, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, प्रा.शि.संघ, टी एस सी टी, बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन,अटेवा पेंशन बहाली मंच,



विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन,महिला शिक्षक संघ, एससी एसटी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन, शिक्षा मित्र संघ,अनुदेशक संघ प्रतिभाग करेंगे।इस ज्ञापन कार्यक्रम के संबंध में संयुक्त मोर्चा के संयोजक मंडल के सदस्य ओमदत्त त्रिपाठी ने बताया कि शिक्षक अपनी समस्याओं के निस्तारण बगैर ऑनलाइन अटेंडेंस लागू करने के विरोध में हैं,उसी के क्रम हाफ डे लीव,30 ईएल सहित 7 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मांग की गई है। शिक्षक अपनी व्यवहारिक मांगों के माने जाने तक बहिष्कार करते रहेंगे।

## कांग्रेस पार्टी की 7 राज्यों 13 विधानसभा उपचुनाव में इण्डिया गठबन्धन की प्रचण्ड बहुमत से जीत

**● - खुशी में चरवा गांव में जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में लड्डू बांट कर किया खुशी इजहार**

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में आज दिनांक 14.7.2024 को चरवा नगर पंचायत में कांग्रेस पार्टी एवं इण्डिया गठबन्धन की प्रचण्ड बहुमत जीत की खुशी में लड्डू खिलाकर ग्राम वासियों व नगर वासियों के साथ मिलकर मनाया गया जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी कौशाम्बी के शानदार जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि यह जो 7 राज्यों में इण्डिया गठबन्धन एवं कांग्रेस पार्टी की प्रचण्ड बहुमत की जीत हुई है यह जीत लोकतन्त्र की जीत है यह जीत संविधान बचाने की जीत है यह जीत युवा, छात्र और महिलाओं की जीत है जिनके भविष्य के साथ भाजपा सरकार ने खिलवाड़ किया है मैं कौशाम्बी जिले के सभी देवतुल्य जनता को इस जीत की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इस मौके पर कांग्रेस की छात्र विंग हस्ढ्ढ के जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी "आजाद" ने कहा की इस जीत की बधाई मैं अपने जननायक नेता प्रतिपक्ष आदरणीय राहुल गांधी को देना चाहूंगा कि आपने सदन में मजलूम और बेसहारा की आवाज को उठाया और मैं 7 राज्यों की सभी सम्मानित जनता को यह बधाई देना चाहूंगा कि अपने लोकतन्त्र को बचाने में अपना मतदान दिया सभी को बहुत-बहुत बधाई युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अलकमा उस्मानी ने कहा कि सात राज्यों की जनता ने सरकार को करारा जवाब दिया है कि यह देश भाईचारा एकता से चलता है यह देश प्रेम और सौहार्द से चलता है जिसका जीता जागता सबूत इन 7 राज्य और 13 विधानसभा के चुनाव में जनता ने दिया मैं 7 राज्य की देव तुल्य जनता को इस जीत की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय ने किया



इस जश्न की खुशी में मौजूद कौशाम्बी जिले के वरिष्ठ नेता राम बहादुर त्रिपाठी, महेन्द्र मिश्रा ,अशोक पाण्डेय (सभासद) , दीपक पांडे (बाबूजी), नूरुद्दीन जमा, निक्की पाण्डेय, हस्ढ्ढ के प्रदेश महासचिव उदय यादव, मोहम्मद मसरूर(शाहरुख), उज्वल यादव नेवादा, हेमंत रावत , गुड्डू रैदास, रामप्रकाश, अरविंद यादव, शिवकुमार, पवन यादव छेदीलाल पाल ,अजय सिंह विनोद सरोज, विकास राजपूत, रमेश गौतम और समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

## दुल्हन का श्रृंगार करने के रुपये मांगने पर युवक को बांधकर पीटा

**पीलीभीत।** दुल्हन का श्रृंगार करने के रुपये मांगने पर दुल्हन के परिवार वालों ने ब्यूटी पॉर्लर संचालक को घर बुलाकर मारपीट की। आरोप है कि उसका मोबाइल फोन भी तोड़कर फेंक दिया और जेब में रखे 10 हजार रुपये छीन लिए। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शेर मोहम्मद निवासी अनुज भारती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह ठेका पुलिस चौकी के पास ब्यूटी पॉर्लर संचालित करता है। मोहल्ला मोहम्मद वासिल निवासी एक व्यक्ति की बेटी की शादी 10 जुलाई को थी। दुल्हन का श्रृंगार कराने के लिए 15,200 रुपये में बात तय हुई। श्रृंगार करने के बाद आरोपियों ने एक दो-दिन में रुपये देने की बात कही। शुक्रवार शाम आठ बजे सतीश को कॉल कर रुपये देने के लिए कहा तो उन्होंने घर आने की बात कही। इस पर ब्यूटी पार्लर संचालक उनके घर चला गया। आरोप है कि वहां बंदकर उसकी पिटाई की गई। मेकअप खराब करने की बात कहकर उन्होंने रुपये देने से इन्कार कर दिया। जेब में रखे रुपये छीनने के साथ ही मोबाइल फोन भी छोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नरेश त्यागी ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली थी। मामले की जांच कराई जा रही है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## मुहर्रम पर्व को लेकर करौं थाना में शान्ति समिति की बैठक हुई सम्पन्न



**करौं, देवघर, झारखंड-** रविवार को अनुमण्डल के करों थाना प्रभारी विकाश पासवान व अंचलाधिकारी के संयुक्त तत्वावधान में करौं थाना परिसर में मुहर्रम पर्व को लेकर शंति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक कार्यकर्त्ता, जनप्रतिनिधि व विभिन्न समुदाय के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान थाना प्रभारी विकाश पासवान ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से मुहर्रम मनायें व अफवाहों से दूर रहें और त्योहार में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनायें रखें। किसी भी प्रकार की शिकायत हो तो थाना को सूचित करें। कहा कि त्योहार के दौरान असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। मौके पर दिलीप यादव, प्रह्लाद दास, जितेन्द्र यादव, नवल सिंह, मिथलेश सिंह, हृषिकेश सिंह, इदरीश अंसारी, हेमन्त सिंह समेत बदिया, डिण्डा कोली, रानीडीह, विरेन गड़िया आदि पंचायतों के गणमान्य उपस्थित थे।

## भंडरा में बिरंची नारायण का भव्य रूप से किया गया स्वागत - विवेक सोनी



**भंडरा, लोहरदगा, झारखंड** भंडरा चौक में भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा विधानसभा अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा के मुख्य अतिथि बोकारो के विधायक सह विधानसभा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण का भंडरा प्रखण्ड अध्ययन विवेक सोनी के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद लोहरदगा नगर भवन सभा स्थल तक स-सम्मान पहुँचाया गया। मौके पर कैलाश साहू, राजकिशोर साहू, धनंजय तिवारी, छेदी राम, दामोदर तिवारी, केदार प्रसाद भोला साहू, उमेश साहु, मनोज साहू, परमेश्वर उरांव, विनय उरांव, राजन राणा, आनंद ठाकुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुहर्रम पर्व को लेकर पाकुड़िया थाना प्रागंण में शान्ति समिति की बैठक हुई सम्पन्न



### बैठक में साम्प्रदायिक सोहार्द से शांत पूर्ण ढंग से मनावें त्योहार- बीडीओ

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** बीते रविवार को पाकुड़िया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी साइमन मरांडी की अध्यक्षता में विधिवत सम्पन्न? हुई। बैठक में मो इस्लाम मियाँ, शखात अंसारी, जयफूल अंसारी, मोतीलाल हांसदा एवम बड़ी संख्या में राजपोखर, मोंगलाबांध, ढेकीडूबा, पलियादह, सोल्ला, लकड़ा पहाड़ी के लोग उपस्थित थे। इस अवसर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने 17 जुलाई को होने वाले मुहर्रम पर्व को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि पूरी शांति व भाईचारे के साथ त्योहार को मनावें। डीजे पर अश्लील गाना नहीं बजे इसका ख्याल रखा जाय। उन्होंने आगे कहा कि लोगों को अफवाहों से बचना है। बीडीओ ने कहा कि त्योहार को शांत माहौल में मनावें।

## बहुजनों का साथ छोड़ पैसे बटोर रही मायावती



**अलीगढ़।** थाना सिविल लाइन इलाके के हैबिटेट सेंटर में बहुजन समाज के द्वारा चिंतन शिविर का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने मायावती पर बहुजनों का साथ छोड़कर पैसे बटोरने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बहुजनों ने हमेशा बहन कुमारी मायावती का साथ दिया लेकिन अब मायावती बहुजनों का साथ छोड़ पैसे बटोरने का काम कर रही हैं। बहन जी ने पार्टी के पदाधिकारियों का कोई ध्यान नही रखा और अब पार्टी में सिर्फ पैसा चलता है। लोगों ने कहा कि आज इस कार्यक्रम में चिंतन किया जा रहा है कि अब आगे बहुजन समाज किधर की ओर अपना रुख करेगा।

# विजय संकल्प रैली को लेकर पूर्व विधायक ने की बैठक

- आगामी विधानसभा चुनाव में हम पूरी शक्ति के साथ लड़ेंगे - मनोज यादव

प्रत्येक बुथ से पांच पांच कार्यकर्ता होंगे शामिल - विवेकानंद सिंह



स्वतंत्र प्रभात

**बरही** आगामी 16 जुलाई को आरएनवाईएम महाविद्यालय बरही में होने वाले भाजपा के विजय संकल्प सह अभिनंदन सभा को लेकर रविवार को भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अगुवाई मंडल अध्यक्ष अमित साहु ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बरही में आयोजित होने वाले विजय संकल्प रैली को सफल बनाने के लिए रूप रेखा तैयार की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि आगामी विस चुनाव को लेकर हम पूरी शक्ति के साथ लड़ेंगे। इसके लिए सबो को एकजुट होना होगा। जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने बताया कि सभा में बुथ से पांच पांच सक्रिय कार्यकर्ताओ को लाना है। मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सीएम बाबुलाल मरांडी व अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित रहेंगे। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चन्द्रवंशी, भाजपा एससी मोर्चा उपाध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, भाजपा जिला महामंत्री नेता सुनील मेहता, वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण यादव, राजदेव यादव, अवध यादव, सुनील सिंह, भारत सिंह, पदमा मण्डल अध्यक्ष बाबूलाल मेहता, बरही पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष अमित साहू, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष बंधन यादव, चंदवारा मण्डल अध्यक्ष द्वारिका राणा, चौपारण पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, चौपारण पूर्वी मण्डल अध्यक्ष सुरेश साव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र चंद्रवंशी, बरसोत मुखिया मोती लाल चौधरी, पंसस प्रतिनिधि सुजीत कुमार, अजय रजवार, मुकेश सिन्हा, किशुन यादव, उप मुखिया मनोज उपाध्य, प्रखंड महामंत्री किशोरी सिंह, बूथ अध्यक्ष लक्ष्मण पाण्डेय, विनोद यादव, ओबीसी मोर्चा के मनोज साव, मुन्ना यादव, एससी मोर्चा के नागेश्वर रजक, मनोज राणा, सचिन यादव, प्रभु यादव, सचिन यादव, पिन्टू ठाकुर, अरविंद कुमार आदि उपस्थित थे।

# प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर बीते मंगलवार को प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम पाकुड़ व्यवहार न्यायालय डालसा सभागार में सचिव अजय कुमार गुड़िया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सचिव अजय कुमार गुड़िया प्रशिक्षु डीएसपी अजय आर्यन सब इंस्पेक्टर सीआईडी अनूप कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।

उक्त कार्यक्रम में डीएसपी अजय आर्यन ने साइबर अपराध की घटना से बचाव को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारी दी साइबर अपराध की घटना अपराधी किसी भी प्रकार से कर सकते है, फर्जी कॉल कर डिटेल्स लेना फिर लोगों के खाते से पैसा निकाल लेना। इसके लिए जागरूक रहे किसी भी फर्जी कॉल से बचते हुए खुद सतर्क रहे और लोगों को भी जागरूक करे। किसी अनहोनी या साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत साइबर हेल्प नम्बर 1930 पर जानकारी दे। साथ ही नजदीकी थाना से संपर्क करें। कई घटनाओं को उदहारण देते हुए विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। सचिव अजय कुमार गुड़िया द्वारा साइबर अपराध से बचाव के लिए कई बिंदु पर चर्चा करते हुए जानकारी साझा की। अनुप कुमार सिंह सब इंस्पेक्टर सीआईडी ने सतर्कता अपनाने को कहा। साथ ही उपस्थित अधिवक्तागण के कई सवाल का जवाब देते हुए सफलता पूर्वक साइबर अपराध से जुड़े प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाया गया। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ व सहायक, मीडियटर अधिवक्तागण समेत सभी पैरा लीग जुवानाल वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे।

# भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सदर प्रखण्ड के रेवार ग्राम का किया सघन दौरा, ग्रामीणों की समस्याओं से हुई रूबरू



स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग** सदर विधानसभा के सदर प्रखण्ड स्थित रेवार ग्राम में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने रविवार को शिवमंदिर के शिवालय में पूजा- आर्चना कर ग्राम का सघन दौरा की शुरुआत की। ग्रामीणों से प्रधानमंत्री योजनाओं से संबंधित जनसमस्याओं से रूबरू हुई। उसके बाद प्राथमिक विद्यालय परिसर में जनचौपाल लगाकर केंद्रीय योजनाओं से संबंधित जानकारियां दिया। जनचौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश राणा एवं संचालन पूर्व विधायक प्रतिनिधि शिवपाल यादव ने किया। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने ग्रामीणों से मिलकर राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन एवं विधवा पेंशन सहित कई जनसमस्याएं सुनी। केंद्रीय योजनाओं से संबंधित समास्याओं पर जल्द समाधान करने का ग्रामीणों को भरोसा दिया। साथ ही अन्य मुलभुत समास्याओं की निराकरण में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर भाजपा नैत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है। आपकी हर समास्याओं की निवारण करूँ यही मेरी प्रयास है। मौके पर विशेष रूप से मंडल अध्यक्ष रणधीर पाण्डेय, पूर्व विधायक प्रतिनिधि शिवपाल यादव, मनमीत अकेला, रानी शुक्ला, अशोक शुक्ला, उमेश पाण्डेय, जयप्रकाश राणा, अजय यादव, लक्ष्मी गुप्ता, विनोद गुप्ता, दीपक यादव, वृजनंदन यादव, विनोद राणा, शिवकुमार राणा, रेवंती देवी, शोभा राणा एवं पिंकी राणा सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण शामिल रहे।

# स्वांग के न्यू माइनर्स कॉलोनी में जगह-जगह कचरे का अंबार



स्वतंत्र प्रभात

**गोमिया** प्रखंड के स्वांग दक्षिणी पंचायत अंतर्गत सीसीएल पोषित क्षेत्र न्यू माइनर्स कॉलोनी में एसओ सिविल ऑफिसर संजय कुमार व स्वांग कोलियरी के कनीय अभियंता सुजीत घोष समेत क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्यों ने निरीक्षण किया। इस दौरान कॉलोनी में जगह-जगह कूड़ेदान में कचरे के अंबार को देखकर संवेदक के विरुद्ध नाराजगी जताया। उन्होंने कचरे के अंबार को अविलंब साफ सफाई करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान कॉलोनी वासियों से कहा कि अपशिष्ट पदार्थो व कचड़े को इधर-उधर ना फेकें। प्रतिदिन कचरा डंप करने वाले रिक्शा में ही अपशिष्ट पदार्थ डालें। मौके पर आवासीय क्वार्टर में रहने वाले सीसीएल कर्मियों ने जर्जर पड़े आवासीय क्वार्टर में बरसात के दिनों में पानी चूने संबंधी समस्याएं और जर्जर पुराने पानी टंकी की असुविधा से अवगत कराया। इस पर अधिकारियों ने पुराने पानी टंकी को तोड़कर नया सिंटेक्स लगाने की बात कही। निरीक्षण कर रहे अधिकारियों ने कॉलोनी में डोर टू डोर जाकर विभिन्न समस्याओं का जायजा लिया। इस संबंध में अधिकारियों ने कहा कि कॉलोनी में व्याप्त समस्याओं को सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र जीएम को अवगत कराया जाएगा। मौके पर इकबाल अहमद, कामोद प्रसाद, कमलेश गुप्ता,पी के जायसवाल, शमसुल हक, टिकेत महतो, खुबाली मंडल शामिल थे।

# मोहर्रम पर्व को लेकर सतगावां थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



स्वतंत्र प्रभात

**सतगावां/कोडरमा-** बीते रविवार को सतगावां थाना परिसर मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी, जनप्रतिनिधि समेत समाज के बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरव कुमार एवं संचालन थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने किया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरव कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मोहर्रम पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाए। कहा कि वैसे असामाजिक तत्व जो मोहर्रम पर्व में हुड़दंग मचाने का कोशिश करेंगे उन्हें को बख्शा नहीं जायेगा। सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखी जायेगी। कोई भी अगर सोशल मीडिया पर कोई भ्रामक प्रचार या विवादित पोस्ट करते हैं तो उनपर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। श्री कुमार ने कहा कि पर्व को लेकर जगह-जगह पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और लगातार पेट्रोलिंग की जायेगी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरव कुमार, थाना प्रभारी विजय गुप्ता, प्रमुख प्रतिनिधि रामवतार चौधरी, उपप्रमुख मनोज कुमार निराला, अनिल यादव, चंद्रिका प्रसाद यादव, तुलसी प्रसाद अग्रवाल, अली हुसैन, नंदकिशोर साह, कन्हाई कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# गंदगी एवं बदबू से बजबजा रहा है नाफेड द्वारा बना टैंक, कचरा निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं



स्वतंत्र प्रभात

**कुडू लोहरदगा झारखंड-** स्वच्छ भारत मिशन के तहत कुडू में नाफेड द्वारा निर्मित कचरा टैंक आम जनों के लिए सिरदर्द बन गया है। कचरा निस्तारण की व्यवस्था न होने के कारण आम राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। अब तो बरसात शुरु होने के कारण उसमें दुर्गंध भी उठने लगा है। किसी महामारी की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता है। ऐसी स्थिति कुडू की हृदय स्थली इंदिरा गांधी चौक के समीप कुडू अस्पताल के समीप चंदवा रोड एवं प्रखंड कार्यालय चौक के समीप देखा जा सकता है। स्वच्छ भारत मिशन का खुला उल्लंघन है। टैंक तो बना दिया, लेकिन कचरा निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं होने से योजना के उद्देश्य पर सवालिया निशान है।

# मोहर्रम पर्व को लेकर कैरो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



स्वतंत्र प्रभात

**कैरो लोहरदगा झारखंड-** कैरो थाना प्रांगण में रविवार को मोहर्रम त्योहार को लेकर थाना प्रभारी नीरज झा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग गांव से मोहर्रम कमिटी व शांति समिति के लोगों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी नीरज झा ने कहा कि कोई भी त्योहार आपसी मेलजोल व खुशियों के लिए मनाई जाती है ऐसे में आयोजक समिति का दायित्व बनता है कि जुलूस आने जाने के क्रम में किसी को परेशानी न हो इस बात का धेयान रखी जाए। साथ ही किसी भी अफवाह में न पड़कर अगर कोई मामला की जानकारी हो तो थाना प्रशासन को सूचित करें। बैठक में उपस्थित लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखे। बैठक में थाना प्रभारी नीरज झा, 20 सूत्री अध्यक्ष अनीश अहमद, बलराम साहू, नाजिर आलम खान, विसेस्वर प्रसाद दिन, प्रवीण साहू, अख्तर अंसारी, चरकु सरदार, मनोज यादव, रहमान अंसारी, आफताब आलम, अख्तर आलम, छेदी अंसारी, मोहन साहू, इम्तियाज अंसारी, जमील अख्तर, अमीन अंसारी, कृष्णामनी यादव, नसीम अंसारी, जितबाहन महतो, बलराम साहू सहित कैरो, नरौली, हनहट आदि गाँवों के लोग मौजूद थे।

# देवर ने पेश की अनोखी मिसाल, भाई की मौत के बाद विधवा भाभी से रचाई शादी



स्वतंत्र प्रभात

**बरही** बरही के खोड़ाहर में समाज को संदेश देने वाली खबर सामने आई है। खोड़ाहर के एक युवक ने अपनी विधवा भाभी से शादी करके और जीवन भर उसके साथ रहने की कसम खाकर मिशाल पेश की है। वहीं दूसरी ओर युवक न केवल शादी की है बल्कि विधवा भाभी के साथ दो भतीजा की जिम्मेदारी उठा कर अनाथ बच्चों का पिता बन गए है। युवक संतोष कुमार है, वह अपने विधवा भाभी अंजनी कुमारी के साथ शादी के बंधन में बंध गए हैं। संतोष कुमार की ओर से लिए गए इस फैसले की हर तरफ तारीफ हो रही है। दरअसल 2020 में विकास कुमार का सड़क दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। उनके निधन से परिवार में मातम छा गया था। विकास कुमार के निधन के समय उन्हें दो पुत्र थे। विकास कुमार के मृत्यु के कारण दो पुत्र ने अपने प?िता की छांव को खो दिया था लेकिन संतोष कुमार ने अंजनी से शादी कर उनकी परवरिश करने का वायदा किया है। संतोष कुमार व आरती कुमारी के विवाहोपरांत भाजपा प्रदेश नेता सह सामाजिक कार्यकर्ता रंजीत चन्द्रवँशी, महिला नेत्री कविता कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता उमेश सिंह, ऋतुराज सिंह, प्रदीप सिंह, त्रिवेणी सिंह सहित अन्य लोगों ने आशीर्वाद दिया।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने काशी विश्वनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना , काल भैरव मंदिर में भी टेका माथा



स्वतंत्र प्रभात

**रांची, झारखंड-** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को बनारस (वाराणसी) पहुंचे। यहां उन्होंने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा विश्वनाथ महादेव जी से झारखंड वासियों की सुख, शांति, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। विश्वनाथ मंदिर में पूजा के बाद मुख्यमंत्री काल भैरव के मंदिर पहुंचे और वहां भी माथा टेका। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन भी मौजूद रहीं। इससे पहले हेमंत ने बनारस की गलियों में घूमे। उन्होंने कहा कि बनारस की गलियों में दुनिया का सार छिपा है। सीएम हेमंत सोरेने ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर बनारस की सारी तस्वीरें साझा की है। पहले पोस्ट में सीएम बनारस की गलियों में घूमते नजर आ रहे हैं। इस फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा कि बनारस की गलियों में दुनिया का सार छिपा है। दूसरे पोस्ट में हेमंत ने चार तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वो बाबा विश्वनाथ महादेव जी की पूजा अर्चना करते नजर आ रहे हैं। तीसरे पोस्ट में भी हेमंत ने चार फोटोज शेयर किया है। इसमें दोनों पति-पत्नी काल भैरव को हाथ जोड़कर प्रणाम कर रहे हैं।

# फतेहाबाद के गाँव पैतीखेड़ा में चल रही श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास ने धर्म की व्याख्या की



स्वतंत्र प्रभात

**फतेहाबाद-** फतेहाबाद के गांव पैतीखेडा में चल रही श्रीमद भागवत कथा के चतुर्थ दिन कथा व्यास ने धर्म की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि धर्म के मार्ग पर चलने वालों का कभी अहित नहीं होता। कथा व्यास पंडित रामसेवक शास्त्री ने कहा कि अधर्म कितना ही भारी क्यों न हो। एक दिन धर्म से हार ही जाता है। पांडव और कौरवों के बीच धर्म अधर्म का युद्ध हुआ था। जिसमें भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा की खातिर पांडवों का साथ दिया। कुरूक्षेत्र के मैदान में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा था कि यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्?। इसका अर्थ बताते हुए शास्त्री ने कहा कि हे भारत ! जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब-तब ही मैं अपने रूप को रचता हूं अर्थात साकार रूप से लोगों के सम्मुख प्रकट होता हूं। इसलिए सदैव व्यक्ति को धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। अधर्म के मार्ग पर चलने वालों का अंत बुरा होता है। इसके कई जीते जागते उदाहरण हैं। राजा कंस ने भी अधर्म के मार्ग पर चलते हुए जनता पर अत्याचार किए। जिसका नतीजा उसका अंत बुरा हुआ। कथा का आयोजन पंडित बिशम्भर दयाल महेरे एवं नारायणी देवी के द्वारा कराया जा रहा है । कथा का लाभ गांव के सभी श्रद्धालुओं ने श्रवण कर पुण्य लाभ कमाया।

# अनुष्ठान हमारे लक्ष्य की पूर्ति का साधन है:अनुकरण सागर



स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** महानगर के खिरनी गेट पर स्थित लख्मीचंद पांड्या खंडेलवाल दिगम्बर जैन मंदिर मे चल रहे सिद्धचक्र महामण्डल विधान के प्रथम दिवस पर प्रातःसर्वप्रथम अभिषेक सौधर्म इन्द्र राजीव जैन एवं अन्य इंद्रौ द्वारा किया गया है। शांतिधारा करने का सौभाग्य विजय कुमार जैन सेठ संस परिवार को प्राप्त हुआ। विधान में मंगल कलश स्थापित करने का सौभाग्य राजेंद्र जैन,नेहा जैन परिवार,अखंड दीप प्रज्जवलित अनिल जैन दोषी,रीता जैन दोषी परिवार,यंत्र विराजमान अरविंद जैन परिवार एवं शास्त्र विराजमान करने का महेंद्र कुमार जैन, सौरभ जैन पांड्या परिवार को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात नित्य नियम पूजन एवं विधान शुरू हुआ जिसमें आठ अर्ध के समक्ष श्रावक श्राविकाओं ने समर्पित किए। मुनि ने विधान में उपस्थित श्रृद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए विधान की महिमा को समझाया जैन परंपरा में सिद्ध चक्र महामंडल विधान का विशेष महत्व है उन्होंने बताया कि सिद्ध चक्र विधान में सभी पूजाएं समाहित हो जाती है।भाव विशुद्धि के साथ इस विधान का अनुष्ठान करने से घर-गृहस्थी के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं।ऐसी मान्यता भी है कि गृहस्थजनों के जीवनभर में हुए ज्ञात-अज्ञात पापों के प्रायश्चित के लिए एक बार ये विधान जरूर करना चाहिए। उन्होंने बताया कि हजारों साल पहले मैना सुंदरी नामक महिला ने पहली बार सिद्ध चक्र महामंडल विधान किया था और इसे करने से उसके पति का कुष्ठरोग ठीक हो गया था तभी से सिद्ध चक्र महामंडल विधान करने की परंपरा शुरू हुई।कार्यक्रम का निर्देशन बाल ब्रह्मचारिणी देवी बसंती दीदी एवं कल्पना ने किया।सांयकालीन सामूहिक प्रतिक्रमण एवं सामयिक दीदी द्वारा कराई गई एवं आरती, भजन प्रस्तुत किए गए।सभी के वात्सल्य भोजन के पुण्यार्जक प्रद्युम्न कुमार जैन,परमेष्ठि जैन परिवार रहे। कार्यक्रम मे मुनि सेवा समिति के अध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार जैन, मंत्री विजय कुमार जैन सेठ संस, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार जैन, मयंक जैन, सुरजीत जैन, यतीश जैन, रविंद्र जैन, प्रशांत जैन, नितिन जैन, राजा जैन, भारत जैन पाटनी, लवनीश जैन, कुनाल जैन, राहुल जैन एवं पुरूष, महिलायें और बच्चे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# जलभराव से निजात दिलाने के लिए 12 करोड़ खर्च करेगा नगर निगम



स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** महानगर में जलभराव की समस्या दूर करने के लिए ड्रेनेज सिस्टम पर 12 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जलभराव से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले रामघाट रोड, मैरिस रोड, सेंटर प्वाइंट में जल निकासी के लिए दिल्ली की एक एजेंसी से सर्वे कराया जाएगा। सर्वे के बाद आने वाली रिपोर्ट के आधार पर जलनिकासी का मास्टर प्लान बनाया जाएगा। नगर निगम की इसकी कार्ययोजना बनाना शुरू कर दिया है। 15वें वित्त आयोग से मिलने वाली धनराशि से मास्टर प्लान बना कर शहर में लागू कराया जाएगा।

नगर निगम को 15वें वित्त आयोग से 21 करोड़ रुपये से अधिक का बजट मिल गया है। इनमें 12 करोड़ रुपये महानगर में जलनिकासी पर खर्च होंगे। नालों की सफाई में देरी होने के चलते शहर में जलभराव रहता है। थोड़ी सी बारिश में कई इलाकों में जलभराव हो जाता है। कई दिनों तक जलनिकासी नहीं हो पाती है। जलभराव के चलते सड़कें भी टूट रहीं हैं। इनमें जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। फिलहाल नगर निगम द्वारा 12 करोड़ की लागत लगाकर महानगर में जलभराव से निजात दिलाई जाएगी।

# वर्तमान परिदृश्य में भाजपा की चिंता बढ़ी है

लोकसभा चुनाव के परिणाम और अभी कल ही आए 13 विधानसभा उपचुनाव के परिणामों को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी काफी चिंतित है। उत्तर प्रदेश की बात करें तो चुनाव परिणाम के बाद एक के बाद एक समीक्षा बैठकें हो रहीं हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार अपने सभी विधायकों, मंत्रियों और सांसदों के साथ बैठक कर रहे हैं। और यह भारतीय जनता पार्टी के लिए वर्तमान परिदृश्य में सही भी है। लोकसभा चुनाव के परिणाम और कल आए विधानसभा उपचुनाव के परिणामों में यह बात झलक रही है कि भारतीय जनता पार्टी का वोट प्रतिशत घट रहा है। हालांकि लोकप्रियता में अभी कोई कमी नहीं है लेकिन ऐसा क्यों हुआ इस विषय पर मंथन आवश्यक है। भारतीय जनता पार्टी का आलाकमान भी यह सोच रहा है कि पार्टी को भितरघात से बहुत बड़ा नुक़सान हुआ है। दूसरी क्यों कि जो प्रत्याशी हैलीकॉप्टर से उतारे गए थे उन्होंने वोट प्रतिशत को काफी कम किया है। यहां भविष्य के लिए भारतीय जनता पार्टी को फूंक फूंक कर कदम रखना महत्वपूर्ण होगा। नीतियां बनाते समय यह अवश्य देखना होगा कि कौन सा वर्ग ऐसा है जो भारतीय जनता पार्टी से नाराज़ चल रहा है। कल घोषित किए गए 13 राज्यों के परिणामों में यह देखने को मिल रहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने काफी कुछ इसमें बहुत कुछ खोया है। वैसे तो यह उपचुनाव थे इससे वर्तमान राजनीतिक पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है लेकिन यह भविष्य के लिए भी संकेत हैं कि आखिर हवा किस तरफ बह रही है। पश्चिम बंगाल की बात करें तो यहां चार सीटों पर हुए उपचुनाव में टीएमसी ने क्लीन स्वीप किया है। जिसमें से तीन सीटें उसने भारतीय जनता पार्टी से छीनीं हैं। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ने अपना जनाधार बढ़ाने के लिए जितनी मेहनत की है शायद इतनी मेहनत कि अन्य राज्यों में नहीं करनी पड़ी।

सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए थे जिनमें दस सीटों पर इंडिया गठबंधन ने जीत हासिल की और दो सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को विजय मिली जब कि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव जीता है। लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने क्लीन स्वीप किया था। लेकिन इस उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी दोनों राज्यों की दो सीटें हार गई। यह भारतीय जनता पार्टी के लिए एक विचारणीय प्रश्न है। बिहार में जदयू जो कि एनडीए का घटक दल हैं वह भी निर्दलीय प्रत्याशी से उपचुनाव हार गई। क्या धीरे धीरे जनता भारतीय जनता पार्टी से ऊब रही है। क्या भारतीय जनता पार्टी का जादू धीरे धीरे समाप्त हो रहा है या हार का कोई अन्य कारण है। यह भारतीय जनता पार्टी के लिए एक बहुत ही विचारणीय प्रश्न है। 2014 और 2019 में लोकसभा में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी आज 24 के चुनाव में बहुमत से दूर हो गई। और तो और जहां उत्तर प्रदेश में कहा जा रहा था कि अब यहां भारतीय जनता पार्टी को हराना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन है यहां भी भारतीय जनता पार्टी समाजवादी पार्टी से हार गई। समाजवादी पार्टी को लोकसभा की 37 सीटों पर विजय मिली जब कि भारतीय जनता पार्टी केवल 33 सीटों पर सिमट कर रह गई। इस हार के कारण तलाशे जा रहे हैं। क्या यह भितरघात के कारण हुआ है या भारतीय जनता पार्टी की नीतियों में कोई कमी रह गई है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बराबर विधायकों और सांसदों से फीडबैक ले रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनावों में में अभी काफी समय है और तब तक भारतीय जनता पार्टी शायद कोई हल निकाल सकती है। लेकिन यदि लोकसभा चुनावों में परिणामों के लिहाज से देखा जाए तो भारतीय जनता पार्टी के लिए 2027 का विधानसभा चुनाव आसान नहीं रहने वाला है। सबसे बड़ी बात है कि जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र में जाना होगा और दूसरी बात जिस तरह से



उत्तर प्रदेश में अधिकारी अपनी तानाशाही चला रहे हैं उस पर अंकुश लगाना होगा। सरकार की निगाह में अधिकारी अच्छा कार्य कर रहे हैं लेकिन हकीकत कुछ और है। हर विवादों में कोई न कोई अधिकारी लिप्त नज़र आ रहा है। अभी हाल ही में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वस्थ्य विभाग में गैरहाजिर डाक्टरों पर चाबुक चलाया है। और कल ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिरोजाबाद में कई अधिकारियों को निलंबित किया है जिनका नाम जमीन घोटाले में भू माफियाओं का साथ देने में आ रहा था। इस तरह का अंकुश लगातार सरकार को लगाना होगा ताकि यह अधिकारी सरकार को बदनाम न कर सकें। सरकारी दफ्तरों की हालत ठीक नहीं है। कर्मचारियों को अधिकारियों का सपोर्ट मिल रहा है। और अधिकारी सिर्फ सरकार को खुश करने का कार्य कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेता केवल विपक्ष के समय की नाकामियों को गिना रहे हैं लेकिन वह अपने कार्यों को नहीं गिना पा रहे हैं। आज भाजपा में तमाम वही नेता हैं जो पिछली सरकारों में दूसरी तरफ हुआ करते थे। अधिकारी भी पुराने हैं जो पहले दूसरी सरकारों को खुश रखते थे आज वर्तमान सरकार को खुश करने का कार्य कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अपने जनप्रतिनिधियों से फीडबैक ले रहे हैं और ऐसा ज्ञात हुआ है कि जनप्रतिनिधियों ने हार का ठीकरा अधिकारियों पर फोड़ा है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहती है। जनप्रतिनिधि जनता में अपनी लोकप्रियता खोते आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के कुछ ऐसे प्रत्याशी भी चुनाव जीत गए हैं जिनका हारना तय लग रहा था लेकिन भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी होने का उन्हें फायदा मिला और वह चुनाव जीत गए। इस जीत में इन प्रत्याशियों का कोई योगदान नहीं है। यह बात सत्य है कि इस लोकसभा चुनाव में जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रत्याशियों का चयन किया था वह ठीक नहीं था। क्यों कि उन जनप्रतिनिधियों को भी चुनाव मैदान में उतार दिया गया जिनके प्रति जनता में रोष व्याप्त था। लेकिन किसी तरह वह जीत गए लेकिन उनकी जीत का अंतर काफी कम रह गया। हो सकता है कि आगामी विधानसभा चुनाव का परिणाम लोकसभा चुनाव से भिन्न हो। लेकिन यह निश्चित है कि इस बार के चुनाव से विपक्ष को बल मिला है। और जिस तरह से उसने प्रत्याशियों का चयन किया था वह उसकी जीत में बहुत मायने रखता है। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव के बाद गंभीर दिख रही है। और उसने अधिकारियों को भी अल्टीमेटम दे दिया है कि किसी तरह से जनता में सरकार की छवि धूमिल नहीं होनी चाहिए। अभी उत्तर प्रदेश की दस विधानसभा सीट के लिए भी उपचुनाव होना है। और इसके लिए भारतीय जनता पार्टी ने पूरी दम लगा दी है। क्यों की यह उपचुनाव भविष्य की तस्वीर तय कर देगा। वहीं विपक्ष भी अपनी बढ़त को खोना नहीं चाहता है। 10 साल बाद विपक्ष के लिए मौका आया है जिसे वह आसानी से नहीं गंवा सकता।

**जितेन्द्र सिंह पत्रकार**

# उच्च-प्रदर्शन स्व-चर्चा आपके करियर की सफलता को बढ़ावा देती है

**आपकी स्वयं के साथ की गई मौन बातचीत आपके करियर की सफलता को बना या बिगाड़ सकती है, और विशेषज्ञों ने उस आत्म-चर्चा की खोज की है जो करियर में उच्च सफलता की ओर ले जाती है। हमारे करियर अंदर से बाहर तक आकार लेते हैं। अगर हम इसे अपने पेशेवर जीवन पर हावी होने देते हैं तो नकारात्मक आत्म-चर्चा हमारे दिलों पर हावी हो सकती है और करियर की प्रगति को कम कर सकती है। या यह हमें करियर की असीमित ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। हमारे पास आत्म-चर्चा के दो संस्करण हैं। एक बिजली की तरह तेज़ और सहज है - जो मस्तिष्क के भावनात्मक मस्तिष्क के रूप में जाने जाने वाले प्रतिवर्ती भाग से निकलता है। यह कठोर, उत्तरजीविता आवाज आलोचनात्मक और नकारात्मक होती है और चिंता, अवसाद, आत्म-संदेह और आत्म-तोड़फोड़ का कारण बन सकती है। दूसरी आंतरिक आवाज प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स या सोच मस्तिष्क से निकलती है जिसमें उच्च स्तर के चिंतनशील, जानबूझकर और सकारात्मक विचार शामिल होते हैं। यह तर्कसंगत आवाज़ स्व-नियमन के लिए महत्वपूर्ण है। यह एक सीखा हुआ कौशल है जो आपके ÷सोचने वाले मस्तिष्क÷ को सक्रिय करता है, भावनात्मक मस्तिष्क की निष्क्रिय मानसिक स्थिति को कम करता है और शांति, आत्मविश्वास, स्पष्टता और खुशी जैसी स्वस्थ भावनाओं को अनलॉक करता है - ये सभी कैरियर की सफलता को बढ़ावा देते हैं। उच्च-प्रदर्शन स्व-चर्चा और स्व-नियमन कैरियर की सफलता व्यक्तिगत स्तर पर संयम, आत्म-नियंत्रण, आंतरिक शांति और आत्म-करुणा का अभ्यास करने से शुरू होती है। और जैसे-जैसे हम अपने लचीले क्षेत्रों का विस्तार करते हैं, नौकरी की व्यस्तता, प्रदर्शन और संतुष्टि हमारे करियर के पथ पर बढ़ती रहती है। आत्म-चर्चा का तंत्रिका विज्ञान दिखाता है कि हम अपनी आंतरिक आवाज़ का उपयोग कर सकते हैं हमारे तनाव के स्तर को कम करें, असफलताओं के प्रति हमारी प्रतिक्रिया में सुधार करें और हमारे करियर में प्रदर्शन के स्तर को ऊपर उठाएं। हमारे दिमाग में चल रहा भावनात्मक रूप से प्रतिक्रियाशील एकालाप हमें बता सकता है कि अगर हम अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलते हैं तो हम असफल हो जाएंगे, हमें पिज्जा का एक और टुकड़ा खाने के लिए उकसाएंगे या हमें याद दिलाएंगे कि हमारी प्रस्तुति कितनी अयोग्य थी। आप अपने सकारात्मक सोच वाले मस्तिष्क को ऑफ़लाइन करने के लिए अपने आवेगी, आत्म-विसर्जित, गैर-सोच भावनात्मक मस्तिष्क को दोषी ठहरा सकते हैं। एक बार जब आपका चिंतनशील, वस्तुनिष्ठ सोच वाला मस्तिष्क वापस लाइन पर आ जाता है, तो आप स्पष्ट हो जाते हैं और इसके विपरीत साक्ष्य की एक बड़ी तस्वीर देख सकते हैं। अधिकांश लोगों के दिमाग में हर समय एक आंतरिक एकालाप चलता रहता है। वह आंतरिक आवाज जितनी मजबूत होगी, आप कुछ कार्यों में उतने ही बेहतर होंगे। साइंटिफिक अमेरिकन में एक नए अध्ययन के अनुसार, मजबूत आंतरिक आवाज वाले लोग कमजोर आंतरिक आवाज वाले लोगों की तुलना में अन्य बातों के अलावा, मौखिक स्मृति को मापने वाले मनोवैज्ञानिक कार्यों में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। मिशिगन विश्वविद्यालय के मनोवैज्ञानिक प्रोफेसर एथन क्रॉस का शोध आत्म-चर्चा के विज्ञान को और भी अधिक तोड़ देता है। उन्होंने पाया है कि आत्म-चर्चा स्व-नियमन और कार्यकारी कार्यप्रणाली के लिए आवश्यक है, साथ ही यह एक चुनौतीपूर्ण घटना से पहले और बाद में तनाव को दूर करने का एक तरीका है जब हम अक्सर काम पर प्रदर्शन के बारे में सोचते हैं। क्रॉस ने प्रतिभागियों को भाषण तैयार करने के लिए पाँच मिनट का समय दिया। आधे से कहा गया कि वे स्वयं को संदर्भित करने के लिए केवल पहले व्यक्ति सर्वनाम ÷मैं÷ का उपयोग करें**

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

**संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,**
**मो0: 7499472288**

E-Mail:
news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।



जबकि अन्य आधे से कहा गया कि वे अपने नाम का उपयोग करें। सर्वनाम समूह में इस तरह की टिप्पणियों के साथ अधिक चिंता थी, ÷मैं संभवत: पांच मिनट में भाषण कैसे तैयार कर सकता हूं,÷ जबकि नाम समूह में कम चिंता थी और आत्म-चर्चा का उपयोग करके आत्मविश्वास व्यक्त किया, जैसे ÷ब्रायन, आप यह कर सकते हैं।÷ स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा नाम समूह को प्रदर्शन में उच्च दर्जा दिया गया था और भाषण के बाद विचार करने की संभावना कम थी। इंटरनल फैमिली सिस्टम थेरेपी के निर्माता डॉ. रिचर्ड श्वार्ट्ज इसी तरह की क्लिनिकल रिपोर्ट देते हैंजाँच - परिणाम। वह बताते हैं कि जब आप अपनी आत्म-बातचीत में पहले व्यक्ति सर्वनाम का उपयोग करते हैं, तो भावना - चिंता, चिंता या हताशा - आपके साथ मिश्रित हो जाती है, और जब आप ÷वह भावना बन जाते हैं÷, तो यह आपके कार्यों को अक्षम कर सकता है। दूसरे शब्दों में, आप भावनात्मक रूप से अपहृत हो जाते हैं और उस क्षण अपनी निष्पक्षता खो देते हैं। लेकिन जब आप मैत्रीपूर्ण आत्म-चर्चा के साथ अपने भावनात्मक हिस्से को स्वीकार करते हैं और उसे वहां रहने देते हैं, तो आप भावनाओं से अलग हो जाते हैं और अधिक आत्म-नियमन करते हैं। टोरंटो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की रिपोर्ट है कि कार्यों को करते समय अपनी शांत, आंतरिक आवाज़ का उपयोग करने से आपको आत्म-नियंत्रण मिलता है और प्रतिक्रियाशील भावनात्मक आत्म-चर्चा को आवेगपूर्ण निर्णय लेने से रोकता है जो त्रुटियों और गलतियों को जन्म देता है। निष्कर्षों से यह भी पता चलता है कि अपने आप को संदेशों को मौखिक रूप से कहने में सक्षम होने के बिना, उसी मात्रा में आत्म-नियंत्रण को नियोजित करना मुश्किल है जब आप प्रक्रिया के दौरान खुद से बात कर सकते हैं। सीईओ-सी-सूट समाचार, विश्लेषण और शीर्ष निर्णय निर्माताओं के लिए सलाह सीधे आपके इनबॉक्स में। मेल पता साइन अप करें साइन अप करके, आप हमारी सेवा की शर्तों से सहमत होते हैं, और आप हमारे गोपनीयता कथन को स्वीकार करते हैं। गूगल गोपनीयता नीति और सेवा की शर्तें लागू होती हैं। उदाहरण के लिए, जब आप अपनी आत्म-बातचीत में प्रथम-व्यक्ति सर्वनाम ÷मैं÷ का उपयोग करते हैं, तो आप नकारात्मक, भावनात्मक आवाज़ से पहचान करना जारी रखते हैं। लेकिन जब आप अपने जैसे तीसरे पक्ष की भाषा का उपयोग करते हैं, तो यह चिंतन को बेअसर कर देता है और आपको आवेग नियंत्रण हासिल करने में मदद करता है, खासकर खतरे, अनिश्चितता और अशांति के माहौल के दौरान जैसे कि हम आज रहते हैं और काम करते हैं। मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन में पाया गया कि परेशान करने वाली तस्वीरें (जैसे सिर पर बंदूक पकड़े हुए एक आदमी) देखते समय तीसरे व्यक्ति से आत्म-चर्चा (जैसे आप, वह या वह) का उपयोग करने वाले लोगों के मस्तिष्क स्कैन उनके भावनात्मक संकट को नियंत्रित करने में बेहतर थे।, और जब उन्होंने खुद को तीसरे व्यक्ति में संदर्भित किया तो उनकी परेशानी कम हो गई। अतिरिक्त शोध से पता चलता है कि दूर की आत्म-चर्चा, गैर-आहार करने वालों की तुलना में, आहार करने वालों को एक आत्म-नियंत्रण रणनीति देती है जो स्वस्थ भोजन को प्रोत्साहित करती है, साथ ही गैर-आहार करने वाले उसी आत्म-नियंत्रण रणनीति का उपयोग करके स्वस्थ भोजन विकल्प चुनते हैं। तीसरे व्यक्ति में खुद से बात करने का यह सरल कार्य, जैसे आप दूसरों से बात करते हैं, आत्म-नियंत्रण में मदद करता है। इसके लिए प्रथम-व्यक्ति आत्म-चर्चा से अधिक मानसिक प्रयास की आवश्यकता नहीं है, और शांति, स्पष्टता और आत्मविश्वास के लाभ प्रयास के लायक हैं।

**विजय गर्ग**

# संपादकीय

## आपातकाल विमर्श यानी 'गड़े मुर्दे उखाड़ना ?









केंद्र की एन डी ए सरकार ने प्रत्येक वर्ष 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने सम्बन्धी अधिसूचना जारी की है। केंद्र सरकार की इस इस अधिसूचना के अनुसार '25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी, उस समय की सरकार ने सत्ता का घोर दुरुपयोग किया था और भारत के लोगों पर ज्यादतियां और अत्याचार किए लिहाज़ा हर साल 25 जून को देश उन लोगों के महान योगदान को याद करेगा, जिन्होंने 1975 के इमरजेंसी के अमानवीय दर्द को सहन किया था'। केंद्र सरकार द्वारा 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने के फ़ैसले को पूरी तरह राजनैतिक, द्वेषपूर्ण व रक्षात्मक कहना ग़लत नहीं होगा। क्योंकि केवल इंदिरा गांधी ही नहीं बल्कि मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी व राहुल गाँधी जैसे कांग्रेस के सर्वोच्च नेता इस बात को स्वीकार कर चुके हैं कि देश में 1975 में आपातकाल लगाने का फ़ैसला एक ग़लती थी। 12 जून, 1975 को जब इंदिरा गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रायबरेली में हुए चुनाव के दौरान की गई गड़बड़ी का दोषी पाया और छह साल के लिए पद से बेदख़ल कर दिया था। इलाहबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गाँधी का चुनाव निरस्त करते हुये अगले 6 वर्षों तक उनके चुनाव लड़ने पर भी रोक लगा दी थी। उसके बाद ही जयप्रकाश नारायण द्वारा इंदिरा गाँधी के इस्तीफ़े की मांग को लेकर 'संपूर्ण क्रांति' के नाम से राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़ दिया गया था और देश भर में प्रदर्शन शुरू हो गए थे। हालांकि 24 जून, 1975 को जब इलाहाबाद हाईकोर्ट का फ़ैसला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो वहां भी इलाहबाद हाई कोर्ट के फ़ैसले को तो ज़रूर बरक़रार रखा गया परन्तु इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री बने रहने की इजाज़त दे दी गई। उसके बावजूद अपना पद खोने के भय से इंदिरा गाँधी ने 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा कर डाली। हालाँकि कहा यह जाता है कि पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रॉय ने उस समय आपातकाल की घोषणा के निर्णय में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और आपातकाल का निर्णय दरअसल रॉय का ही निर्णय था। रॉय के फ़ैसले पर ही इंदिरा गांधी ने हामी भरी और उन्हीं की सलाह पर उसे लागू भी किया। पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी अपनी एक किताब में भी लिख चुके हैं कि 'वास्तव में इंदिरा गांधी ने मुझे बाद में बताया कि उन्हें आपातकाल की घोषणा के लिए संवैधानिक प्रावधानों की जानकारी भी नहीं थी'।

अब यदि हम आपातकाल से ठीक पहले यानी 1974-75 के दौर को याद करें तो वह रेल आंदोलन,चक्का जाम,तालाबंदी और राष्ट्र व्यापी धरने, प्रदर्शनों का दौर था। इसी दौरान 2 जनवरी 1975 को रेल मंत्री ललित नारायण मिश्रा की हत्या समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर उस समय कर दी गयी थी जब वे समस्तीपुर-दरभंगा ब्रॉड गेज रेलवे लाइन प्रारम्भ करने की घोषणा सम्बन्धी एक कार्यक्रम में वहां एक मंच पर मौजूद थे। यहां हुये एक शक्तिशाली बम विस्फ़ोट में वे गंभीर रूप से घायल हो गए बाद में अगले दिन दानापुर के रेलवे अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। कहा जाता है कि महात्मा गांधी की हत्या के बाद देश की किसी सबसे बड़ी राजनैतिक हस्ती की यह दूसरी हत्या थी। इन्हीं विषम परिस्थितियों में 25 जून, 1975 को राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की धारा 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर डाली। आपातकाल के दौरान चुनाव स्थगित हो गए थे तथा नागरिक अधिकारों को समाप्त करके मनमानी की गई थी। और हर छह महीने बाद 1977 तक आपातकाल की अवधि बढ़ाई जाती रही। प्रेस पर सेंसरशिप लग गयी थी। बाद में 18 जनवरी, 1977 को इंदिरा गांधी ने लोकसभा भंग करने और मार्च 77 में ही आम चुनाव कराये जाने की घोषणा करते हुये आपातकाल के दौर में जेलों में बंद किये गये सभी नेताओं को रिहा कर दिया। और 23 मार्च, 1977 को आपातकाल समाप्त करने की घोषणा कर दी गयी।

परन्तु सवाल तो यह है कि 50 वर्ष पूर्व के उस इतिहास को आज और इस समय खंगालने की ज़रुरत भाजपा को क्यों महसूस हुयी ? 2014 से सत्ता में रहते हुये पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार ने 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का फ़ैसला क्यों नहीं लिया ? और एक सवाल यह भी कि यदि देश की जनता आपातकाल से इतना ही दुखी थी और इंदिरा गांधी की तानाशाही से वास्तव में तंग आ चुकी थी तो उसी देश की जनता ने मात्र ढाई वर्ष बाद 1979 में इंदिरा गाँधी को पुनः सत्ता क्यों सौंपी ? जिस दर्द को मुट्ठी भर भुक्तभोगी नेता शायद सिर्फ़ इसलिये याद कर रहे हैं कि 19 महीनों के मीसा काल में उन्हें जेलों में डाल दिया गया, कुछ पर अत्याचार किया गया,उनके निजी स्वतंत्र जीवन के ऐश ो आराम को भांग किया गया, उसी दर्द को देश की जनता ढाई वर्षों में ही कैसे भुला बैठी ? बल्कि 1977 में लोकसभा चुनाव में पराजित होने के केवल एक वर्ष में ही नवंबर, 1978 में इंदिरा इंदिरा गांधी ने चिकमंगलूर लोकसभा उपचुनाव में 77,333 मतों के अंतर से जीत कर अपनी लोकप्रियता का लोहा मनवाया ? तो जब देश की जनता ने कांग्रेस के ऊपर 'आपातकाल का मतलब संविधान की हत्या 'का लेबल नहीं चिपकाया तो भाजपा नेता आख़िर किस साज़िश के तहत सत्ता में आने के दस वर्षों बाद 50 वर्ष पुराने उस गड़े मुर्दे को उखाड़ रहे हैं जिसे देश भुला चुका है ?

दरअसल भाजपा इस समय विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की 'संविधान बचाओ-देश बचाओ' मुहिम से घबराया हुआ है। उसे यह एहसास हो चुका है कि देश की जनता ने कई भाजपा नेताओं द्वारा सार्वजनिक रूप से बोले जा रहे संविधान विरोधी बयानों को गंभीरता से लिया है और ऐसे कई उम्मीदवारों को पराजित भी किया है। विपक्ष की 'संविधान बचाओ की इसी सफल मुहिम ने भाजपा को 2019 में हासिल 303 सीटों से घटाकर 240 तक पहुंचा दिया है। इसी चुनाव परिणाम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने तीसरे कार्यकाल में संसद में प्रवेश के पहले ही दिन संविधान को माथे से लगाने का 'प्रदर्शन' करने पर मजबूर किया। आपातकाल का एक पक्ष यह भी कि उस दौरान देश के सभी सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों की समय पर हाज़िरी हो रही थी। ट्रेनें बसें सब समयानुसार सुचारु रूप से संचालित हो रही थीं। आम जनता को इससे लाभ मिल रहा था। इन सबके बावजूद जब कांग्रेस के सभी आला नेताओं ने आपातकाल के अपने ही फ़ैसले को ग़लत स्वीकार कर लिया फिर इस बहस को तो बंद हो जाना चाहिये ? परन्तु अपने ऊपर लग चुके संविधान विरोधी होने के आरोपों से बचने के लिये भाजपा 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का फ़ैसला लेने सम्बन्धी अधिसूचना जारी कर व इस पर विमर्श कर केवल गड़े मुर्दे उखाड़ने की कोशिश कर रही है।

**तनवीर जाफ़री**

# (जीवन-चिंतन) जिंदगी का मूल ही निरंतर संघर्ष श्रम संकल्प और प्रगति है।

**निरंतर श्रम श्रेष्ठ परिणाम के अवयव।**

जिंदगी का मूल ही निरंतर संघर्ष श्रम संकल्प और प्रगति है। सकारात्मक उद्देश्य को लेकर किया गया श्रम सदैव श्रेष्ठ परिणाम देता है। श्रम और संघर्ष का कोई विकल्प ही नहीं है। निरंतर श्रम करना उच्च मनोबल बनाए रखना और सफलता की कामना और पवित्र महत्वाकांक्षा सफल मनुष्य के सच्चे मित्र होते हैंद्य जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नावप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज मैं 3त्र नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।

**संजीव ठाकुर**

# संक्षिप्त ख़बरें

## नाले में कूदी छात्रा का शव बरामद

**रूद्रपुर, देवरिया।** मां की डांट से नाराज कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गांव के भटौली टोला की किशोरी का शव रविवार को बैरिया घाट पुल के पास से बरामद किया गया। कोतवाली पुलिस ने पंचनामा कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को किसी बात को लेकर नीतू निषाद उम्र 16 वर्ष पुत्री अच्छे लाल निषाद को उसकी मां ने डांट दिया था। जिससे नाराज होकर वह कुर्ना नाले में छलांग लगा दी थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस और गोताखोरों की टीम ने काफी खोज विनोद किया किंतु किशोरी का पता नहीं चला। रविवार को उसका शव बरामद हुआ तो उसकी पहचान नीतू निषाद के रूप में की गई। बता दें कि नीतू निषाद मानस इंटर कॉलेज फतेहपुर में कक्षा 11 की छात्रा है।

## बीस वर्षी युवक की रेलवे लाइन के किनारे मिली अज्ञात लाश

**गोरखपुर।** चिलूवाताल थाना क्षेत्र के मजनू चौकी अंतर्गत जगतबेला स्टेशन के पोल सख्या 515/12 पर अज्ञात 20 वर्षो युवक का शव मिला। बताया जा रहा है कि जगतबेला स्टेशन के आउटर पर ट्रेन ड्राइवर को सर कटी हुई लाश दिखाई दी ड्राइवर ने आउटर गेट पर गेटमैन को तत्काल सूचना दी गेटमैन द्वारा स्टेशन मास्टर को सूचना दिया, सर कटी लाश मिलने की सूचना पर तत्काल मजनू चौकी प्रभारी अमित चौधरी अपने सहयोगियों के साथ पहुंच गए थे, लेकिन मामला जगत बेला स्टेशन आउटर के अंदर का था। इसलिए जीआरपी सर कटी अज्ञात युवक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टिया युवक कहीं बाहर से ट्रेन द्वारा यात्रा कर कर आ रहा था ट्रेन कुछ धीमी हुई होगी ट्रेन से उतरने के चक्कर में पहिए के नीचे आ गया होगा । जिसका सर कट गया होगा ,अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा की युवक का सर ट्रेन के पहिए से कटा है या किसी के द्वारा काटकर पटरी के किनारे रख दिया गया है। बरहाल जीआरपी पोस्टमार्टम करा रही है अगर किसी भी व्यक्ति को युवक की लाश पहचान में आ रही है, तो उसके परिजन जीआरपी से तत्काल संपर्क कर मृत व्यक्ति के लाश को ले सकते हैं।

## नाबालिक बच्चे के साथ दुराचार, मुकदमा दर्ज




**अम्बेडकरनगर।** अहिरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में सोलह वर्षीय नाबालिक युवक के साथ दुराचार करने का मामला सामने आया है। पिता ने अहिरौली थानाध्यक्ष को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की माँग की है। कक्षा आठ में पढ़ने वाले नाबालिक बच्चे को गाँव के ही शिवपूजन पुत्र मुरली यादव ने कुछ खिलाने के बहाने अपने खेत मे लेकर चला गया। आरोप है उसके बच्चे के साथ उसने दुराचार किया। काफी समय बीत जाने के बाद जब उसका लड़का घर नही आया तो उसे खोजने के लिए निकला था तभी सड़क से आता हुआ उसका नाबालिक लड़का दिखाई दिया। पिता के पूछने पर अपनी पूरी आपबीती सुनाई। घटना रविवार शाम करीब आठ बजे की है। अहिरौली थानाध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय ने बताया की आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मेडिकल परिक्षण के लिए नाबालिक बच्चे को अस्पताल भेजा गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## टाटा मैजिक की टक्कर से चचेरे भाइयों की मौत




**अलीगढ़।** थाना पिसावा इलाके के खुर्जा रोड पर बाइक सवार दो चचेरे भाइयों को टाटा मैजिक ने टक्कर मार दी जिसके बाद दोनों भाइयों की मौत हो गई। गांव साहपुर निवासी संदीप व रवि सफाई कर्मी का काम करते थे। शनिवार को संदीप व रवि बाजार में खरीदारी करने के लिए जा रहे थे। खुर्जा रोड पहुंचते ही तेज रफ्तार टाटा मैजिक ने बाइक को टक्कर मार दी जिसके बाद दोनों भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। रविवार को पुलिस ने दोनों के शवों के पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए हैं और पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। फिलहाल एक ही परिवार के दो भाइयों की मौत के बाद परिवार में कोहराम बचा हुआ है।

# राहत सामग्री पाकर ग्राम वासियों के खिले चेहरे

**●बरहमपुर उत्तर में सदर तहसीलदार ने वितरित किया राहत सामग्री**



स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर।** बाढ़ राहत गांव में सदर तहसीलदार ने वितरित किया राहत सामग्री।उफनाती राप्ती नदी के पानी से बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है बाढ़ से जनजीवन अस्त व्यस्त ना होने पाए ग्राम वासियों को राहत सामग्री समय-समय पर मिलता रहे जिससे ग्राम वासियों को खाने की वस्तु प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सदैव मिलता रहे आज रविवार को सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह बहरामपुर उत्तर में पहुंचकर राहत सामग्री वितरण किए। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने समस्त एसडीएम व तहसीलदार को निर्देशित किया है कि अपने-अपने तहसील अंतर्गत बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत सामग्री के साथ-साथ ग्राम वासियों को आने-जाने के लिए पर्याप्त मात्रा में नाव उपलब्ध रहे जिससे ग्राम वासियों को आने-जाने के लिए किसी प्रकार की दिक्कत न होने पाए जिसके अनुपालन में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी के निर्देश पर सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह बहरामपुर उत्तर गांव में कैंप लगाकर ग्राम वासियों को खाने की वस्तुएं दाल आटा चावल नमक माचिस तेल आलू प्याज उपलब्ध कराई जिससे बाढ़ प्रभावित गांवों में खाने की वस्तुओं की दिक्कत न होने पाए सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह ने अपने समस्त लेखपाल और कानूनगो से कहा कि बराबर गांव में कैंप करें अगर बाढ़ की स्थिति विकराल होने की संभावना होती है तो तत्काल सूचित करें जिससे ग्राम वासियों को राहत शिविर में पहुंचाया जा सके कोटेदारों और ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित गांवों में राशन की उपलब्धता निरंतर बनी रहे जिससे आवश्यकता पड़ने पर बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री उपलब्ध कराया जा सके।

# ससुर पर बहु ने लगाया गम्भीर आरोप, पुत्र ने की पिता की पिटाई, हालत गम्भीर

स्वतंत्र प्रभात




**गोरखपुर** जनपद के खजनी थानां क्षेत्र ग्राम सभा मऊ मुक्ताबन में पिता पुत्र में मार पीट का मामला सामने आया है ,जहां पुत्र बहु ने ससुर पर गम्भीर आरोप लगाया है , वही 75 वर्षीय बुजुर्ग गम्भीर रूप से घायल है । घायल भगवान तिवारी के पुत्र बहु ने गांव के मददगार पर भी छेड़खानी का आरोपी बनाई है ,फिरहाल खजनी पुलिस मामले की जांच में लग गई है । बताते चले खजनी क्षेत्र ग्राम सभा मऊ मुक्तावन में बीती रात भगवान तिवारी व उनके बड़े पुत्र सन्तोष तिवारी में पुस्तैनी जमीन बेचने को लेकर कलह चल रहा था ,जिसको लेकर बीती रात विवाद हुआ ,पुत्र ने पिता पर हमला बोल दिया जिसमें भगवान दुबे गम्भीर रूप से घायल हो गए ,उनके बीच बचाव में गांव के मयंक मिश्रा सहयोगी बन कर आगे आये तो महिला ने नाजुक अंगों पर चोट करने का गम्भीर आरोप लगाया है । वही घायल भगवान तिवारी के इकलौते पुत्र संतोष तिवारी की पत्नी गुंजन त्रिपाठी ने खजनी थानां में लिखित तहरीर के माध्यम से बताई ,हमारे ससुर भगवान तिवारी पुत्र कामता तिवारी के साथ हमारे घर के बगल रहने वाले मयंक मिश्रा पुत्र बेचई मिश्रा आते जाते थे ,बीती रात मेरे ससुर से मिलने के बहाने घर मे घुसे गए और मेरे साथ अश्लील हरकत कर मेरे नाजुक अंगों को मसल दिए , जब पति से पूरी बात बताई तो पति आग बबूला हो गए, पिता से विवाद हो गया और मर पिट हो गई , वही भगवान त्रिवारी ने भी अपने पुत्र व पुत्र बहु के खिलाफ खजनी थानां में हमला किये जाने के तहरीर भेजवाई ,जिसको एसओ खजनी तहरीर की जांच करने के लिए हल्का इंचार्ज को जिलाअस्पताल रवाना किए ,जांच के बाद मुकदमा पंजीकृत करने को कहा, फिरहाल खजनी थानाध्यक्ष उक्त मामले को लेकर बताया मामला जमीनी विवाद का है ,भगवान तिवारी अपनी जमीन अपने पुत्रों के अलावा दूसरे को जमीन जीते जी बेच देना चाहते थे , जिसके वजह से परिवार में विवाद हुआ, मार पीट हुई, फिरहाल मामले को जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# आठ माह पल रहा नाबालिक बच्ची के पेट मे शिशु, किशोरी पहुंची खजनी थानां, धमकी देकर पट्टीदार करता था दुष्कर्म

स्वतंत्र प्रभात




**गोरखपुर** जनपद के खजनी थानां क्षेत्र शर्मशार करने वाला मामला सामने आया है , चचेरे भाई ने नाबालिक युवती को गर्भवती कर दिया , पेट मे उभार आया तो जांच में 8 माह का बच्चा होना बताया गया , अपनी हालत को गम्भीर देख किशोरी के पिता ने खजनी थानां में तहरीर देकर आरोपी पर कार्यवाही की मांग की है ,खजनी पुलिस मामले को गम्भीरता से लिया और मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया गया, मामला खजनी थानां क्षेत्र के एक गांव का है ,जहां एक किशोरी को गुमराह कर चचेरे भाई ने गर्भवती कर दिया । किशोरी के ऑडिट नशे का आदि है ,किशोरी अपने आप को बर्दाश्त करती रही , बिन मां के बेटी के पेट मे जब उभार आने लगा तो अपने पिता को बताई , पूछ ताछ में बताया अपने चाचा का लड़का रामनवल पुत्र जयराम ने कई माह से मेरे साथ धमकी देकर दुष्कर्म करता आ रहा है ,पिता नशे के आदि है ,मां कुछ वर्ष पहले ही गजर गई ,पिता को बताने से डरती रही ,जब पेट मे दर्द हुआ तो ,डाक्टर के पास गई जहां चिकित्सक पेट मे 8 माह का बच्चा होना बताया ,इस स्थिति को देख पिता आग बबूला हो गए , रविवार को अपने पिता के साथ खजनी थानां में थानेदार को लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग किया ।

उक्त मामले में एसओ शैलेन्द्र कुमार शुक्ल ने कहा मामला सामने आया है ,पीड़ित के तहरीर अनुसार मुकदमा दर्ज किया जा रहा है ।

# दिनदहाड़े फिल्मी स्टाइल में चाकू से गोदकर एक युवक की हत्या

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर।** राजघाट थाना क्षेत्र के नॉर्मल कब्रिस्तान के पास आज दिनदहाड़े सड़क पर एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मिली जानकारी के मुताबिक राजघाट थाना क्षेत्र के नॉर्मल कब्रिस्तान से तुर्कमानपुर जाने वाली सड़क पर शनिवार की शाम तकरीबन 5~30 बजे गुड्डू, तारिख और एजाज नाम के तीन युवकों ने अजीम नाम के एक युवक की दिनदहाड़े सरेराह चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। वायरल वीडियो में हमलावर हाथ में चाकू लिया हुआ नजर आ रहा है। वहीं उसके साथ एक शख्स और खड़ा है। पास में जमीन पर घायल हालत में मृतक अजीम पड़ा हुआ है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी कोतवाली ने बताया कि, घटना की सूचना मिलने के बाद तत्काल प्रभाव से वहां की स्थिति का जायजा लिया गया तथा मृतक परिवार की तरफ से तहरीर के आधार पर दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है जल्द इसमें जो दोषी होगा उस पर बड़ी कार्रवाई की जाएगी. !

# अज्ञात चोरों ने दो दुकान को बनाया निशाना

**●मंहगे कपड़े समेत नगदी पर हाथ किया साफ**

स्वतंत्र प्रभात




**अम्बेडकरनगर।** बीती रात अज्ञात चोरों ने दो दुकान को अपना निशाना बनाया है साथ ही एक पान की गुमटी को भी निशाना बनाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सके। घटना भीटी थाना क्षेत्र अंतर्गत सेनपुर चौराहा का है। इस्तियाक की कपड़े की दुकान में चोरों ने पीछे से सेंधमारी कर अंदर घुस गए। जिसमे से मंहगे कपड़े व काउंटर में रखे नगदी पर हाथ साफ कर दिया है। वही राजू पाल की मिठाई की दुकान सेनपुर चौक से सटा है। शटर का ताला तोड़ दुकान के गल्ले से तीन हजार रुपये पार कर दिए है। साथ ही हरिहर यादव की पान की गुमटी का ताला तोड़ने का प्रयास किया लेकिन किसी कारण वश सफलता नही मिल पाई। भुक्तभोगियो को इसकी जानकारी सुबह तब हुई जब वह अपनी दुकान खोलने पहुचे थे। सेनपुर चौराहे पर पुलिस पिकेट के साथ रात में पहरा भी रहता है। इसके बावजूद में चोरों ने चंद कदम की दूरी पर घटना को अंजाम दिया है। चोरी की इस वारदात से बाजार वासियो में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# जल जीवन मिशन के तहत पानी की शुद्धता को लेकर दिया प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात



**अंबेडकरनगर।** जिले के तहसील आलापुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत कल्यानपुर में जल जीवन मिशन द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में दो दर्जन महिलाओं को एवं पुरुषों को दूषित जल से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। विकास खण्ड जहांगीरगंज की ग्राम पंचायत कल्यानपुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संज्ञान संस्था लखनऊ की तरफ से चल रहे जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिला एवं पुरुषों को दूषित जल से होने वाले बीमारियों के बारे में बताया गया। ग्राम पंचायत भवन पर हुई बैठक में दूषित जल पीने से होने वाले बीमारियों के बारे में बताया गया और स्वच्छ जल पीने से क्या फायदा होगा उस पर विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं एवं पुरुषों को घटते जल स्तर पर जल संरक्षण के बारे में जानकारी दिया गया। पानी की गुणवत्ता किस तरह चेक किया जायेगा उसके लिए टेस्ट किट द्वारा प्रशिक्षित किया गया । इस दौरान संज्ञान संस्था लखनऊ के क्वाडिनेटरअरूण कुमार, अंकेश, राजू, श्यामू ने दूषित जल से होने वाली डायरिया के बारे में विस्तार पूर्वक बताया । इस मौके पर बैठक में ग्रामपंचायत सदस्य शशांकमणि गोंड, कमलेश कन्नौजिया, सुनीला यादव, प्रेमशीलागोंड, रविता गोंड, मीरा शर्मा, सुमन, शशिकला, चन्दा देवी, लीलावती गोंड, पूनम तिवारी, संगीता मौर्या ग्रामीण मौजूद रहे ।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ सम्भावित क्षेत्रो का किया निरीक्षण

**●50 गरीब परिवारो को राहत सामग्री किट तथा बच्चों को चॉकलेट व बिस्किट किया गया वितरित**





स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा तहसील आलापुर अंतर्गत बाढ़ प्रभावित ग्राम माझा कम्हारिया तथा आराजी देवारा का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी आलापुर तथा तहसीलदार आलापुर के साथ माझा काम्हारिया में मोटर बोट में बैठकर घाघरा नदी के तेज बहाव से बाढ़ कटान का जायजा लिया गया। वहां पर कितने कटान हुए हैं का भी जायजा लिया गया। जिलाधिकारी द्वारा अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी आलापुर, तहसीलदार आलापुर, खण्ड विकास अधिकारी जहांगीरगंज तथा अन्य अधिकारियों के साथ गांव का भी भ्रमण कर बाढ़ क्षेत्र का जायजा लिया गया परंतु गांव की आबादी अभी किसी भी तरफ से बाढ़ से प्रभावित नहीं है। बाढ़ चौकी एवं राहत शिविर श्री विश्वनाथ उच्च प्रथमिक विद्यालय बरोहीपुरा पांडेय तहसील आलापुर में जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी तथा उप जिलाधिकारी द्वारा 50 गरीब परिवारो को राहत सामग्री किट वितरित किया गया तथा बच्चों को चॉकलेट व बिस्किट वितरित किया गया। अपर जिलाधिकारी की तरफ से बाढ़ चौकी पर मेडिकल कैंप लगाया गया है जिसके माध्यम से अब तक 146 लोगों को चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण करते रहें। जिससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बारिश का मौसम देखते हुए लोगों को समय समय पर उपयोगी दवाइयो का वितरण करते रहें। उन्होंने कहा कि यदि बाढ़ से किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो बाढ़ कंट्रोल रूम तहसील,ब्लॉक तथा जनपद मुख्यालय पर सूचित किया जा सकता है। खण्ड विकास अधिकारी तथा डीपीआरओ को निर्देशित किया गया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सफाई कर्मी लगाकर साफ सफाई कराते रहे। जिससे गांव में बीमारी न फैले।जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित बाढ़ खण्ड के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि बाढ़ कटान को रोकने के लिए एस्टीमेट तैयार किया जाय।पशुपालन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि 150 कुंतल भूसे का प्रबंध कर दिया गया है। पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि गांव का भ्रमण करते रहें। जिससे पशुओं को किसी प्रकार की बीमारी के लिए समय से इलाज हो सके।बाढ़ को देखते हुए उप जिलाधिकारी आलापुर द्वारा बाढ़ चौकी पर किचन का पूरा सामान, आटा, दाल, चावल तथा अन्य खाद्य सामग्री का प्रबंध कर दिया गया है। जिससे बाढ़ आने पर तत्काल भोजन लोगो को उपलब्ध कराया जा सके। आराजी देवारा में कटे रोड को उप जिलाधिकारी, तहसीलदार तथा खण्ड विकास अधिकारी की टीम द्वारा उसे तत्काल सही करवा दिया गया। इस दौरान मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार, अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी आलापुर, तहसीलदार आलापुर, खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# नाक के नीचे जिस्मफरोशी का बड़ा धंधा, जनपद मुख्यालय से लेकर छोटा कस्बों तक चल रहा है बड़ा खेल

**●सावधान जिले के कोने कोने से लड़किया है इस धंधे में सराबोर,आखिर किसके संरक्षण में चल रहा है ये सबसे बड़ा धंधा....**

स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** जनपद में जिस्मफरोशी का कारोबार पुलिस विभाग के संरक्षण में खूब फल फूल रहा है।जिसकी चपेट में युवा,नौजवान,सहित बुजुर्ग भी है।जिस पर लगाम लगाने में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से नाकाम साबित हुआ है।जो समाज के लिए सबसे बड़े दंश है।आपको बता दे की अकबरपुर थाना क्षेत्र में जनपद मुख्यालय पर महिला और होटल संचालकों द्वारा कई वर्षो से देह व्यापार का संचालन किया जा रहा है।तो वही जनपद मुख्यालय से लेकर पूरे जनपद में उक्त धंधा पुलिस के नाक के नीचे हो रहा है।जिस पर पुलिस प्रशासन मौन साधे हुए है।क्योंकि इस समाज के सबसे बड़े कलंकित इस धंधे से कमीशन जिम्मेदारों को आसानी से मिल जाता है।इस मामले को लेकर मीडिया टीम द्वारा जनपद मुख्यालय का पड़ताल किया।जहा प्रति कस्टमर कही 500तो कही 300 तो कही1000 रुपए में धंधा चलता है।वही 2 घंटे की बुकिंग1000 से लेकर 2000 रुपए तक की है।मामले को पड़ताल करने हमारी टीम द्वारा कस्टमर बनकर इन सभी जगह पड़ताल किया जहा जिले के ग्रामीण क्षेत्र से लड़किया इस देह व्यापार में संलिप्त बताएं जाते हैं।मामले की जानकारी लेने रिस्क लेकर पड़ताल किया तो चौंकाने वाली बात भी सामने आया जहा देह व्यापार के संचालकों द्वारा लड़कियों का शोषण भी किया जाता है।इसके बावजूद भी पुलिस प्रशासन से लेकर आला अधिकारी और जनप्रतिनिधि जानकर भी अनजान बन बैठे है।जिसके वजह से देह व्यापार का गोरखधंधा खूब फल फूल रहा है।जिस पर लगाम लगाने वाला कोई नहीं नजर आता।इस अवैध धंधे पर अंकुश लगाने वाला कोई नहीं है।इस मामले पर जल्द ही और बड़ा खुलासा कर इस धंधे में संलिप्त लोगो को बेनकाब करेंगे।वही मामले को लेकर देह व्यापार के सभी अड्डों पर ग्राहक बनकर पूरी पड़ताल करने का भरसक प्रयास किया। यही नहीं सबसे बड़ी विडंबना है जनपद मुख्यालय पर कई होटलों में जिस्म फरोशी का धंधा किया जा रहा है और शहर में अन्य जगह भी ठिकाना बनाया गया है। प्रशासन धृतराष्ट्र बनी बैठी है। यह हम नहीं कहते यह यहां की आम जनता कह रही है।

# या हुसैन या हुसैन के बुलंद सदाओं में बड़ी धूम और अक़ीदत के साथ निकला सातवीं मोहर्रम का जलूस।

स्वतंत्र प्रभात







**तुलसीपुर** नगर में दोपहर 5 बजे सातवीं मोहर्रम अलम का जुलूस निकाला गया।नगर के पुरवा मोहल्ले से सातवीं मोहर्रम अलम के जलूस की शुरुआत हुई।जलूस में नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज सलमान राईनी,सहित नगर के तमाम अलमदार कमेटी के लोग अलम की अगुआई कर रहे थे।सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही।सातवीं मोहर्रम का जलूस पुरवा मोहल्ले से निकलकर लाल चौराहा मिल चुंगी नाक पुरानी बाज़ार होते हुए नई बाज़ार चौक इटवा चौराहे पर रात 10 बजे के करीब सकुशल सम्प्पन हुआ।सातवीं मोहर्रम के जलूस में हुसैन के चाहने वालों ने नियाज़ कराकर नगर के सभी मार्गों पर सबील खीर कोल्ड ड्रिंक ज़रदा आदि का स्टाल लगाकर वितरण किया।हुसैन के शैदाइयों ने या हुसैन या हुसैन के नारे झूम झूम कर लगा रहे थे। हुसैनी शैदाइयों ने ट्यूबलाईट व आग के गोलों का स्टंट करते हुए मातम कर रहे थे।जलूस में खूबसूरत रौज़े पिकपवैन पर सजे हुए थे और ऊंचे ऊंचे अलम वैन के आगे जलूस की खूबसूरती में इज़ाफ़ा कर रहे थे।हुसैन के हज़ारों चाहने वालों की भीड़ रही युवाओं और बच्चों ने झूम झूम कर नारा लगाकर हुसैन व हसन के नारे लगाए उनके नारों से पूरा नगर गुंजायमान रहा।

सातवीं मोहर्रम जलूस की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही पूरी मुस्तैदी के साथ जलूस को सकुशल सम्पन्न कराने में स्थानीय पुलिस थाना प्रभारी अशोक सिंह,वरिष्ट उप निरीक्षक सरवन सिंह,कस्बा इंचार्ज गुरु सेन सिंह, प्रक्षुक उप निरीक्षक आदित्य कुमार, महिला उप निरीक्षक शालिनी सिंह, कांस्टेबल रंजना पाल,आदि का जलूस को सकुशल सम्पन्न कराने में अहम भूमिका रही।

# आकाशीय बिजली गिरने से मोबाइल टॉवर हुआ ध्वस्त

**●नेटवर्क बना बड़ा समस्या मोबाइल फोन नेटवर्क रहे गायब**

स्वतंत्र प्रभात





**बलरामपुर** जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर के पचपेड़वा विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम सभा दयाली डीह, हरखारी कोलही में लगे एटीसी टावर पर आकाशीय बिजली गिरने के कारण भारी नुकसान हुआ है। जिसके कारण टॉवर में लगे बैट्री बैंक, एस एम पी एस, मांडल रेक्टफायर, एम सी बी पूरी तरह ध्वस्त हो गया है।जिससे क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क बाधित हो गई।जिससे स्थानीय मोबाईल उपभोगता में काफी बैचैनी देखने को मिल रही है।वही नेटवर्क की समस्या से लोग काफी परेशान देखे जा रहे तो वही लोगो के फोन कॉल ड्रॉप की समस्याएं उत्पन्न होगई है वही लोग कनेक्टिविटी न होने से काफी परेशान देखे जा रहे। जिस को लेकर आसपास के गांव वाले बताते हैं की एटीसी टावर जब से लगी हैं तब से लोगो को जियों ,एयरटेल, वोडाफोन, के नेटवर्क बराबर मिलता था जो अब पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है और नेटवर्क की बड़ी समस्या उत्पन्न हो रही है जिसके कारण फोन उपभोगताओ को काफी मुसीबते उठानी पड़ रही है।जिसको लेकर जब मोबाईल एटीएस टावर के टेक्नीशियन विवेक पांडे ,सन्तराम,संजय आर्य,भोला,नरेश वन्य ग्रामीणों ने आकाशीय बिजली के गिरने को लेकर पूरी बात बताया और नेटवर्क की हो रही समस्या को लेकर भी बताते हुए जल्द टावर को चालू कराने की बात कही जिससे क्षेत्र वासियो को हो रही नेटवर्क की समस्याओं का समाधान हो सके।

## संक्षिप्त ख़बरें

### शराब के नशे में चलाते है ऑटो रिक्शा, इसी लिए होते हादसे



**मल्लावां।** कोतवाली क्षेत्र के राघौपुर अंतर्गत ई रिक्शा वाले चालकों पर अंकुश लगाया जाए। इसके चलते रिक्शा चालक मदिरा पान करके रिक्शा चलाते हैं। अक्सर यह देखा गया है रिक्शा पलट जाता है चोट भी आती है लोगों को आज शनिवार के दिन एक ऐसा मामला सामने आया जो की राघोपुर साहिबपुर का रहने वाला सुरजीत गौतम अक्सर रिक्शा पलटा जाता है जिसके कारण। लोगों को नुकसान चोट आदि भी आती है । अतः में पुलिस प्रशासन राघोपुर चौकी प्रभारी। हुआ मल्लावां थाना क्षेत्र के प्रभारी ई रिक्शा चालकों पर अंकुश लगाया जाए वह इन्हें हिदायत दे जाए की रिक्शा हिसाब से चलाएं जिससे खतरे से बचा जा सके।

### जिलाधिकारी को राज्यपाल महोदया करेंगी सम्मानित

**हरदोई** 16 जुलाई को एक ऐसा क्षण आने वाला है जो एक साथ दो जनपदों को गौरवान्वित करेगा। गाजीपुर में अपने कार्यकाल के दौरान किये गए उत्कृष्ट कार्य के लिए हरदोई के वर्तमान जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह को रेडक्रास की वार्षिक बैठक में महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। यह न सिर्फ गाजीपुर बल्कि जनपद हरदोई के लिए भी गौरव का विषय है क्योंकि जिलाधिकारी द्वारा उसी तन्मयता एवं निरंतरता के साथ जनपद हरदोई के आमजन के हितार्थ कार्य किया जा रहा है। रेडक्रास सोसाइटी के महासचिव डॉ हिमाबिंदु पाठक ने पत्र के माध्यम से अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि गाजीपुर में अपने कार्यकाल के दौरान किये गए अनेकों प्रशंसनीय कार्यों के कारण जिला रेडक्रास शाखा की ख्याति बढ़ी है। सम्मान समारोह का आयोजन राजभवन में 16 जुलाई को 11:00 बजे पूर्वान्ह को होगा।

### बलरामपुर में मृत तेंदुआ मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप-सूचना के बाद पहुंची वन विभाग की टीम जांच में जुटी,शव को पीएम के लिए भेजा

**बलरामपुर** में मृत तेंदुआ मिलने से हड़कंप मचा हुआ है।ग्रामीण खेत की तरफ से जा रहे थे तभी तेंदुआ खेत में तेंदुआ देखकर भागने लगे । ग्रामीणों ने तेंदुआ को समझा की बाढ़ से भीगने से बेहोश है । सूचना के बाद पहुंची वन विभाग की टीम ने तेंदुआ मृत पाया है।बरहवा रेंज के रेंजर राकेश पाठक ने बताया है कि मृत तेंदुए को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामला बलरामपुर के थाना क्षेत्र महराजगंज तराई का है। जहा पर बरगादाही गांव के पास मृत अवस्था में तेंदुआ मृत अवस्था में मिला है। मामले पर जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व प्रधान ग्राम हरिश्याम सिंह के घर के समीप तेंदुआ दिखा। लोग तेदुआ के पास जाने से डर रहे थे।जिसके बाद ग्रामीणों में दहशत मच गया, तेंदुआ को देखकर ग्रामीण सहम गए। ग्रामीणों को लगा कि बाढ़ से बहकर तेंदुआ ठंड से बेहोश पड़ा है। ग्रामीण तत्काल सूचना वन विभाग को दिया। जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो तेंदुआ मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। वही मामले पर वन विभाग के एसडीओ एम बी सिंह ने बताया कि नर प्रजाति तेंदुए कि मृत अवस्था में शव मिला है। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सबको कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के पता चलेगा कि कैसे तेंदुआ की मौत हुई है।

### आर्थिक सहयोग और श्रमदान से ग्रामीणों ने बना दी क्षतिग्रस्त सड़क

**पूरनपुर।** शारदा नदी की बाढ़ में कटी लोक निर्माण विभाग की सड़क का निर्माण ग्रामीणों ने आर्थिक सहयोग और श्रमदान से खुद ही कर लिया। अब क्षेत्र के लोग संपूर्णानगर, पलिया तक आवागमन कर सकेंगे। बाढ़ में सड़क क्षतिग्रस्त होने के बाद आवागमन ठप पड़ा था। शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद से यहां बने पैंटून पुल को कुछ समय पहले हटा दिया गया था। ऐसे में लोगों को लखीमपुर के संपूर्णानगर, पलिया, भीरा, मैलानी, शाहजहांपुर के खुटार होते हुए तहसील मुख्यालय जाना पड़ रहा है। बीते दिनों आई बाढ़ में संपूर्णानगर के लिए जाने वाली सड़क भी बह गई। इससे आसपास के गांवों के लोगों के सामने मुसीबत खड़ी हो गई।

# मथुरा जंक्शन पर निर्माण में भारी अनियमितता

**● - नये बने प्लेटफार्म एक पर पत्थर हिले और टूटे**

**मथुरा जंक्शन पर 25 जून को बनी और 2 जुलाई गिरी दीवार**




स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा-** जंक्शन पर निर्माण को लेकर लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है नए निर्माण में घटिया सामग्री का खुलेआम प्रयोग हो रहा है आने आने वाले श्रद्धालु रेलवे अधिकारियों पर टिप्पणी करते नजर आ रहे हैं यह सब कमीशन का खेल है। गौरतलब है कि ठेकेदार के सुपरवाइजर ने बताया मथुरा जंक्शन के प्लेटफॉर्म अंतिम पर धौलीप्याऊ रोड साइड आर्मी एरिया से सटी हुई दीवार 25 जून को बनी 2 जुलाई को गिर गई। दीवार में सीमेंट एट बजरी आदि घटिया सामग्री का धड़ल्ले से प्रयोग हो रहा है इससे दीवार हल्की सी बारिश में गिर गई और आनंद-खनन में इसको खड़ा किया जा रहा है। रेलवे निर्माण खंड के उप चीफ इंजीनियर गौरब मीना ने बताया निर्माण का कुछ हिस्सा गिर गया है उसे दोबारा रिपेयर किया जा रहा है

**विगत 8- 9 माह में निर्माणाधीन प्लेटफार्म 1 पर भ्रष्टाचार का असर**

मथुरा स्टेशन पर साल में कई करोड़ श्रद्धालु आते और जाते हैं हर रोज लाखों लोग ट्रैनों से उतर और चढते हैं बिना स्टॉप के कुछ रहने भी निकल जाती हैं उनमें से लोग खिड़कियों से ब्रज के मथुरा स्टेशन को निहारत हैं भारत सरकार मथुरा बड़ा धार्मिक स्थल होने के कारण स्टेशन को सुपर क्लास बनाने के लिए करोड़ों का बजट दिया है लेकिन रेलवे के अधिकारी की अपनी मोटी कमीशन कमाई के चलते ठेकेदार ने निर्माण में अच्छी गुणवत्ता की सामग्री नहीं लगाई है। प्लेटफॉर्म को बढ़ाने के नाम पर नए पुराने का बड़ा खेल हुआ है। इस नए निर्माण में बड़ी स्तर पर घटिया सामग्री लगी है प्लेटफार्म पर लगे पत्थर टूटने लगे हैं कोई भी पत्थर में सीमेंट सही न लगने के कारण लगभग सभी हिलने लगे हैं। जिसमें कोई अधिकारी बोलने को तैयार नहीं है रेलवे कई कर्मचारियों ने नाम न छापने के शर्त पर बताया की प्लेटफार्म का बड़ा हिस्सा बना हुआ था कुछ ही हिस्सा नया बना है।

# रसद विभाग और पुलिस के सिंडीकेट से तेल माफियाओं के बारे- न्यारे

**● - तेल चोरी मामले में माफिया को बचाकर ड्राइवर पर गिरती है गाज**




स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा-** थाना रिफाइनरी के अंतर्गत तेल चोरी करते समय डीजल से भरा टैंकर और दो ड्राम में 200 लीटर डीजल सहित ड्राइवर को पुलिस ने हिरासत में लिया है मिली जानकारी के अनुसार थाना रिफाइनरी क्षेत्र में तेल चोरी के मामले विख्यात हैं इस एरिया में सबसे ज्यादा तेल माफिया सक्रिय हैं क्योंकि तेल रिफाइनरी यहीं पर स्थित है 11 जुलाई को सुशील कुमार ने थाना रिफाइनरी में तेल चोरी का मुकदमा ड्राइवर जयदेव खिलाफ पंजीकृत कराया है टैंकर नम्बर श्च 85ET0884 डीजल से भरा मथुरा से नोएडा नहीं पहुंचा है तो देखा टैंकर ड्राइवर के घर खड़ा है जिसमें दो सौ लीटर डीजल कम है।

लेकिन इसमें सब गोलमाल है पुलिस ने टैंकर पकड़ने के बाद रसद विभाग को सूचना दी क्षेत्रीय सप्लाई इंस्पेक्टर रविकांत थाना पहुंचे टैंकर का पूरा विवरण लेकर एक हवाई फर्द तैयार की जिसमें तेल माफिया का एक भी नाम नहीं था केवल ड्राइवर का जिक्र किया गया, तेल माफियाओं ने पुलिस से लेकर क्षेत्रीय सप्लाई निरीक्षक तक सभी से साठ गांठ कर अपने आप को सुरक्षित कर लिया। सूत्रों के हवाले से मालूम चला है यह मामला लाखों रुपए में सुलझा है। रिफाइनरी क्षेत्र में यह तेल माफिया मशहूर हैं इन पर पुलिस और असद विभाग का पूरा आशीर्वाद प्राप्त है जिससे तेल चोरी आम बात है।

**वर्जन**

फ्यूल टैंकर को लेकर मामला मेरी संज्ञान में है क्षेत्रीय इंस्पेक्टर ने रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी के पास भेजती है अनुमति मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा सतीश मिश्रा जिला आपूर्ति अधिकारी मथुरा

# महावन मंदिर से हनुमान जी मूर्ति चोरी, लोगों में भारी आक्रोश

**● - चोरी के मामले में खुलासे पर जनपद पुलिस फिसड्डी साबित हो रही है**

**पुलिस सुस्त है। चोर मस्त हैं।**



स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा-** शिव मंदिर से चोर हनुमान जी की मूर्ती तोड़कर ले गए। सुबह-सुबह लोगों ने जब मूर्ति गायब देखी तो आक्रोश फैल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मथुरा के महावन में चोरों ने मंदिर से हनुमान जी की मूर्ति चोरी कर ली। सुबह-सुबह लोग पूजा करने पहुंचे तो मंदिर से मूर्ति गायब देख आक्रोश फैल गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद सीसीटीवी भी खंगाले। अभी पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लग सका है।

कस्बा स्थित पनिया ढाल मौहल्ला मे स्थित श्रीचंद्र भोलेश्वर महादेव का मंदिर है। इस मंदिर की स्थापना लगभग दस वर्ष पूर्व हुई थी। मंदिर का निर्माण स्थानीय लोगों ने आपसी चंदा इकट्ठा कर कराया था। इस मंदिर में शिव परिवार सहित हनुमान जी की मूर्ती लगी हुई थी। लोगों ने बताया कि प्रतिदिन सुबह-सुबह लोग पूजा करने यहां आ जाते हैं। रविवार सुबह भी लोग जब पूजा करने पहुंचे तो हनुमान जी की मूर्ति नहीं थी। लोगों ने बताया कि बीती रात मंदिर में स्थापित हनुमान जी की मूर्ती को चोर तोड़ कर ले गए। इस वारदात को लेकर लोगों में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी महावन राजकुमार और क्षेत्राधिकारी महावन भूषण वर्मा मौके पर पहुंच गए। लोगों को आश्वासन दिया गया कि मामले में जल्द खुलासा किया जाएगा। थाना प्रभारी रंजना सचान ने बताया मंदिर से हनुमान जी की मूर्ति को चोर तोड़ कर ले गए हैं। पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

# 07 मोहर्रम को शहर के 03 प्रमुख स्थानों से एक साथ निकाले अलम व अखाड़े के जुलूस

**● - अखाड़े के उस्ताद खलीफाओं ने अपनी कला के दिखाए हैरतअंगेज करतब**

**08 मोहर्रम को छोटे दुलदुल का जुलूस निकाला जाएगा।**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** 14 जुलाई 2024 को मोहर्रम कमेटी शहर व सदर के तत्वावधान में हज़रत इमाम हुसैन की याद में 07 मोहर्रम रविवार को घीया मंडी, सदर बाजार, राधेश्याम कालोनी शहर के तीन प्रमुख स्थानों से सादगी के साथ अलम व अखाड़े के जुलूस निकालें गए। मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष मौहम्मद युनूस गाज़ी एवं सचिव अबरार खान वारसी ने बताया कि आज 07 मोहर्रम को शाम 07 बजे करीब अलम व अखाड़े का जुलूस नबाव मंसूरी के नेतृत्व में घीया मंडी से प्रारम्भ होकर भरतपुर गेट, मनोहरपुरा, मटिया दरवाजा, बरबार पाड़ा, मण्डी रामदास होकर ठेक नारनौल, खिड़की विसायती, हालन गंज, वृन्दावन गेट, चौक बाजार जामा मस्जिद पहुंच कर अलम व अखाड़ा जमा जिसमें अखाड़े के उस्ताद खलीफाओं द्वारा 1 से डेढ़ घंटे तक बिराह बांटी आदि कलाओं का प्रदर्शन करते हुए हैरतअंगेज करतब दिखाए। इसके बाद कुशक गली, हनुमान टीला, इमाम बाड़ा, काजी पाड़ा, चूड़ी वाली गली, नककारची टीला, से वापस चौक बाजार, घीया मंडी पर पहुंच कर जुलूस का कार्यक्रम समाप्त हुआ। इसी क्रम में जाबिर फारूकी के नेतृत्व में सदर बाजार में अलम व अखाड़े के जुलूस निकाले गए। तथा सदर बाजार की गली-गली में अलमों ने गश्त किया। इसी क्रम में रिजवान अल्वी के नेतृत्व में राधेश्याम कालोनी से अलम व अखाड़े के जुलूस निकाले गये। तथा राधे श्याम कालोनी की गली गली में अलमों ने गश्त किया। इस अवसर पर मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष मौहम्मद युनूस गाज़ी ने बताया कि सभी अलमदार एवं अखाड़े दारों से अपील करते हुए कहा कि अपने अपने जुलूसों को शान्ति सद्भावना एवं आपसी भाईचारा कायम करते हुए सादगी के साथ निकालें।

श्री गाज़ी ने बताया कि 08 मोहर्रम को छोटे दुलदुल का जुलूस विसायती खिड़की से प्रारम्भ होकर शहर के परम्परागत प्रमुख स्थानों पर पहुंचेगा। सचिव अबरार खान वारसी ने बताया कि मोहर्रम माह को पैगम्बर ए इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाते हैं इसीलिए इस माह का हम सभी को अदब व एहतेराम करना चाहिए। जूलूस में कोई भी व्यक्ति मदिरापान कर कर नही चलें। उन्होंने बताया कि जुलूसों के मार्गो में जगह जगह आने वाले जियारिनों को लंगर खाना ठंडा पानी, कोल्ड ड्रिंक व मीठे दूध का शर्बत, खीर आदि वितरण किया जा रहा? था। जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष एवं बच्चे शामिल रहे। महिलाओं द्वारा अलमों पर चांदी आदि धातुओं के मन्नत के धागे बांथ कर मुराद मांगी। इस दौरान सभी जुलूसों में पुलिस बल एवं मोहर्रम कमेटी पदाधिकारी साथ साथ चल रहे थे। इस मौके पर अध्यक्ष मौ0 युनूस गाज़ी, सचिव अबरार खान वारसी, उपाध्यक्ष भूरा शेख़, जहीर अब्बास जैदी, शारिक अली एडवोकेट, हाजी सूफी सईद हसन, शाहिद कुरैशी मीडिया प्रभारी, राजू फारूकी, डॉ शबनम कुरैशी, निशाद अहमद, नौशाद खान, आरिफ़ कुरैशी, दिलशाद कुरैशी, यासीन शाह, रशीद कुरैशी, शादान वारसी, चांद, आशिफ कुरैशी, बंटी कुरैशी, अली अब्बास, नईम अब्बासी, आरिफ खान आदि जूलूस के साथ साथ चल रहे थे।

## चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**माधौगंज हरदोई।** खेत जा रहे व्यक्ति को घात लगाकर फावड़ा से दबंगो ने मारा पीटा।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की। थाना क्षेत्र के ग्राम दुलाराय पुरवा मजरा डेडनी सरैया निवासी मूलचंद पुत्र टिकई ने दी तहरीर में कहा कि वह सुबह 6 बजे घर से खेत पर जा रहा था। घर से कुछ दूरी पर एक दुकान है वही घात लगाए गांव के विपक्षी प्रमोद,राजू,अंकित व सरवन ने कहा कि उसके भाई की रिपोर्ट लिखाई है अब तुम्हे जिंदा नही छोड़ेंगे इतना कहते हुए विपक्षियो ने फावड़ा से हमला कर दिया। फावड़ा लगने से वह बेहोश हो गया और सिर से खून बहने लगा। पत्नी व बच्चे उसे घर उठा ले गए। उन लोगो ने घर मे घुसकर एलानिया धमकियां दी। विपक्षियों ने 11 मई को मारापीटा था जिसकी तहरीर 15 मई को दी थी। विपक्षी दिल्ली भाग गए थे। वापस आकर विपक्षी उसी बात का बदला लें रहे है।

# असम करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा में जगन्नाथ रथयात्रा मिलन उत्सव धूमधाम से मनाया गया

**● - विधायक बिजय मालाकार ने जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का आनंद उठाया।**









स्वतंत्र प्रभात


**असम करीमगंज-** करीमगंज जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा अंतर्गत दुल्लभछड़ा हायर सेकेंडरी रोड पर स्थित जगन्नाथ मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी 13 जुलाई (शनिवार) को अलग-अलग गांवों की महिलाएं और पुरुष फूलों से सजाए गए रथ खींचते हैं और जगन्नाथ को रथ में लेकर रोड की परिक्रमा करते हैं। नित्य भजन-कीर्तन करके हायर सेकेंडरी रोड स्थित जगन्नाथ मंदिर में सभी रथ आकर मिलें। सुबह से ही दूर-दूर से आये व्यापारी सड़क के दोनों ओर तरह-तरह के सामान सजाकर बैठे हुए थे। रामकृष्णनगर विधानसभा के कार्यकारी विधायक विजय मालाकार ओबीसी मोर्चा के महासचिव प्रणब मुखर्जी जीडीपीसीएफ के अध्यक्ष अंगशुमन पाल पूर्व प्राचार्य ब्रज गोपाल सिंह और बिष्णुप्रिया मणिपुरी महासभा के निष्ठावान कार्यकर्ता सुरजीत सिंह सहित राताबाड़ी थाने के ओसी उत्तम अधिकारी समेत सभी को तौलिये से स्वागत किया आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोरंजन सिन्हा (रानू) ने अंत में पूर्व प्राचार्य ब्रजगोपाल सिंह की अध्यक्षता में एक संक्षिप्त बैठक हुई, जिसमें विभिन्न लोगों को शामिल किया गया, जिन्हें हर साल दुर्गा पूजा और रथ यात्रा के दौरान भक्तों के वाहनों में काफी देर तक खड़ा रहना पड़ता है, ताकि पूजा के दौरान किसी को कोई परेशानी न हो इस पर चर्चा की। आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष मनोरंजन सिन्हा, जगदानंद सिन्हा, अमित सिन्हा एवं मृणाल सिन्हा ने आयोजन समिति एवं विभिन्न हिस्सों से आये रथ यात्रा के श्रद्धालुओं की सराहना करते हुए राताबाड़ी पुलिस प्रशासन, सेना और दुल्लभछड़ा एपीडीसीएल के बिजली विभागीय कर्मचारी सक्रिय भूमिका के प्रति आभार व्यक्त किया। और इस दौरान विधायक विजय मालाकार जीबू सिन्हा और मनोरंजन सिन्हा ने श्रद्धालुओं के बीच पेयजल का वितरण किया साथ ही विधायक रथयात्रा समिति को आर्थिक सहयोग किया और आगे भी जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव में सहयोग करते रहेंगे। इसके अलावा विधायक ने श्रद्धालुओं के साथ नृत्य किया और जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का आनंद उठाया।

# छापेमारी करने पहुंची उत्पाद पुलिस के साथ हुई हाथापाई, एक्साईज पुलिस पर वसूली के लिए बार-बार रेड मारने का लगा आरोप

स्वतंत्र प्रभात

हाथापाई का विडियो आया हुआ वायरल

जितेन्द्र कुमार राजेश- त्रिवेणीगंज (सुपौल) रविवार को थाना क्षेत्र के डपरखा स्थित कोशी कलोनी चौक पर छापामारी करने पहुंचीं मद्य निषेध पुलिस टीम और स्थानीय लोगों के बीच हाथापाई की घटना हुई है। जिसका विडियो सामने आने के बाद मद्य निषेध व उत्पाद विभाग की पुलिस टीम की कार्यशैली पर सवाल खड़ा हो गया है। दरअसल मद्य निषेध व उत्पाद थाना त्रिवेणीगंज में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक समशाद आलम के नेतृत्व में उत्पाद पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के डपरखा कोशी कलोनी चौक स्थित एक पान दुकान पर छापामारी की गई। छापामारी में कुछ आपत्तिजनक सामान नहीं मिलने के बाद भी पान दुकानदार को जबरदस्ती टीम पकड़ कर अपने साथ ले जाने लगी जिस दौरान उत्पाद पुलिस टीम को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। लोगों ने उत्पाद पुलिस टीम की गिरफ्त से जबरन दुकानदार को छुड़ा लिया। इस दौरान लोगों और उत्पाद पुलिस टीम के बीच जमकर कर झड़प हो गई। झड़प के बाद उत्पाद पुलिस टीम पीड़ित को छोड़ वहां से चले गए। जिसका विडियो सामने आया है। घटना को लेकर पीड़ित पान दुकानदार रमेश कुमार ने बताया कि अचानक त्रिवेणीगंज उत्पाद पुलिस टीम मेरे दुकान पर पहुंची और कहने लगे कि आप कोरेक्स कफ सीरप बेचते हैं इस पर हमने कहा कि ऐसा नहीं है आप सर्च कर लीजिए जिसके बाद पुलिस द्वारा दुकान की तलाशी ली गई तो दुकान से किसी प्रकार का कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। इसके बाबजूद पुलिस टीम दस हज़ार रूपए की मांग करने लगा,मना करने पर हमको जबरन गाड़ी पर बैठाकर ले जाने लगे जिसके बाद लोगों ने इसका विरोध किया और मुझे छुड़ाया। इस दौरान उत्पाद पुलिस द्वारा मेरे साथ मारपीट और गाली गलौज भी की गई। पीड़ित ने कहा कि छापामारी करने पहुंची पुलिस टीम हमसे बार बार रूपये की मांग कर रहे हैं इससे पहले भी कई बार मेरे दुकान पर छापामारी की गई है नहीं कुछ मिलने के बाद भी पुलिस जबरन हमसे रूपये की मांग करते हैं वहीं घटना को लेकर त्रिवेणीगंज मद्य निषेद थानाध्यक्ष विष्णुदेव यादव ने बताया कि हम सुपौल में कुछ कागजी काम के सिलसिले में आए हैं घटना के बारे में सुनने में आया है लेकिन पूछ रहे है तो संबंधित टीम घटना की जानकारी नहीं दे रहे है। प्रसारित



वीडियो के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि त्रिवेणीगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को भी घटना की जानकारी मिली हैं। बताया कि मामला यह था कि सूचना मिली थी कि वहां कोडीन कफ सीरप बेचता हैं लेकिन नहीं मिला।घटना की पूरी जानकारी ले रहे है। बहरहाल घटना का विडियो सामने आने के बाद फिर से एक बार पुलिस की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है और लोगों में इसको लेकर तरह तरह की चर्चाएं होने लगी है।

# लापता नगर पालिका सदस्य का सुराग नहीं, सदस्यों ने गृहमंत्री को संबोधित पत्र सीओ को दिया

स्वतंत्र प्रभात

पूरनपुर। रहस्यमय ढंग से लापता हुई नगर पालिका की सदस्य का अब तक सुराग नहीं लग सका है। साथी सदस्यों ने शनिवार को गृहमंत्री को संबोधित पत्र सीओ को देकर सदस्य को बोर्ड के समक्ष पेश कराने, जांच कराकर दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। मोहल्ला गणेशगंज चतुर्थ की नगर पालिका सदस्य फरजाना बी छह जुलाई को घर से रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। परिजन ने उनकी तलाश रिश्तेदारियों में की। सुराग न लगने पर फरजाना के भाई ने पुलिस को सूचना दी। फरजाना बी ने अपना एक वीडियो भी वायरल किया। जिसमें परिजनों से परेशान होकर घर से जाने का हवाला दिया।




उनके मोबाइल फोन की आखिरी लोकेशन घटना के दिन शाम को नगर से सटे गांव नरायनपुर में मिली। उन्हें खोजने की मांग को लेकर पालिका सदस्य नुसरत परवीन, सौरभ सक्सेना, उदित सिंह, नेहा आदि ने गृहमंत्री को संबोधित पत्र सीओ को सौंपा। पत्र में एक दूधिया पर शक जताया गया है।

